कुछ लोग इस प्रकार की भी आपत्ति उठाने की भूल कर सकते हैं कि विद्याधरमुनि का आकाशमार्ग में चलना, हाथी का आसमान में उडना और फिर वहीं से अदृष्टपार सरोवर में गिरना, गन्धर्वक का विमान द्वारा आकाश में चलना, तिलकमंजरी का भी विमान द्वारा गगनयात्रा करना, तोते द्वारा पत्र को ले जाना और ले आना आदि कुछ ऐसी घटनायें हैं जो अभिनेयता में बाधा डाल सकती हैं। लेकिन इस सम्बन्ध में मेरा निवेदन यह है कि नाटकीय रंगमंच पर ये घटनायें अभिनेयता में भले ही बाधा पहुँचायें किन्तु जहाँ तक सिनेमा स्टेज पर इनके फिल्मांकन की बात है, मेरा विश्वास है कि उसमें कोई भी बाधा नहीं पड सकती है। क्योंकि आज बिजली और कैमरा का जमाना है। चलती-फिरती और बोलती हुई छायाओं का युग है। आज का फिल्मकार उपन्यासकार की प्रत्येक रसमयी घटना का फिल्मांकन करने की क्षमता रखता है। सम्पूर्णरामायण, महाभारत, हरिदर्शन, हाथी मेरे साथी गाय और गोरी नामक फिल्में उनकी इस क्षमता का ज्वलन्त प्रमाण हैं। जिन्होंने इन फिल्मों को देखा है, मैं समझता हूँ कि उन्हें तिलकमञ्जरी-कथा के फिल्मीकरण के विषय में इस प्रकार की आशंकायें परेशान नहीं करेंगी।

अब बात उठ सकती है आकाश में उडने की स्वाभाविकता और अस्वाभाविकता को लेकर। यह मैं भी मानता हूँ कि बिना किसी यन्त्र की सहायता के साधारण मनुष्य का आकाश में उडकर चलना असम्भव है। पर तिलकमञ्जरीकथा में जो भी पात्र आकाश में चलते हुए दिखाए गए हैं वे या तो विद्याधर हैं (जो अपनी कल्याणप्रद मन्त्र-विद्याओं के बल से देवकोटि में ही गिने जाते हैं) या फिर सिद्ध योगी हैं। इन लोगों के लिए आकाश में विहार करना बिल्कुल बाए हाथ के खेल की तरह ही होता है। अत अस्वाभाविकता की आशंका जरा भी नहीं करनी चाहिए।

इस संदर्भ में लगे हाथ मैं यह भी कह देना चाहता हूँ कि फिल्म में भावुकता लाने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण प्रसगों में गीतों का समावेश अवश्य ही करना होगा। हरिवाहन के जन्मोत्सव, जिनेन्द्र अभिषेकोत्सव, काची के वसन्तोत्सव, मलयसुन्दरी की विरह-दशा, हरिवाहन की निराशा और तिलकमञ्जरी के पश्चात्ताप आदि विषयों को लेकर सम्बन्धित पात्र द्वारा काफी सरस गीतों को गवाया जा सकता है।

इस प्रकार निष्पक्ष मीमांसा करने के पश्चात् मैं इस तथ्य पर पहुँचा हूँ कि सिनेमा स्टेज के लिए **तिलकमञ्जरीकथा** का फिल्मांकन बड़े शानदार ढंग से किया जा सकता है। मेरा विश्वास है कि हरिवाहन को विद्याधरों के देश में घूमता हुआ देखकर दर्शकों को अवश्य ही अनिर्वचनीय आनन्द की अनुभूति होगी, और वे हरिवाहन और तिलकमंजरी तथा समरकेतु और मलयसुन्दरी जैसे आदर्श दम्पतियों को कभी न भूल सकेंगे।

वास्तव में धनपाल ने अपने इस उपन्यास के लिए जो कथावस्तु चुनी है, वह शुद्ध रूप में भारतीय संस्कृति और सभ्यता की प्रतीक है। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि उन्हें दाम्पत्य प्रेम की पवित्रता एवं दृढ़ता की समर्थ एवं स्वाभाविक अभिव्यक्ति देने में अद्वितीय सफलता मिली है। '**सतो च योषित् प्रकृतिश्च निर्मला पुमांसमभ्येति भवान्तरेष्वपि**' कहकर महाकवि माघ तो चले गए, किन्तु उनकी इस सूक्ति-सुधा में आस्वाद भरने का काम धनपाल ने '**तिलकमञ्जरीकथा**' को लिखकर पूरा किया। मैं तो कहता हूँ कि भारतीय संस्कृति के इस पवित्र दाम्पत्य-पक्ष के पोषण के लिए **तिलकमञ्जरीकथा** का फिल्मीकरण पर्याप्त उपयोगी ही नहीं, बल्कि नितान्त आवश्यक भी है।*

---

* यह शोधलेख मेरठविश्वविद्यालय-संस्कृतशोधपत्रिका, १९७६।१ में प्रकाशित है।

मूलशङ्कर याज्ञिक :
एक राष्ट्रिय संस्कृत नाटककार

अति संक्षिप्त परिचय

श्री मूलशंकर याज्ञिक का जन्म ईसवीय सन् १८८६ में ३१ जनवरी को गुजरात प्रान्त के खेडा जनपद स्थित नडियाद नामक ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री माणिकलाल तथा माता का नाम अतिलक्ष्मी था। अपनी प्रारम्भिक शिक्षा जन्मस्थान नडियाद में प्राप्त करने के उपरान्त उन्होंने महर्षि अरविन्दघोष के प्राचार्यत्व में बडौदा में उच्च शिक्षा प्राप्त करके सर्वप्रथम बम्बई के इण्डिया स्पी० सी० बैंक में सेवाकार्य प्रारम्भ किया। तत्पश्चात् इन्दौर, भडौच आदि अनेक स्थानों एवं पदों पर कार्य करने के उपरान्त १९२४ ई० में वह सिनोर में शिक्षक के रूप में सेवारत हुए। कुछ समय बाद बडौदा के तत्कालीन महाराज सयाजीराव गायकवाड के आमन्त्रण पर वह राजकीय संस्कृत कालेज बडौदा के प्राचार्य बने तथा सोलह वर्ष तक इस पद पर कार्यरत रहे। १३ नवम्बर १९६५ ई० में नडियाद में ही उनका देहान्त हो गया।

नाट्यकृतियाँ

श्री याज्ञिक ने संस्कृत में तीन नाट्यकृतियों की सर्जना की है। इनके नाम हैं (क) संयोगितास्वयंवरम् (ख) छत्रपतिसाम्राज्यम् तथा (ग) प्रताप विजयम्। इन नाटकों का अति संक्षिप्त प्रतिपाद्य इस प्रकार है—

संयोगितास्वयंवरम्

यह नाटक महाकवि चन्दवरदाई रचित 'पृथ्वीराज रासो' पर आधृत है। इसमें भारतवर्ष के अन्तिम हिन्दू सम्राट् पृथ्वीराज चौहान द्वारा कन्नौजनरेश जयचन्द की पुत्री संयोगिता के अपहरण की कथा का सात अंकों में रोचक वर्णन किया गया है। इसका प्रकाशन १९२८ ई० में हो चुका है।

छत्रपतिसाम्राज्यम्

श्री दीक्षित की यह द्वितीय नाट्यकृति है। इसमें छत्रपति महाराज शिवाजी के शौर्यपूर्ण कार्यों एवं बीजापुर तथा औरंगजेब के विरुद्ध उनके सतत संघर्ष तथा अन्ततः हिन्दू साम्राज्य स्थापना का वर्णन दस अंकों में किया गया है। इसका प्रथम प्रकाशन सन् १९२९ ई० में हुआ था। अब तक इसके चार संस्करण निकल चुके हैं।

प्रतापविजयम्

श्री दीक्षित की इस तृतीय नाट्यकृति में नौ अंक हैं। इसमें सिसोदिया कुलभूषण महाराणा प्रताप तथा सम्राट् अकबर के मध्य हुए संघर्ष का देश-भक्तिपरक एवं मर्मस्पर्शी वर्णन है। इसका प्रकाशन सन् १९३१ ई० में हुआ था।

राष्ट्र एवं राष्ट्रियभावना

'राष्ट्र' पद 'राजृ-दीप्तौ' धातु से बनता है।[1] इसके अनुसार राष्ट्र शब्द का अर्थ होगा सम्प्रभुतासम्पन्न देश। धरती मानव की परिरक्षिका है, इसी भावना से राष्ट्र के अस्तित्व का उदय हुआ है।[2] व्यक्ति के अस्तित्व की अपेक्षा राष्ट्र के अस्तित्व को गुरुता प्राप्त हुई है और 'व्यक्तिगत स्वार्थों का परित्याग करके राष्ट्रिय हित में अपनी सामूहिक उन्नति की भावना का विकास हुआ है।'[3] सरल शब्दों में हम कह सकते हैं कि अपने राष्ट्र की रक्षा एवं प्रगति के कार्यों के लिए पारस्परिक मतभेदों को भूलकर एक होकर रहने की हार्दिक एवं क्रियात्मक भावना ही राष्ट्रिय भावना है।

राष्ट्रियता की इस भावना के दर्शन हमें वेदों से ही दृष्टिगत होने लगते हैं। 'मैं पृथ्वी माता का पुत्र हूँ'[4] यह वाक्य इसी भावना का प्रथम चरण है। यजुर्वेद में उपलब्ध समग्र राष्ट्र के उत्थान की कामना भी एक उदात्त राष्ट्रिय भावना की ही परिचायिका है।[5] संस्कृत भाषा का लौकिक साहित्य

---

१ 'राजते इति राष्ट्रम्' —शब्दकल्पद्रुम, चतुर्थखण्ड, पृष्ठ सं० १२८

२ द्रष्टव्य, दिनकर के काव्य में राष्ट्रिय भावना पृ० सं० ४

३ वही पृ० सं० ४-८

४ 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' —अथर्ववेद, १२।१।१२

५ ओं आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम् आ राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव-

भी राष्ट्रियता की भावना से अछूता नहीं है। वाल्मीकीय रामायण के प्रमुख पात्र मर्यादा पुरुषोत्तम राम का दृष्टि मे सुसम्पन्न विदेश की तुलना मे जन्म-भूमि, चाहे वह कितनी ही दीन हीन क्यो न हो, श्रेष्ठ है।[६] कविकुलचूडा-मणि कालिदास को तो आचार्य बलदेव उपाध्याय ने समग्रभारत का उपासक ही कह दिया है।[७]

हमारे आलोच्य श्री मूलशकर याज्ञिक की भी दो सस्कृतनाट्यकृतियाँ एक अदम्य राष्ट्रिय भावना से ओतप्रोत हैं। उनमे समग्र राष्ट्र के हित की दृष्टि से देशभक्ति का अतिभव्य एव रोमाञ्चक भाव पाया जाता है। अपनी धरती पर अपने ही राज्य की परिकल्पना और उसकी सर्वथा रक्षा-सुरक्षा करने की भावना, राष्ट्र के शासको एव नागरिको के कर्त्तव्य, अनुशासन आदि विविध राष्ट्रिय विचारो का उसमे वणन मिलता है। प्रस्तुत लेख मे इन सब का सोदाहरण विश्लेषण उपस्थित किया जाएगा।

स्वतन्त्रता की भावना

राष्ट्रियता अपने अधिकार के लिए स्वायत्तशासन की कामना करती है।[८] क्योंकि स्वतन्त्रता मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है।[९] श्री याज्ञिक की तीन सस्कृत नाट्यकृतियों मे प्रथम कृति 'सयोगितास्वयवर' शृगाररस प्रधान है।

व्योऽतिव्याधी महारथो जायताम्, दोग्ध्री धेनुर्वोढाऽनड्वानाशु सप्ति पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठा सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम् निकामे निकामे न पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधय पच्यन्ता योगक्षेमो न कल्पताम्।

—यजुर्वेद, २२।२२

६ अपि स्वर्णमयी लका न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥

—वाल्मीकिरामायण

७ सस्कृत साहित्य का इतिहास, पृ० सख्या १६८

८ हेराल्ड लास्की, ग्रामर ऑफ पॉलिटिक्स, पृ० स० १८०

९ लोकमान्य तिलक (भारत का राष्ट्रिय आन्दोलन तथा भारतीय सविधान) – लेखक के० श्रीवास्तव, पृ० स० १२७

इसका मुख्य विषय नायक को नायिका की प्राप्ति है। अत स्वतन्त्रता की भावना जैसे विषय पर विचार नहीं के बराबर हुआ है, किन्तु अन्य दो नाट्य-रचनायें अदम्य राष्ट्रभावना के विचारों से परिपूर्ण हैं।

पहले हम उनके 'छत्रपतिसाम्राज्य' को लेंगे। इसका मुख्य विषय ही स्वतन्त्र साम्राज्य की स्थापना करना है। इस नाटक मे शिवाजी, एसाजी नानाजी, राजमाता आदि पात्रो के माध्यम से राष्ट्रिय भावना की अच्छी अभिव्यक्ति हुई है है। शिवाजी इस नाट्यकृति के नायक हैं। चूकि उनका मुख्य कार्य ही स्वतन्त्र साम्राज्य की स्थापना करना है, अत नाटक की प्रस्तावना मे ही उन्हें 'स्वातन्त्र्यभावनया समिद्ध' तथा 'स्वराज्यसंस्थापनानिश्चितव्रत' कहकर नाटककार ने उनकी स्वातन्त्र्यनिष्ठा का परिचय दिया है।[१०] मातृ-भूमि को अत्याचारी शासकों से मुक्त कराने के लिए वह स्वतन्त्र साम्राज्य की स्थापना को ही एक मात्र विकल्प समझते हैं,[११] अपने लक्ष्य के प्रति वह सदा तत्पर है। यद्यपि उनके पास सेना आदि का अभाव है, परन्तु इसकी उन्हें बिल्कुल भी चिन्ता नहीं है। वह वनवासी मावलो की सहायता से ही शत्रु को परास्त करना चाहते हैं।[१२] शिवाजी को इस बात का महान् दु ख है कि यवनों के शासन मे लोग अत्यन्त दु खी हैं, वेदज्ञ विद्वानो का समुचित आदर नहीं होता, तथापि भारतीय क्षत्रिय परतन्त्रता को सह रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों मे परतन्त्रता में जीवन-यापन करने वाले क्षत्रियो को शिवाजी धिक्कारते हैं।[१३] गुरुजनो की भी इस पावनकार्य के लिए सहमति मिल जाने पर वह इसे कल पर नही छोडना चाहते। अत शीघ्र ही बीजापुर से सह्याद्रि दुर्गों को अपने अधिकार मे कर लेना चाहते हैं।[१४] उनकी दृष्टि मे स्वतन्त्रता प्राप्त करना ही श्रेष्ठ लक्ष्य है। इसके लिए वह युद्ध मे मान, धन, ऐश्वर्य,

---

१० छत्रपतिसाम्राज्य, १।४

११ उद्धतुमना परिपीडिता भुव धर्मच्युतैरुन्मदराजसघै ।
साम्राज्यसंस्थापनमन्तरेण न वर्ततेऽन्ययाक्री प्रतिक्रिया ॥

—वही, १।८

१२ वही, १।१४

१३ वही, १।१५

१४ वही, १।१५ मे आगे

मित्र, पत्नी तथा स्वय अपने जीवन को भी त्यागने को तैयार हैं।[१५] शिवाजी को देश की स्वतन्त्रता इतनी प्रिय है कि इसके अभाव मे वह सर्वस्व त्यागकर वनवास ग्रहण करने तक की बात सोचने लगते हैं।[१६]

अफ़ज़ल खाँ से मिलने जाते समय शिवाजी को अपने भावी जीवन के प्रति भी सन्देह है। परन्तु वह नही चाहते कि उनके जीवन का अन्त हो जाने पर स्वराज्य-स्थापना का व्रत अधूरा रह जाए। इसके लिए वह अपनी माँ से इस कार्य को आगे चलाने की प्रार्थना करते हैं।[१७] उनके सभी सहयोगी उन के इस व्रत के लिए पूर्ण रूप से सहमत हैं तथा प्राणार्पणपर्यन्त इस कार्य को पूरा करने के लिए कटिबद्ध है।[१८]

राजमाता (शिवाजी की माता, जीजाबाई) वीर जननी तथा वीर क्षत्राणी महिला हैं। शिवाजी से समय-समय पर राजनैतिक गतिविधियों पर चर्चा करना[१९] तथा शिवाजी की अनुपस्थिति मे स्वय उनके कार्य को आगे बढाना[२०] उनके प्रबल स्वतन्त्रता-प्रेम को सिद्ध करते हैं।

प्रतापविजय नामक नाट्यकृति तो स्वातन्त्र्य-भावना की बहती हुई एक सरिता ही है। इसमे श्री याज्ञिक ने महाराणा प्रताप, उनके मन्त्री, अमात्य निषादपति, महिषी, राजपुत्री, कवीश्वर आदि पात्रो के माध्यम से अपनी राष्ट्रभावना को भलीभाँति प्रस्तुत किया है।

मुगल सम्राट् का सेनापति मानसिंह सभी राजाओ को अधीन बनाकर अन्त मे अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रताप के पास आता है, परन्तु

---

१५ मान धन राजविलासभोगान् मित्राणि दारानपि जीवित च।
हुत्वा रिपूज्ज्वालितहव्यवाहने सस्थापयिष्ये मम धर्मराज्यम्॥

वही १।२१

१६ वही, २।२ से आगे

१७ परन्तु कदाचिद्दैवतोऽत्र विपरीतमापाद्यते तदानी त्वयाधिष्ठितेनोमाजीराजेन प्रवतनीय स्वराज्यस्थापनोद्योग इत्येषा ममाभ्यर्थना॥

—वही, ४।१७ से आगे

१८ वही, १।२२

१९ वही, ३।३ मे आगे तथा ४।१० से आगे

२० वही, नवम अक का प्रारम्भ

प्रताप किसी भी प्रकार की पराधीनता को स्वीकार करना अपने कुलाभिमान के प्रतिकूल मानते हैं।[२१] मानसिंह उनसे मुगलो की अधीनता स्वीकार कर लेने को कहता है, परन्तु वह इसके उत्तर मे कहते है कि अर्थ और काम से जिसका विक्रम अपहृत नहीं हो सकता, ऐसे क्षत्रियोचित गुणो से युक्त तेजस्वी व्यक्ति चाहे प्राणान्तक कष्ट मे क्यो न हो, किन्तु पराधीनता स्वीकार नही कर सकता।[२२]

मानसिंह पुन उन्हे मुगल सम्राट् से मित्रता करने का परामर्श देता है, किन्तु प्रताप इसे अन्धकार के साथ सूर्य की मैत्री के समान असम्भव कहते हैं।[२३] राष्ट्रिय स्वाभिमान के भाववश होकर प्रताप मानसिंह के साथ भोजन मे नही बैठते। फलस्वरूप मानसिंह प्रताप से क्रुद्ध हो जाता है तथा उनके राज्य की भावी स्वाधीनता को मुगलो के अनुग्रहो के बिना अनिश्चित कहता है, परन्तु प्रताप इसकी परवाह नही करते हैं। उनकी दृढ आस्था है कि चाहे उनका राष्ट्र और कुल विनाश को प्राप्त हो जाए और उनका शरीर भी सहस्र भागो मे विदीर्ण हो जाए तब भी वह स्वतन्त्रता को ही पसन्द करेंगे।[२४] क्यो कि उनकी दृष्टि मे स्वतन्त्रता के अभाव मे इन्द्र के समान वैभव भी क्लेशकारक है और स्वतन्त्रता पूर्वक वनचरो के साथ रहना भी उचित है।[२५]

---

२१ त्रिभुवनविततोज्ज्वलप्रतापे दशवदनारियश प्रभादीप्ते।
विमलदिनकरान्वये प्रसूतो नहि सहते परशासन प्रताप ॥
—प्रतापविजय १।५

२२ तेजस्विन क्षत्रगुणे प्रतिष्ठिता न चार्थकामापहृतात्मविक्रमा।
प्राणान्तकष्टेष्वप्यचला दृढव्रता नैवाद्रियन्तेऽन्यनरेन्द्रशासनम् ॥
— वही, १।१०

२३ वही, १।१२

२४ प्राप्नोतु राष्ट्र त्वचिराद्विनाश कुल समग्र लयमतु सद्य।
सहस्रधाशु प्रविदीयता वपु स्वातन्त्र्यमेक शरण वर मे ॥
—वही, १।२१

२५ स्वातन्त्र्यसम्भृत त्रिविष्टपमुग्र क्लेशाय मे केवलम्।
तस्मिन्नेव सुरक्षित वनचरै वासोऽपि तोषावह ॥
—वही, १।२२

अपनी स्वतन्त्रता को सुरक्षित रखने के लिए वह वस्तुत वन मे चले भी जाते है और वही रहकर वह स्वतन्त्रता की साधना करते हैं। एक दिन मुगल दरबार मे जब यह सूचना मिलती है कि प्रताप अधीनता स्वीकार करने को तैयार है, तो अकबर का दरबारी सामन्त पृथ्वीराज बड़े विश्वास के साथ कहता है कि चाहे प्रताप कितनी ही विषम परिस्थिति मे क्यो न हो, यदि एक बार भी वह आपको सम्राट् स्वीकार कर ले तो यह गगा के उल्टे क्रम म बहने तथा सूर्य के विपरीत दिशा मे उदय होने के समान होगा।[२६] हम समझते है कि प्रताप के स्वतन्त्रता-प्रेम का यह एक ज्वलन्त प्रमाण है कि उनके शत्रु के समक्ष ही उनका एक शत्रुपक्षीय व्यक्ति इस भावना की मुक्तिकण्ठ से प्रशसा कर रहा है।

प्रताप के अनुरूप ही उनकी रानी की भी स्वातन्त्र्यनिष्ठा सर्वथा स्तुत्य है। प्रताप अपने वन मे जाने के निर्णय से उनको अवगत कराते हैं और समझते है कि रानी को सम्भवत इस निणय से आत्मिक क्लेश होगा। परन्तु रानी की धारणा है कि मनुष्य की तो बात ही क्या, पक्षी (तोता) भी परतन्त्र रहना पसन्द नही करता, चाहे उसे स्वर्ण-पञ्जर म रखकर कितने ही स्नेह से क्यो न पाला जाए।[२७] वास्तव मे वह प्रताप के साथ वन म भी नन्दनवन के सुख के समान सुख का अनुभव करती हैं। किन्तु उसके कष्टो को देखकर प्रताप को अत्यन्त दु ख होता है, लेकिन रानी के मन मे परतन्त्र रहने से वन मे रहना श्रेयस्कर है और प्रताप जैसे देशभक्त वीरपुरुष की सहधर्मिणी बनने पर उन्हे गर्व है।[२८]

---

२६ विषमगुणगतोऽप्यय यदि त्वां सकृदधिराजमुदाहरेज्जय ।
गुरुसरिदवश वहेत्प्रतीप तपनकरोऽप्युदीयात्तदा प्रतीच्याम् ॥
—वही, ६।८

२७ मातारसं स्वादुफलं सुपोषित स्नेहेन राजन्यकुलोपलालित ।
शुकोऽपि चामीकरपञ्जराश्रित न पारतन्त्र्य बहु मन्यते खग ॥
—वही, ४।१४

२८ स्वामिन्वीर पतिमारमतुल्य प्रपद्य जाता सफला जनिर्मे ।
न बाधते मां विपिनाधिवासो यथा परायत्तपरिग्रहत्वम् ॥
—वही, ८।१

इसी प्रकार राजपुत्री जो अकबर के सामन्त पृथ्वीराज की बहिन है, का भी स्वतन्त्रता-प्रेम अपने आप मे अनूठा ही है। वह परतन्त्रता मे रहने के कारण अपने भाई के साथ नही रहती तथा प्रताप के परिवार के साथ वन मे जाने को तत्पर हो जाती है। रानी द्वारा उसे वन मे जाने से रोके जाने पर वह स्वतन्त्रता को क्षत्रियकन्याओ का नैसर्गिक गुण बताती है तथा सदा वन मे ही रहती है।

निषादपति का निरपेक्ष भाव से वन मे प्रताप के साथ रहकर उनकी सेवा करना[३०] तथा कवीश्वर का भी वन मे आ जाना[३१] इन दोनो की स्वतन्त्रताप्रिय मनोवृत्ति का सूचक है। इन सब के अतिरिक्त प्रताप के प्रस्ताव का सहर्ष समर्थन करना[३२] तथा सदा उनके साथ रहना उनकी निस्सन्देह प्रबल स्वातन्त्र्य-भावना का ही परिचायक है।

शासक और शासित, दोनो का प्रबल स्वतन्त्रता-प्रेम ही किसी राष्ट्र की *स्वतन्त्रता को सुरक्षित रख सकता है। यह सत्य है कि इसके लिए उनको अनेक* विपत्तियो का सामना करना पड सकता है, किन्तु सच्चे राष्ट्रप्रेमी, वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप तथा छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह इनमे न तो भीत होते हैं और न कर्त्तव्यविमुख ही। ऐसे लोग प्रत्येक परिस्थिति मे अपने देश किंवा अपने राष्ट्र की आजादी के लिए सतत संघर्ष करते रहते हैं। इसी तथ्य को श्री याज्ञिक ने अपनी नाट्यकृतियो मे बडी ही सफलता के साथ प्रस्तुत किया है।

स्पष्ट है कि ऊपर उद्धृत प्रसगो मे नाटककार ने आत्मनिष्ठ उदात्त स्वातन्त्र्य प्रेम का परिचय दिया है। वह 'जीओ और जीने दो' के सिद्धान्त का पोषक है। वस्तुत यही एक ऐसा रास्ता है जो वर्तमान मे अन्ताराष्ट्रीय समस्याओ का भी समाधान कर सकता है।

---

२९ अम्ब ! निसर्गत एव स्वातन्त्र्यप्रिया सन्ति क्षत्रियकन्यका। तद् यवननृपकुलाङ्गनावधूता नटविटवृन्दविडम्बनावसन्ना नियमितसुखसङ्घराऽस्वतन्त्रा न जननि जीवितुमुत्सहे पुरेऽस्मिन् ॥ वही, ४।१६

३० वही, ४/१२ से आगे।

३१ वही, ५/१० से आगे।

३२ वही, १/२ से आगे।

देशप्रेम

राष्ट्रियता के अनेको तत्वो मे एक तत्व भूभाग भी है जिसके प्रति रागात्मक प्रेम स्वाभाविक रूप से हो जाया करता है।[33] अपनी जन्मभूमि के प्रति इसी रागात्मक प्रेम के कारण विभिन्न मतावलम्बी भी व्यक्ति अपने किसी भूखण्ड विशेष की रक्षा सम्मिलित होकर करते हैं। जन्मभूमि के वन, पर्वत, नगर, ग्राम सभी अवयवो के प्रति व्यक्तियो का यह प्रेम वस्तुत देश प्रेम का ही स्वरूप माना गया है।

'छत्रपतिसाम्राज्य' मे शिवाजी, एसाजी, जगन्नाथ पन्त आदि के माध्यम से श्री याज्ञिक ने देशप्रेम की अच्छी अभिव्यक्ति कराई है। देश की वतमान अधोगति से शिवाजी का दु खी होना,[34] अफजल खां द्वारा भवानी की प्रतिमा को खण्डित किये जाने के समाचार को सुनकर क्रोधित होना[35], जयसिंह के साथ सन्धिवार्ता हेतु जाते समय महाराष्ट्र के पर्वतीय भागो की प्रशसा करना,[36] सन्धि मे दुर्गों को शत्रुओ के हस्तगत करने की शर्त से दु खी होना[37] तथा समग्र भारतभूमि की सम्पन्नता की कामना करना[38] आदि सभी वृत्तान्त शिवाजी के उत्कृष्ट देशप्रेम को ही सूचित करते हैं।

शिवाजी के सहयोगी एसाजी भारत के प्राचीन गौरव का स्मरण करते हुए वर्तमान अधोगति को देखकर अत्यन्त दुखी होते हैं। उन्हे इस तथ्य से महान् क्लेश है कि जिन भारतीयो ने समस्त विश्व को धर्म और नीति के ज्ञान से समृद्ध किया वही भारतीय आज यवनो द्वारा मर्दित होकर नाममात्र को

---

३३ डॉ० विश्वनाथ प्रसाद वर्मा, राजनीति और दर्शन, पृष्ठ स २१७
३४ छत्रपतिसाम्राज्य, १/८
३५ वही, ४/८
३६ वही, ७।१ से आगे।
३७ वही, ७।२ से आगे
३८ मोदन्ता नितरा स्वकर्मनिरता पर्याप्तकामा प्रजा,
एधन्ता नयविक्रमाप्तयशसा लोकप्रिया पार्थिवा।
सस्यानां च समृद्धये जलमुच सिञ्चन्तु काले रसा
सप्ताङ्गप्रकृतिप्रकर्षमचिर राष्ट्र चिर वर्धताम्।

— वही, १०।१२

शेष रह गये हैं।[३९] संधिवार्ता के लिए जाते समय जगन्नाथ पन्त का भी अपनी जन्मभूमि (पर्वतीय भूमि) के प्रति प्रेम दर्शनीय है। उसकी दृष्टि मे लताकुञ्जों और घास आदि से ढके हुए ऊँचे-नीचे दुगम पर्वतीय मार्ग उपाय द्वारा दुर्गम रास्तो को लांघकर शत्रुओ को जीतने की शिक्षा देते हैं तथा पर्वत की ऊँची नीची गुफाए, तरुलताओ से सुशोभित वन और ऊँचे शैल-शिखरो से गिरते झरने—ये सभी दुर्ग के समान हमारे रक्षक हैं तथा शत्रुओ के लिए बाधास्वरूप है।[४०]

'प्रतापविजय'' मे भी नाटक के नायक प्रताप द्वारा समस्त प्रजा को वन मे चलने का आदेश दिये जाने पर, अपनी भूमि के भावी दुष्परिणाम को विचार कर उनके द्वारा प्रकट किया गया विषाद उनके राष्ट्रप्रेम का परिचय देता है। उन्हे चिन्ता है कि उनकी जो भूमि आज तक समृद्धसस्या है, वही लम्बे समय के लिए उनके वन मे चले जाने पर यवनो द्वारा अवमर्दित होकर अरण्यसदृश बन जाएगी।[४१]

नवम अंक के प्रारम्भ मे सेनानायको द्वारा मेवाड की पुन स्वतन्त्रता पर अपनी जन्मभूमि के लिए वीरजननी मेवाड मेदिनि' जैसे शब्द उनके देशानुराग के ही परिचायक है।

राष्ट्र के प्रति त्यागभावना

देशप्रेम का एक दूसरा पहलू राष्ट्र के प्रति त्याग की भावना भी है। यह भावना समष्टि मे स्व का अवतारन करने से उत्पन्न होती है। यही

---

३९ प्रवर्तित यैर्भुवनैकचक्रभूजस्वलैर्धमनयोपबृंहिते।
ते भारतीया यवनप्रमर्दिता नष्टप्रभा यान्त्यभिधानशेषताम ॥—वही १।५

४० वक्रा इमे तरलतास्तवकै सुगुप्ता निम्नोन्नता विकटशाद्वलशैलमार्गा।
आयाससाध्यकुटिलाश्मपाटवे न शिक्षाविशेषमसम वितरन्ति साक्षात्॥
उच्चावचाचलभुवो गिरिगह्वराणि नानालतातरुवराञ्चितकाननानि।
उत्तुङ्गशैलशिखरस्रुतनिर्झराणि दुर्गात्मना तव परस्य च मन्थितानि॥
—वही, ७।१-२

४१ कष्ट चिरायाचलवासनिश्चयान्मयोज्झितैव यवनावमर्दिता।
अरण्यभावेन समृद्धसस्या वसुन्धरा मे परिणस्यते ध्रुवम्।
—प्रतापविजय, ४।१०

कारण है कि राष्ट्रियता को रचना की आध्यात्मिक भावना भी कहा जाता है।[४२] यद्यपि राष्ट्रियता का अन्तिम उद्देश्य प्रत्येक 'स्व' का कल्याण है, तथापि यदि किसी व्यष्टिगत बलिदान से समष्टिगत जीवनों की रक्षा होती है, तब ऐसा बलिदान सहर्ष कर देना चाहिए, अन्यथा दूरगामी परिणाम अकल्पनीय रूप से भयङ्कर होता है। श्री याज्ञिक ने यह तथ्य अपनी संस्कृत नाट्य-कृतियों में भली-भाँति पल्लवित किया है।

'छत्रपति साम्राज्य' में शिवाजी तथा उनके सभी सहयोगी, जिनमें बाजी और तानाजी विशेष उल्लेखनीय हैं, इसी भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। महाराष्ट्र पर आक्रमण करने के इच्छुक शाइस्ता खाँ के महल में शिवाजी का घुस जाना,[४३] बाजी का शिवाजी की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाना,[४४] तथा तानाजी का अपने पुत्र के विवाह-कार्य को छोड़कर देश की रक्षा के लिए युद्ध में चले जाना[४५] आदि इसी भावना को सिद्ध करते हैं।

इसी प्रकार 'प्रतापविजय' में घायल स्वामी की रक्षा करते हुए झाला सामन्त का मृत्यु को वरण करना[४६] इसी श्रेणी का त्याग है। इस अवसर पर प्रताप द्वारा व्यक्त किये गये शब्द इसी त्याग भावना के महत्त्व का प्रतिपादन करते हैं, जो इस प्रकार है —

नियत अन्न-फलों का उपभोग करते हुए अपने उदर का भरण-पोषण करके मृत्यु को कौन प्राप्त नहीं होता? उसी व्यक्ति का जीवन वस्तुतः धन्य है, जिसने अपने राष्ट्र की सेवा करते हुए मृत्यु को प्राप्त करके अपने यश का विस्तार कर लिया।[४७]

---

४२ प्रा० के० आर० रामस्वामी, सरलराज्यविज्ञान, पृष्ठ सं० ११६

४३ छत्रपतिसाम्राज्य, सप्तमांक का विष्कम्भक।

४४ वही, ७।६ से आगे।

४५ वही, ११३ से आगे।

४६ प्रतापविजय, २।१ से आगे।

४७ जाता न के नियतसंमितान्नानि भुक्त्वा कान्ते विनाशमुदरं भरिणा व्रजन्ति।
धन्यः स एव निजराष्ट्रसपर्यया यो विस्तारयन्मुवि यशः निधनं प्रयाति॥
—वही, २।१०

राष्ट्र के प्रति साधु-संन्यासियों का धर्म

भारत में अनेक साधु संन्यासी अपनी अकर्मण्यता के कारण समाज के ऊपर भार बने हुए हैं। उनकी यह अकर्मण्यता परोक्ष में राष्ट्र के लिए घातक है। श्री याज्ञिक ने साधुओं की इस अकर्मण्यता का परोक्षरूप में विरोध करके सिद्ध किया है कि साधु-संन्यासी भी किसी न किसी रूप में राष्ट्रोत्थान में सहायता कर सकते हैं। शिवाजी के आध्यात्मिक गुरु स्वामी रामदास इन अकर्मण्य साधुओं के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। स्वामी जी स्वयं विरक्त साधु होते हुए भी राष्ट्र की स्वतन्त्रता के पावन कार्य में सहयोग देने के लिए मठों में अनेक युवकों को राष्ट्रियता का पाठ पढ़ाते हैं तथा शस्त्रास्त्र की शिक्षा देते हैं।[48]

राष्ट्र के प्रति शासकों का कर्तव्य

राष्ट्र की उन्नति प्रधान रूप में शासक-वर्ग की कर्तव्यपरायणता एवं उनके कार्यकौशल पर निर्भर करती है। इसके लिए शासकवर्ग का चरित्र अत्यन्त उच्च श्रेणी का होना चाहिए। उनके चरित्र की न्यूनता राष्ट्र को रसातल में पहुँचा सकती है। छत्रपतिसाम्राज्य में शिवाजी को माध्यम बनाकर श्री याज्ञिक ने इस तथ्य को स्पष्ट शब्दों में प्रस्तुत करते हुए लिखा है कि राजा के दुश्चरित्र होने पर मन्त्रिवर्ग विषयासक्त होकर अपने स्वच्छन्द आचरण से प्रजा को पीड़ित करने लगता है। फलस्वरूप विप्लव के भय से प्रजा अन्य राजा का आश्रय ले लेती है। इस प्रकार शनैः शनैः कोशक्षय तथा राष्ट्र का नाश हो जाता है।[49] अतः श्री याज्ञिक ने शासकों को परामर्श दिया है कि उन्हें जनहित को सर्वोपरि समझ कर धर्म और सदाचारपूर्वक शासन करना चाहिए।[50]

---

४८ वत्स, तव साहाय्यार्थं मया निर्मिते राष्ट्रभावभाविता अनेके युवकाः वर्तन्ते—

व्यायामयोगविद्यादृढतन्वा विद्याभ्यासरतदत्तशिक्षिताः ।
राष्ट्रैकलक्ष्या उत्साहनिर्भीका भवन्तु ते भाविनो महात्मा ॥

—छत्रपतिसाम्राज्य ५।४

४९. वही, १।६

५० धर्मात् सदाचारपरायणो नृप सर्वाः प्रजा नित्यमेव पालयेत् ॥

—वही, ५।४

यदि सूक्ष्मता से पर्यवलोकन किया जाय तो नागरिको का जीवन एक साध्य है और राष्ट्र की भूमि तथा समस्त शासनतन्त्र साधन जो अन्तत साध्य के लिए है। अत नागरिको की सम्पन्नता का अर्थ होगा राष्ट्र की सम्पन्नता। इस तथ्य को श्री याज्ञिक ने अपनी नाट्यकृतियो मे उनके नायको के मुख से यत्र-तत्र प्रकट भी किया है।[५१]

शासक मे त्वरित निणय लेने की भी सामर्थ्य होनी चाहिए, ताकि आपत्तियो मे वह शीघ्र उनका सामना कर सकें। शिवाजी ऐसे ही शासक हैं, तभी तो वह मुगलों के कारागार मे फसकर अपने आप को तथा अपने साथियो को मुक्त कराने मे सफल हो पाते हैं।[५२]

यह एक ध्रुव सत्य है कि सत्ताधारी की यदाकदा आलोचना भी हो जाती है। रामराज्य भी आलोचना से अछूता नही रहा। पर इससे सत्ताधारी को विचलित नही होना चाहिए, अपितु शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। आलोचनाए तो व्यक्ति का मार्ग प्रशस्त करती हैं। श्री याज्ञिक सम्राट् अकबर के माध्यम से यही तथ्य प्रकट करना चाहते हैं। अकबर की रानी प्रताप के प्र ति आक्रोश व्यक्त करती है, क्योकि वह मुगलो से घृणा करते हैं। अकबर उसे समझाते हुए कहता है कि समुन्नतो से सभी असूया करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नही कि समुन्नत अपनी गरिमा का परित्याग कर दें और वे भी असूया करने लग जाए।[५३] जयचन्द भी अपनी आलोचना से रुष्ट नही होता, जबकि चन्द कवि उसके समक्ष ही उसे राजसूय यज्ञ करने के सर्वथा अयोग्य ठहराता है।[५४]

---

५१ अ—प्रकृतिनिबन्धनैव राष्ट्रसमृद्धि।

—वही, ६।४ से आगे।

अ – पौरजनानुरागायत्ता हि राष्ट्रसम्पद।

—प्रतापविजय ४।७ से आगे

५२ छत्रपतिसाम्राज्य, ८।८ से आगे

५३ प्रिये सर्वेऽप्यसूयन्ति समुन्नतेभ्यो ज्ञातय। तत्त्वया समुन्नत प्राप्य पद महौजसामुपेक्षणीयाऽल्पजनापवाद। किं चण्डवातेन पयोधराश्रिता सौदामिनी स्वां लभते तिरस्क्रियाम् ?,' —प्रतापविजय ६।६

५४ सयोगितास्वयवर, ४।१ से आगे।

श्री याज्ञिक की प्रेरणा है कि शासक को सतत क्रियाशील होना चाहिए। सदा अपने कर्त्तव्य का पालन करते रहना चाहिए। उसे न चाहते हुए भी सूर्य के समान एक दिशा से दूसरी दिशा को निरन्तर चलते रहना चाहिए। उसे स्थिर नहीं बनना चाहिए।[५५]

राष्ट्र मे चरित्रबल एव सामयिकता का महत्त्व

श्री याज्ञिक की धारणा है कि राष्ट्र मे चरित्रबल एव सामयिकता का विशेष महत्त्व है। इसके अभाव मे कर्तव्यच्युति की सम्भावना रहती है। अत शासक और प्रजा दोनो से ही चरित्रबल एव सामयिकता की अपेक्षा की जाती है। छत्रपति साम्राज्य मे शिवाजी का चरित्र अत्युज्ज्वल है। उनके इस चरित्र का परिचय हमें तृतीय अक मे मिलता है। वहाँ आबाजी कल्याणविजय से लौटते हैं और कल्याण के शासक की अप्रतिम सुन्दरी पुत्रवधू को भी बन्दी बना कर ले आते हैं। वह समझते हैं कि इसे पाकर शिवाजी अत्यन्त प्रसन्न होंगे। परन्तु होता है इसके सर्वथा विपरीत ही। यहाँ उनकी प्रतिक्रिया विशेषरूप से द्रष्टव्य है। वह इस कार्य को अत्यन्त निन्दनीय बताते हैं तथा घोषणा कराते हैं कि उनके राज्य मे पराई स्त्रिया सभी के लिए बेटियाँ जैसी है।[५६]

यहाँ आबाजी एक दुर्बलचरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वस्तुत ऐसे ही भारतीय भारत की पराधीनता के कारण बने हैं, इस तथ्य को नाटककार न प्रथम अक म बाजी के माध्यम से प्रकट भी किया है।[५७]

'प्रतापविजय' के चरितनायक प्रताप भी एक आदर्श चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह युद्ध मे सदैव अपने सैनिको को शत्रुस्त्रियो के साथ सद्व्यवहार करने का आदेश देते हैं,[५८] जबकि मुगल सेनापति सदा विषय-

---

५५ अनिच्छिनोऽप्यस्ति दिशा दिगन्तर दिनेशवच्चत्रमण न च स्थिति।
—वही, ३।१४

५६ शिवराज —(सरोषम्) अरे किमिद त्वयाऽनार्यमनुष्ठितम्?
(मन्त्रिण प्रति) तद् घुष्यता तारस्वरेणास्मद्घ्मराज्ये यच्छिवराजस्य तद्भृत्याना च दुहितृनिर्विशेष परस्त्रिय।
—छत्रपतिसाम्राज्य, ३।५ से आगे,

५७ वही, १।६

५८ प्रतापविजय, ४।२ से आगे।

वासनाओ म लिप्त रहते हैं। दो मुगल राजपुरुषो ने स्वय इसी को अपनी पराजय का कारण स्वीकार किया है। उन्हे इस तथ्य से खेद है कि मदिरापान से रतनारी आखो वाले, मृदग एव वीणा के तालो और स्वरो मे मस्त रहने वाले तथा वाराङ्गनाओ द्वारा दिए गए आलिगनो से अपनी सुध बुध खोए रहने वाले मुगल सेनापति अपना समय बरबाद करते रहते है।[५९]

श्री याज्ञिक इस तथ्य से भी परिचित है कि राष्ट्र की उन्नति मे समय के मूल्य को जानना और तदनुकूल तुरन्त आचरण करना अपना विशिष्ट महत्त्व रखता है। क्योकि तभी तो उनके राष्ट्रिय पात्रो मे हमे इस भावना के भी दर्शन हुए हैं। कहना न होगा कि उनके छत्रपतिसाम्राज्य मे गुरुजनो के सहमत हो जाने पर शीघ्र ही सह्याद्रि दुर्गों को अधिकृत करने का प्रयत्न,[६०] तोरणा दुर्ग की अनायास प्राप्ति पर तुरन्त चाकण, कोण्डने आदि दुर्गो की विजय के लिए सेना भेजना,[६१] शस्त्रशास्त्र खरीदने पर अविलम्ब कल्याण-विजय के लिए सेना को प्रयाण करने की आज्ञा देना,[६२] मुगलो के कारागार से पलायन के बाद स्वदेश पहुचने पर बिना समय नष्ट किये सम्पूर्ण महाराष्ट्र को अधिकार मे करने हेतु सफल प्रयत्न करना[६३] आदि शिवाजी के कार्यकलाप सामयिक कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हैं।

प्रतापविजय मे अमात्य द्वारा मेवाड की पुन स्वतन्त्रता हेतु शीघ्र ही सना भेज देन पर प्रताप उसके इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशसा करते है। परन्तु अमात्य इस कार्य को अति सहज एव स्वाभाविक बनाता है। वह कहता है कि शासन के कार्यो मे समयच्युति के समान अन्य कोई दूसरा अनथ का कारण नही है।[६४]

---

५९ कादम्बरीपानविघूर्णलोचना मृदङ्गवीणास्वरतालरञ्जिता ।
वाराङ्गनाश्लिष्टविलुप्तचेतना विलासयोगे क्षपयन्ति कालम् ॥
—वही, ६।३

६० छत्रपतिसाम्राज्य, १।५ से आगे ।

६१ वही, १।२८ से आगे ।

६२ वही, २।१० से आगे ।

६३ वही, ६।१ से आगे ।

६४ देव राजकार्येषु नास्ति समयच्युतिरिवान्यदनर्थकारणम ।
प्रतापविजय, ८।७ से आगे ।

संकीर्ण साम्प्रदायिकता राष्ट्रिय हित मे बाधक

साम्प्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रिय एकता के मार्ग मे सबसे बडी बाधा है, *ऐसा अनुभव करके श्री याज्ञिक ने अपनी कृतियो मे 'सर्वधर्मसमभाव' का प्रबल* समर्थन किया है । उनके छत्रपतिसाम्राज्य मे बीजापुर के सात सौ गान्धार सैनिक शिवाजी की सेवा मे आना चाहते हैं । शिवाजी अपने मन्त्री से इस विषय पर परामर्श करते हैं कि उनके यवन होने के कारण उनको स्वीकार किया जाए या नही । मन्त्री सलाह देता है कि विधर्मी समझकर किसी का परित्याग नही करना चाहिए । राजा को तो अपनी नानाधर्मावलम्बी प्रजा का समभाव से ही पालन करना चाहिए ।[६५]

हम देखते हैं कि शिवाजी की शत्रुता केवल यवनो (सम्प्रदाय-विशेष) से नही है । अत्याचारी शासक चाहे वह हिन्दू हो या यवन, सभी को वह अपना शत्रु समझते हैं । उनकी धारणा है कि केवल यवन शासक ही दोषी नहीं *हैं, अपितु राष्ट्रद्रोही क्षत्रिय नरेश भी उन्ही के समानधर्मी हैं ।[६६] अतएव वह* घोषणा भी करते हैं कि सभी प्रजाद्रोही, दुर्वृत्त, स्वार्थी तथा अनीतिगामी शासक, चाहे वह यवन हो या क्षत्रिय, उनकी कृपाण का ग्रास बनें ।[६७]

प्रतापविजय मे भी श्री याज्ञिक ने साम्प्रदायिक ऐक्य के विचारो का समर्थन किया है । एक स्थल पर जब मुगल युवराज मूर्तिपूजको (हिन्दुओ) की निन्दा करता है तो सम्राट् अकबर अपनी समदर्शिता का परिचय देता हुआ उसे समझाता है कि 'वत्स ईश्वर के द्वारा रची गयी नाना धर्मावलम्बी प्रजा, जो अविवेक के कारण परस्पर विद्वेष करती है, का ईश्वर के ही अश से उत्पन्न मेरे द्वारा विघात कैसे किया जा सकता है,[६८]

---

६५ अथ चैते परधर्मिण इति कृत्वाऽपि न प्रतिषेध । यत विभिन्नधर्मा नृपति-निजा प्रजा समत्वमास्थाय सदैव पालयेत ।

—छत्रपतिसाम्राज्य, ३।८

६६ न केवलमेकान्ततो दोपभाजो दुर्वृत्ता यवनेश्वरा, किन्तु तत्सधर्माण इदानीतना राष्ट्रद्रुह क्षत्रेश्वरा अपि,

—वही, १।६ से आगे ।

६७ वही, १।६

६८ वत्स परस्परविद्वेषतो विलुप्यमानस्य लोकस्य परित्राणायेश्वरांशिनाव-

इसी प्रकार 'संयोगितास्वयंवर' मे जयचन्द द्वारा युद्ध मे अपने भाई के सहायको के रूप मे दो यवनो (ख़ुर्शानखान तथा वन्दातमीर) को भेजा जाना भी उसकी पूर्णतया धर्मनिरपेक्ष राजनीति का परिचय देता है।[६६]

उपर्युक्त सभी वृत्तान्त इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं कि श्री याज्ञिक असाम्प्रदायिक नाटककार हैं। उन्होंने किसी धर्म या सम्प्रदाय के साथ कोई पक्षपात नहीं किया है।

'युद्ध में आदर्श' राष्ट्रिय सुरक्षा मे घातक

युद्ध मे शत्रु के प्रति उदारता का परिचय देना वस्तुत अपने ही पाँवों मे कुल्हाडी मारना है। वेदो मे भी इस प्रकार की उदारता को व्यर्थ कहा गया है। वहाँ छिपकर सोये हुए शम्बर को इन्द्र द्वारा मारे जाने का वर्णन[७०] यह प्रेरणा देता है कि राष्ट्र के शत्रुओ को जैसे भी बने, समाप्त करना ही श्रेयस्कर है। इसी तथ्य को दृष्टि में रखते हुए श्री याज्ञिक ने अपनी तीनो ही नाट्यकृतियो मे 'कूट-युद्ध' का खुलकर समर्थन किया है। उदाहरणार्थ कतिपय प्रसग प्रस्तुत हैं —

(क) संयोगितास्वयंवर मे पृथ्वीराज सेनासहित कन्नौज को जाना चाहता है। परन्तु कन्ह उसे परामर्श देता है कि 'छल-युद्ध' से ही जयचन्द को वश मे करना उचित होगा, जिसे पृथ्वीराज स्वीकार भी कर लेता है।[७१]

(ख) छत्रपतिसाम्राज्य मे अधम शत्रु के विनाशार्थ शिवाजी, एसाजी, दादाजी आदि सभी प्रमुख पात्र कूटयुद्ध का आश्रय लेने का समर्थन करते हैं।[७२] क्रियात्मक रूप मे शिवाजी कोण्डने दुर्ग के रक्षक को रिश्वत देकर दुर्ग को

तीर्णेन क्व मया घातयितव्यास्तत्सृष्टा नानाधर्माण पौरजानपदसघा।
—प्रतापविजय, ६।५ से आगे।

६६ संयोगितास्वयंवर, १।११ से आग।

७० य शम्बर पर्वतेषु क्षियन्त चत्वारिंश्यां शरद्यन्वविन्दत।
ओजायमान यो अहिं जघान दानुं शयान स जनास इन्द्र ॥
—ऋग्वेद २।१२।११

७१ संयोगितास्वयंवर ३।१६

७२ छत्रपतिसाम्राज्य, १।१७-२६

अपने अधिकार मे करते हैं[७३]। अफजलखा के दूत कृष्णा जी को भी वह रिश्वत देकर तथा धर्मभय दिखाकर अपने पक्ष मे कर लेते हैं[७४] और रात्रि मे सोये हुए शाइस्ता खाँ पर धावा बोल देते है।[७५]

(ग) **प्रतापविजय** मे भी प्रताप के अमात्य द्वारा इसी तथ्य का समर्थन किया गया है। हल्दी घाटी युद्ध से पूर्व चर द्वारा सूचना मिलती है कि मानसिंह पास मे ही मृगया के बहाने आया हुआ है। प्रताप उसके प्रति उदारता दिखाना चाहते हैं। परन्तु अमात्य की धारणा है कि दुष्टो के प्रति सज्जनता, हिंसकों के प्रति अहिंसकता दिखाना, चुगलखोरो की तथ्य से परिचित करना, कृतघ्न के प्रति दया दिखाना राजाओ के शीघ्र विनाश का कारण बनता है।[७६] अकबर के अजमेर पहुचने पर भी वह प्रताप को यही परामर्श देता है कि भेद-नीति से ही शत्रु को वश मे किया जाए।[७७] हम देखते भी हैं कि तदनुसार ही राजपूत सेना पर्वतो के बीच से सहसा निकल कर मुगल सेना को नष्ट भ्रष्ट करके भाग जाती है।[७८] इन सभी उदाहरणो से श्री याज्ञिक यह सिद्ध करना चाहते हैं कि युद्ध मे आदर्श के लिये वस्तुत कोई स्थान नही रखना चाहिए और विजय पाने के लिए कोई भी हथकण्डा अपना लेना चहिए।

उपसहार

श्री याज्ञिक ने अपनी इन संस्कृत नाट्यकृतियों की रचना ऐसे समय मे की थी जब समस्त भारत विदेशी शासन से मुक्त होना चाहता था। राष्ट्र की स्वतन्त्रता के इस पावन कार्य मे सहयोग देने के लिए उन्होंने अपनी इन्हीं नाट्यकृतियों के माध्यम से देशवासियों को स्वतन्त्रता का प्रभावशाली पाठ पढाया। इसके लिए उन्होंने महाराणा प्रताप तथा छत्रपति शिवाजी, जो भारतीय इतिहास मे लोमहर्षक वीरपुरुष हैं, का आदर्श प्रस्तुत किया। क्योंकि

---

७३ वही, द्वितीयाङ्क का विष्कम्भक
७४ वही, ४।१४ से आगे।
७५ वही सप्तमाङ्क का विष्कम्भक।
७६ प्रतापविजय, २।२
७७ वही, ८।३-८
७८ वही, ३।८ से आगे।

किसी भी जाति को अपना आदर्श संगठित करने के लिए अपने इतिहास का अनुशीलन अतिप्रेरक तथा लाभदायक होता है ।[७९] यही कारण है कि श्री याज्ञिक ने भी मध्यकालीन भारतीय इतिहास को अपने नाटकों का उपजीव्य बनाया है । उस समय के राष्ट्रिय जीवन में ऐसे ही कथानकों की परम आवश्यकता थी और हम देखते हैं कि उनकी नाट्यकृतियों से पाठकों को, स्वतन्त्रता का क्या मूल्य है, राष्ट्र के प्रति शासक और शासितों के क्या कर्त्तव्य हैं, चरित्रबल तथा सामयिकता का राष्ट्र में क्या महत्त्व है, तथा साम्प्रदायिक एकता जैसे अतिमहत्त्वपूर्ण राष्ट्रोन्नायक प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हो सकते हैं ।

यद्यपि श्री याज्ञिक को अभी तक राष्ट्रिय संस्कृत नाटककार की महनीय उपाधि से विभूषित नहीं किया गया है, किन्तु इससे उनके राष्ट्रिय मूल्य में कमी नहीं हुई है । क्योंकि राष्ट्रकवि की उपाधि किसी सरकारी पत्र से ही नहीं, अपितु राष्ट्र के निष्पक्ष सहृदय समीक्षकों की स्वतः स्फूर्त मनोभावना से भी निर्धारित हुआ करती हैं ।[८०] इस दृष्टि से हमारे आलोच्य श्री याज्ञिक निश्चय ही एक दिन संस्कृत समीक्षा जगत् में राष्ट्रिय संस्कृत नाटककार की स्पृहणीय एवं राष्ट्रोपयोगी उपाधि से विभूषित होंगे, ऐसा हमारा विश्वास है ।*

---

७९ जगन्नाथ शर्मा, प्रसाद के नाटकों का शास्त्रीय अध्ययन पृ० सं २५

८० राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त अभिनन्दन ग्रन्थ, पृ० सं० ५४३

*(१) यह शोधलेख मेरठ विश्वविद्यालय संस्कृत शोधपत्रिका, १९८० १।२ (संयुक्ताङ्क) में प्रकाशित है ।

(२) यह शोधलेख डॉ भवानीसिंह राणा के संयुक्तलेखकत्व में लिखा गया है ।

शिवराजविजये राष्ट्रियभावना

शिवराजविजयनामाय संस्कृत साहित्यस्य एकोऽस्यूर्जस्वी तथा ऐतिहासिक उपन्यासोऽस्ति। अस्य प्रणेता श्रीमदम्बिकादत्तव्यासो विद्यते। तेनास्य सर्जनाया प्रारम्भ ईशवीये १८८८ तमे अब्दे कृत, समापन चास्य पञ्चवर्षानन्तरम् ईशवीये १८९३ तमे वत्सरे विहित। अस्य लोकप्रियस्य उपन्यासस्य प्रकाशन प्रणेतु प्रपौत्रेण श्रीकृष्णकुमारव्यासेन कृतमस्ति।

प्रस्तुतेऽस्मिन्नुपन्यासे देशभक्तिभावनया राष्ट्रियभावनया च सम्भृतस्य श्री शिवाजिमहाराजस्य राष्ट्रकल्याणात्मकाना राजनैतिककार्यकलापाना भृश सजीव वर्णन वर्तते। भारतीयताविरोधिनो वर्बराक्रामकस्य मुगलसम्राजोऽवरगजेबस्य तथा तदधीनानाम अफजलखान-शाइस्ताखान प्रभृतीना यवनकुलकलङ्काना मुगलसेनापतीना घोरैरत्याचारै सम्पीडिताया भारतीयजनताया रक्षाकरणे स्वप्राणानपि अविगणयित्रा महावीरेण शिवाजिना स्वदेशाय भारतवर्षाय, स्वसंस्कृत्यै भारतीयसंस्कृत्यै तथा स्वसभ्यतायै भारतीयसभ्यतायै निरन्तर ये भगीरथप्रयासा कृतास्सन्ति, ये च भारतीयेतिहासे स्वर्णाक्षरै लेखनीया सन्ति, तेषु अनेकेषा कार्यकलापानाम अस्मिन्नुपन्यासे अतिरोचक सहृदयहृदय स्पर्शविधायक च वर्णन जातमस्ति। भारतदेशस्य भारतीयधर्मस्य च मानमर्यादारक्षायै भारतीयजनेषु स्वतनुमनोधनसमर्पणरूपा राष्ट्रियभावनां सतत प्रोद्दीपयितुम् एष उपन्यासोऽद्यावधि अनुपम एव प्रतीयते।

व्यासस्य लेखनमस्ति यत्तेषु दिनेषु भारतवर्षस्य जना आक्रमणशीलाना मुगलाना नृशंसैरत्याचारै पीड्यमाना आसन्, अतस्तया सनातनी संस्कृति सभ्यता च सङ्कटापन्ने आस्ताम्, कन्या महिलाश्च अपहृता अपमानिता अप्रतिष्ठिताश्च क्रियमाणा आसन्, देवालयेषु देवताना जयघोषस्य निषेधो विधीयमान आसीत्, क्वचित्क्वचित् देवालया भग्ना अपि क्रियमाणा आसन्, उताहो ते अश्वशालारूपे मस्जिदरूपे वा परिणतीक्रियमाणा आसन्, वेदग्रन्था विपाट विपाट वीथीषु विक्षिप्यमाणा आसन्, धर्मशास्त्राणि वह्निसात् क्रिय-

माणानि आसन्, पुराणानि पिष्टवा पानीये प्रवाह्यमाणानि आसन्, भाष्यग्रन्था भ्रष्टीविधाय भ्राष्ट्रेषु पात्यमाना आसन्। तुलसीवृक्षा उत्पाट्यमाना आसन्, सम्पत्तयो लुण्ठ्यमाना आसन्, मनुष्या हन्यमाना आसन्, गृहाणि दाह्यमानानि आसन् अथवा पात्यमानानि आसन्, गावो मृत्युमुखे प्रेष्यमाणा आसन्, सन्त सताप्यमाना आसन्, प्रसिद्धा देवप्रतिमा योजनापूर्वकं सर्वेषां समक्ष भग्ना क्रियमाणा आसन्, तीर्थानां पावनमर्यादाया विनाशो विधीयमान आसीत्, आर्या बलाद् यवनीक्रियमाणा आसन्, अनेन प्रकारेण च हिन्दूधर्ममहीरुहोपरि प्रत्यक्षमेव कुठाराघातो विधीयमान आसीत्[1]।

लेखकेन आक्रामकाणा यवनानाम् अत्याचारविरोधे श्रीशिवाजि-गौरसिंह-रघुवीरसिंह-श्यामसिंह-वीरेन्द्रसिह माल्यश्रीक-मुरेश्वरादयोऽनेके समर्पितभावा कथानेतार प्रस्तुता सन्ति। वय पश्यामो यद् उपन्यासस्य चरितनायकेन श्रीशिवाजिना देशभक्ताना शूराणाम् अदम्यसेनाया सगठन सचालन च स्वीयया प्रतिभाशालिन्या राजनीतिनैपुण्या कृत्वा भारतवर्षीयगरिमा सुरक्षितोऽस्ति, एतदर्थं राष्ट्रविरोधिभिर्यवनै सह हिसापूर्णा सघर्षा अपि कृता सन्ति, द्वन्द्वात्मकेषु असियुद्धेषु देशद्रोहिणो मृत्युमुखे प्रेषिता सन्ति, आश्रमाणा तपोवनाना वा व्याजेन सैनिकनिवेशाना स्थापना कृता सन्ति, राजनीते आकरग्रन्थेषु अनुमोदिता कूटनीति सार्था कृतास्ति, गुप्तचराणा चर्यायै महत्त्व प्रदत्तमस्ति तथास्या कार्यान्वयने गौरसिंह-रघुवीरसिंह सदृशौ सुयोग्यौ वीरवरौ नियोजितौ स्त, राष्ट्रस्य छलिन रिपु छलेन जेतुम् किमपि असाम्प्रत नैव सम्मतमस्ति। प्रायेण सफलताप्रद निशायुद्ध योजनापुरस्सरम् उररीकृतमस्ति, देशद्रोहिणा द्विगुणिना चतुर्गुणिना वापि सनामपसारयितु सफलोऽभ्यासो विहितोऽस्ति, राष्ट्राक्रामकाणा साहाय्यकेभ्यो यशवन्तसिहजयसिहसदृशेभ्यो भारतीयनरेशेभ्यो भारतीयताया राष्ट्रियताया देशभक्तेर्वा प्रभावकर सदुपदेश दत्त्वा तेषु राष्ट्रियभावनाया पुन सचार कृतोऽस्ति तथा असह्येन प्रत्याक्रमणेन देशद्रोहिण परास्ता कृता सन्ति[2]।

---

१ शिवराजविजय (सम्पूर्ण)
पृ० स० १४-२०, २४-३३, १०७, १२०-१२१, १३७, १८८-१९१, २२८-२३१, २४२, २४४-२४६, ३८६, ४२५, ५६४

२ स एव, पृ० स० ३८-४७, ६८-७०, ७३-११८, १६१-१६३, २०२-२१८, २३१-२५०, ३२२-३२६, ४६६-५२१

पाठकेषु राष्ट्रद्रोहिण प्रति घृणाभाव निन्दाभाव चोत्पादयितु लेखकोऽनारत जागरूकोऽस्ति, एतादृशाना जनाना कृष्णकार्याणि तेन सोद्देश्य प्रकटितानि सन्ति तथा गुरु-गुरुतर पदभाग्भ्योऽपि तेभ्यो भारतीयता-विरोधि-नृशस-क्रूरकार्य-कारकत्वात् कलङ्क इति, अगार इति, कलियुग इति, दानव इति, राक्षस इति विविधा सज्ञा दत्त्वा तान् प्रति हार्दिकी घृणा प्रकटीकृतास्ति[3]। नितान्त च एतद्विपरीत ये राष्ट्रभक्ता सन्ति, भारत, भारतीयता, भारतीयधर्म, भारतीयसस्कृति भारतीयसभ्यता च प्रति ये निष्ठावन्त सन्ति, एषा समेषा ये सरक्षका, रक्षका पोषकाश्च सन्ति, स्वदेशस्य मानमर्यादाहेतवे मर्तुमपि सदोद्यता भवन्ति, स्वदेशस्य गरिमाण सर्वथा समर्पितभावेन सरक्षितु स्वीयाना व्यक्तिगतसुखानाम् उपेक्षा कुर्वन्त सदैव बद्धपरिकराश्च वसन्ति, एतादृशान् राष्ट्रियवीरपुरुषान् प्रति लेखकेन अवसरे लब्धे सत्येव स्नेहसौरभसपृक्तानि श्रद्धाकुसुमानि समर्पितानि सन्ति। ते वीरतासीमन्तिनीपतयो मता सन्ति, देशस्य ते रत्नभूता मता सन्ति, भारतवर्षस्य आशावितानस्य सुदृढा स्तम्भा मता सन्ति, भारतीयधर्मरक्षका मता सन्ति, कर्त्तव्यपरायणाश्च ते मता सन्ति। राष्ट्रहिताय तै सह्यमानाना क्लेशाना मुक्तकण्ठ प्रशसा कृतास्ति, तेषामेव जन्म सार्थक कथितमस्ति, देशस्य रक्षा यज्ञे स्वप्राणान् हुतवता तेषा स्मृत्या चक्षूशि आर्द्राणि कृतानि सन्ति, ते राष्ट्रसर्जनाया ब्रह्माण मता सन्ति, तैरेव भारतभूमे राजन्वतीतिविशेषणस्य सार्थकता मतास्ति, ते एव भारतीयगरिम्ण स्वतन्त्रतायाश्च आश्रयभूता मता सन्ति, त एव भारतमातु सुपुत्रा मता सन्ति, महिलाभि तदीययशोगीतानि गीतानि सन्ति, जनैस्ते स्वप्राणेभ्योऽप्यधिकमभिमता सन्ति, तेषा क्षेमाय अभिषेकेण भगवत शङ्करस्य अर्चना कृता सन्ति, सहस्रचण्डीपाठेन शत्रुनाशिन्या भगवत्या दुर्गाया आराधना कृता सन्ति, विधिपूर्वक च विविधा यज्ञा विहिता सन्ति[4]।

श्रीव्यासेन स्वीये अस्मिन्नुपन्यासे भारतराष्ट्र भारतराष्ट्रियस्वतन्त्रता च प्रति जनतामनसि आत्मीयताया जागरूकतायाश्च भावान् भर्तुं भृश प्रयत्ना कृता सन्ति। एतदर्थं लब्धे सत्येव अवसरे तेन भारतस्य अतीते आकर्षक

---

३ स एव, पृ० स० २७-३४, ४१-४२, २२८-२३२, ४३७-४३८, ४४०-४४२, ४८५

४ स एव, पृ० स० ३५-३६, ८७, ६२, ६६-७०, ६८-६६, १२५-१२८, २५०, ३८२, ३६०, ४७४ ४७६

प्रकाश पातितोऽस्ति, देशद्रोहिभि आक्रामकैश्च यवनै सम्पीडितस्यास्य देशस्य दुर्दशा मूर्त्तिमती विधाय अश्रूणि पातितानि सन्ति, पाठकाना मनसि भारतीयताया प्रभाव पातितोऽस्ति, भारतीयधर्मस्य, भारतीयाया सस्कृते सभ्यतायाश्च प्रशसा कृतास्ति, अत्रत्याना तीर्थाना नगराणा च गौरव गीतमस्ति, अत्रत्याया प्राकृतिकसम्पत्तौ स्वाभिमानो दर्शितोऽस्ति, आक्रमणशीलै यवनै स्थापिताया भारतदेशस्य राजनैतिक्या सामाजिक्या सास्कृतिक्या धार्मिक्याश्च परतन्त्रताया पीडा प्रति आक्रोश प्रकटितोऽस्ति, भारतीयाना देवालय-व्रतदिवस-पर्वदिन-यात्रामहोत्सवादीना दीनाया दुर्दशाया क्षोभ प्रकटितोऽस्ति, भारतीयताया स्थाने द्रुतगत्या प्रसरन्त्या यवनतायाम् उच्छ्वासा प्रक्षिप्ता सन्ति, हिन्दुत्वस्य विनाशोन्मुखमेरुदण्डरक्षाहेतवे विचाराणामुपायाना च तन्तव स्यूता सन्ति, स्वप्ना दृष्टा सन्ति, देवी-देवाना मान्यता मता सन्ति, तान् निष्क्रियान् आलोक्य तेभ्य उपालम्भा अपि दत्ता सन्ति, स्वदेशस्य, स्वधर्मस्य स्वजाते स्वसस्कृते स्वसभ्यतायाश्च रक्षाहेतवे प्रार्थना कृता सन्ति, कालचक्रे दोषा आरोपिता सन्ति, युगस्य निन्दा कृतास्ति, देशस्य भाग्यविपर्यये खेद प्रकटितोऽस्ति, स्वकीयासफलताया स्वीय आत्माधिक्कृतोऽस्ति, देशद्रुहा यवनाना दासताङ्गीकारकारणे ग्लानि प्रकटितास्ति, अनुताप कृतोऽस्ति, अश्रूणि च प्रवाहितानि सन्ति, देशस्य स्वतन्त्रतायै पारस्परिकमतभेदान् विस्मर्त्तुमुपदेशा दत्ता सन्ति, भारतीयमानमर्यादारक्षणहेतवे सर्वैर्निश्चलक्तं बद्धपरिकरा भवितु सन्देशो दत्तोऽस्ति, युद्धे गमनात्पूर्वं स्वमृत्युसम्भावना विधाय राष्ट्रियस्वातन्त्र्यसमराग्नि प्रज्वलित रक्षितु स्वसुयोग्यानामुत्तराधिकारिणा चयन कारितमस्ति, देशद्रोहिदमनकारकस्य अदम्यस्य सफलस्य च साहसस्य प्रशसा कृतास्ति, समग्रभारतवर्षीयस्वतन्त्रताप्राप्त आशा कृता सन्ति, भारतीयवीरै म्रियमाणस्य भारतीयवीरविनाशस्य निन्दा कृतास्ति, एतादृश्या परिस्थित्या यथाशक्ति वारणमेव श्रेयस्कर कथितमस्ति, दिल्ल्या भारतस्य भारतीयतायाश्च द्रोहिणोऽवरङ्गजेबस्य शासनसत्तामालोक्य युधिष्ठिरपृथ्वीराजयो स्मरण विधाय शीतोच्छ्वासा गृहीता सन्ति, भारतीयकीर्त्तिभेरीनाद च दिग्दिगन्तेषु श्रोतु कामना कृता सन्ति[५]।

---

५ स॰ एव, पृ॰ स॰ १६-२१ ६६-७०, ९०-९२, १०५-१०८, २०७-२१७, २२८-२३१, २३८-२४२, २८७, ३२३-३२६, ३८३, ३८७-३९०, ४४६-४५०, ५६१-५६८, ५९०-५९७

अस्या कृतौ व्यासेन स्वदेशद्रोहिणा विनाशाय दुर्गा-शङ्कर-विष्णु-वरुण-इन्द्र-बलरामादीन् देवीदेवान् निष्क्रियानालोक्य विस्मय प्रकटितोऽस्ति, दैत्यारि विष्णुरेतदर्थमुपालब्धोऽस्ति यत्स भारतस्य दीना दशामुपेक्ष्य शयानोऽस्ति, विविधाभि व्याजस्तुतिभि भारतस्य दशापरिष्काराय स उत्तेजितोऽस्ति, भगवान् शङ्करोऽपि यवनै कृताया विश्वनाथमन्दिरस्य दुर्दशाया विषये उद्बोधितोऽस्ति, अनेनैव प्रकारेण श्रीकृष्णोऽपि यवनै दुर्दशा प्रापितस्य वृन्दावनस्थितस्य गोविन्ददेवमन्दिरस्य विषये समुद्बोधितोऽस्ति, स्वप्ने च नयनगोचरीभूता सिंहवाहना भगवती दुर्गापि भारतवर्षं शत्रुभ्यस्त्रातु प्रार्थितास्ति[६] ।

अस्योपन्यासस्य एका प्रशसनीया विशेषता इयमपि विद्यते यदस्मिन् सर्वेषामेव यवनाना कृते घृणाभावो विरोधभावश्च नैव प्रकटितौ स्त । यतो हि यवनोऽपि यदि कश्चित् भारतीयताविरोधिषु गतिविधिषु भाग न गृह्णाति, तर्हि तेन सह सदैव सद्भाव एव प्रदर्शितोऽस्ति । महाराजशिवाजिराज्ये भारत भारतीयाना च प्रति आस्थावन्ता यवना ईषदपि कष्ट नानुभूतवन्त सन्ति । तै सह न ताऽपि अन्यायो विहितोऽस्ति, न ते अपमानिता कृता सन्ति, न तेषामुचित सम्माने कश्चिदाघात कृतोऽस्ति, तैरपि च साक देशभक्तहिन्दुभि सार्कमिव रम्या व्यवहारो विहितोऽस्ति[७] । न केवल तावदेतावदेव, अपितु भारतीयतानुरागिणीना यवनकन्याना प्रणयभावनाया अपि समादर कृतोऽस्ति । अस्मिन् सन्दर्भे रसनारी-शिवराजयो परस्पर स्नेहपूर्णमार्गेण निदर्शनरूपेण उपलक्षणरूपेण च प्रस्तुत कर्तुं शक्यते[८] ।

लेखकेन स्वकीयायामेतस्या कृतौ देशभक्ते प्रचार-प्रसारानुरूपमेव भूषणसदृश कवि महता प्रभावशालिना प्रकारेण प्रस्तुत कृतोऽस्ति । अस्मिन् कोऽपि सन्देहो नास्ति यद् अवरङ्गजेबसदृश भारतद्रुह मुगलसम्राज तथा तदीयदास्यपाशाबद्ध जयपुराधीशसदृश हिन्दुराज समुपस्य भूषणकवे दशानुरागिमहाराजशिवाजिसभाया समागमनस्य प्रसग पाठकेषु राष्ट्रियभावना किंवा देशभक्तिभावना सुतरा समुद्बोधयति । लेखकस्य कथनमस्ति यद् भूषणकविना

---

६ स एव, पृ० स० ११६-१२०, २१३-२१७, ४६१-४६४

७ स एव, पृ० स० ३१०-३१२, ३४८-३५३, ५८४-५८५

८ स एव, पृ स ३५७-३७२, ३६३-३६७, ४४१-४४८, ४८६-४६१

समये-समये स्वीयया वीररसपूर्णया काव्यसर्जनया महाराजशिवाजिसभाया तथा तदीयसेनायामोतप्रोते भारतानुरागरूपकाञ्चने अभीष्टा क्रियाशीलतासुगन्धि सम्भृतास्ति[६] ।

स्वीये भारतदेशे क्रियमाणान् राष्ट्रियताविरोधिन नृशसान् जघन्याश्चात्याचारान् प्रति लेखकेन श्रीमदम्बिकादत्तव्यासेन स्वीया गम्भीरवेदना सफलतापूर्वकमभिव्यक्तास्ति । फलस्वरूपेण तदीया सवेदना समस्तभारतीयाना मर्मस्थानानि सस्पृशति, येन तेषु राष्ट्रियभावना पुन समुद्वेलिता बोभूयते, इत्यत्र न कापि सशीतिरित्यल भूयसु पल्लवितेन ।*

६ ग एव, पृ म १७८-१८६, ३७७-३७८' ३८१, ४४३-४४४, ४५७ ४५८

* यह शोधलेख अर्वाचीनसस्कृतम् (दिल्ली), १९८२/१ म प्रकाशित है ।

भाति मे भारतमितिकाव्ये राष्ट्रियभावना

भाति मे भारत नामेद काव्य शतककाव्य विद्यते । अस्मिन्नष्टोत्तरशतसख्यकानि पद्यानि सन्ति । अत इद मम मतेन मालाकाव्यमपि कथयितु शक्यते, यतो मालायामपि अष्टोत्तरशतसख्यका मणयो भवन्ति ।

अस्य काव्यस्य रचयिता कविवर डा० रमाकान्तशुक्लोऽस्ति, योऽद्यत्वे दिल्लीविश्वविद्यालयीये राजधानीकालेजे हिन्दीविभागे प्राध्यापकपदमलङ्कुर्वाणोऽस्ति। अस्य काव्यस्य प्रकाशन 'देववाणी परिषद्, आर-६, वाणीविहार, नयी दिल्ली' त प्रकाश्यमानायाम् 'अर्वाचीनसस्कृतम्' इत्याख्याया त्रैमासिक्या पत्रिकायामीशवीय १९८० तमे वर्षे जातमासीत् । तदनन्तरमिद काव्य मनोऽभिरामाकारपृष्ठात्मकस्वतन्त्रपुस्तकरूपेणापि हिन्द्यङ्ग्रेज्यनुवादसहित प्राकाश्यमायातमस्तीति हर्षविषय ।

अस्मिन् काव्ये डॉ० शुक्लेन स्वीयस्य भारतराष्ट्रस्य वैशिष्ट्याना वर्णन विधाय भारतीयेषु जनेषु आत्मनिष्ठान् राष्ट्राभिमानभावान् प्रोद्दीपयितुम् अभिलषितमस्ति । देशवासिषु राष्ट्रप्रेम्णो राष्ट्रियभावनाया वा चेतनामुद्बोधयितु तेन भारतीयाया सस्कृते विविधेषु समाकर्षकेषु पक्षेषु प्रकाश पातितोऽस्ति । तदीय कथनमस्ति यद् भारतमेव एतादृश राष्ट्रमस्ति यत्र हिंसायामहिंसाया विजयो भवति, आत्मा शरीरबन्धनान्मुक्ति लभते (पद्यसख्या, २), वेश-भूषा-अशन-पान-धर्म-मनोरञ्जन-क्रीडा-रीति प्रथादिषु वैविध्ये सत्यपि आन्तरिकी एकता विद्यते, वैदिकवाङ्मय-साहित्यसगीतकलादीनामाराधना भवति, ज्ञानस्य सार्थकता तस्य क्रियात्मकतायामेव मन्यते (प स ५-८), सगुणोपासनाया बल दीयते (प स २०-२२), प्राच्यविद्याया प्रशसा विधीयते (प स २५-२७), सत्य शिव सुन्दर च समाराध्यते, रामराज्यस्य परिकल्पना क्रियते (प स ६८), रक्तपात शस्त्रपात च विनैव राष्ट्रे क्रान्ते कनकदयो लहर्य्य समुत्थिता भवन्ति, हिंसका नरा निजैर्दुष्कृत्यै स्वयमेव निस्सारका भूत्वा नश्यन्ति, साधुजनाश्च सर्वेषु साम्यभाव पश्यन्ति (प स ७४-७५) ।

स्वमातृभूमे भारतभूमे रमणीयताया प्रकाशनेऽपि कविनिष्ठो राष्ट्रप्रेमा राष्ट्राभिमानो वा एव प्रधानो हेतुरस्ति । कवे कथनमस्ति यत्स्वीयस्यास्य भारत-देशस्य सर्वैरेव भूयसी प्रशसा विहितास्ति, दानवा इम बाधितु नापारयन्, देवा अपि एतस्य आराधना कुर्वन्ति, सज्जनाना विदुषाञ्च त्वेष साधनास्थलमेव विद्यते, मानव-दानव सज्जन-दुर्जन-धनि निर्धन-सबल निबलादिभ्य सर्वेभ्य एव एष रोचते (प स ३-४), अनेकै पावनैस्तीर्थै, व्रतैरुपवासादिभिश्च इद राष्ट्र सदा सशोभित वोभूयते, चतुर्णामपि धाम्ना सत्ता सरक्षति, पुष्कर-अमृतसरस्-प्रयागादिभिस्तथा अन्यैरप्यनेकै दर्शनीयै स्थलैर्युक्तमस्ति (प स २८-३०), विज्ञानस्य प्रगतौ प्रवीणमस्ति (प स ६३), विश्वे विख्यातमस्ति (प स ६५), परमप्रियमस्ति, सत्प्रेरणादायकमस्ति, वन्दनीयमस्ति (प स ६६), स्वाभिमानेन च सयुक्तमस्ति (प स १०६) ।

कविना राष्ट्रस्य प्रगतो प्रसन्नता प्रकटितास्ति, कृषिक्षेत्राणा सेचनार्थं विद्युदुत्पादनार्थं च भाखडा-दामोदरघाटी-बाणगङ्गा-फरक्कादिषु स्थानेषु जलवन्धाना फलवतीषु योजनासु तेनाखर्वो गर्वोऽनुभूयते । स्वकीये देशे सम्पद्य-मानाना तैलशोधन-इ धनान्वेषण इस्पातनिर्माण कलनिर्माण-औषधालयस्थापना-औषधिनिर्माण-शल्यचिकित्साभिनवानुसन्धान-आयभटरोहिणीभास्करायुपग्रह -जना-वसुधा तर्गताणुविस्फोट युद्धपोतविमानरेलयानवसादिनिर्माणादीनामनेकेषा राष्ट्रियकायकलापाना कविना मुक्तकण्ठेन प्रशसा विहितास्ति (प० स० ११-१७), स्वराष्ट्रे प्रवहन्तीना गङ्गा-यमुना-चन्द्रभागा (चिनाब)-विपाशा (व्यास)-नर्मदा-तुङ्गभद्रा-ब्रह्मपुत्र मन्दाकिनी-गोदावरीप्रभृतीना नदीनामार्थिकस्य च महिम्न प्रभावोत्पादक समुल्लेखो विहितोऽस्ति (प स ६,११,३५), हिमालय-विन्ध्याचल-महाचल—नीलाचलादीन् गिरीन् प्रति स्वाभिमानात्मिक आत्मीयता प्रकटितास्ति, प्राकृतिकच्छटाया वणन कृतमस्ति, (प स १०, ४०-४४), कश्मीरात्प्रभृति कन्याकुमारीपय त सर्वेषामेव भारतीयप्रदेशाना गौरवा-धायक सस्मरण विहितमस्ति, जगद्गुरु शङ्कराचाय-छत्रपतिशिवाजि स्वामि-दयानन्द-स्वामिविवेकानन्द गुरुनानक-पण्डितमहामनोमदनमोहनमालवीय श्रीगोपाल कृष्णगोखले-पण्डितबालगङ्गाधरतिलक महात्मगान्धिपण्डितजवाहरलालनेहरु-प्रभृतीन् देशभक्तान् प्रति गौरवात्मक समादर प्रकटितोऽस्ति (प स ४७-५५), वेदव्यास-आदिकविवाल्मीकि-भास कालिदासादीना राष्ट्रगायकाना कवीनाम् आत्मगौरवपुरस्सर समुल्लेखो विहितोऽस्ति, यद महाभारत गीता-

रामायण-योगवाशिष्ठ-रामचरितमानसादीनां भारतराष्ट्रस्य सांस्कृतिकग्रन्थ-रत्नानां चर्चा कृतास्ति (प स २४-२७), अखिलभारतीयेषु च तीर्थेषु पर्वसु च उल्लासपुरस्सरं प्रकाशं पातितोऽस्ति (प स २८-३२, ३६-३७)।

स्वदेशस्य राष्ट्रियाणि पर्वाणि प्रति तु कविना भूयानुत्साह प्रदर्शितोऽस्ति। भारतीयगणतन्त्रदिवसोत्सवमुपलक्ष्यीकृत्य आत्मनिष्ठमुल्लासमभिव्यञ्जता तेन लिखितमस्ति—

> जन्वरीमासषड्विंशके वासरे इण्डियागेटपार्श्वस्थितो दर्शकः।
> यस्य शोभाप्रवाहे मुदा मज्जति भूतले भाति तन्नामकं भारतम्॥
> यस्य दिल्लीस्थिते रक्तदुर्गे शुभे सादरञ्चोत्तमाङ्गे त्रिरङ्गध्वजः।
> सार्वभौमां स्वसत्तां वदत्युल्लसन् भूतले भाति तन्नामकं भारतम्॥
>
> —पद्यसंख्या, ५९-६०

मातृभूमिं भारतभूमिं वैदेशिकशासनपाशात् मोचकान् देशभक्तान् प्रति तदीये हृदये अपारः समादरो वर्तते। तस्य सन्देशोऽस्ति यद् राष्ट्ररक्षाहेतवे समरभूमौ शौर्यप्रदर्शका वीराः कदाचिदपि नैव विस्मृतिं नेयाः। स तान् प्रति कृतज्ञतामभिव्यनक्ति। स गर्वमनुभवति यत्तदीये भारते राष्ट्रे एतादृशा अपि राष्ट्रभक्ता वीरा वरीवृत्यन्ते, ये युद्धयज्ञे प्राणैरपि आहुतिं दत्वा राष्ट्रस्य सम्मानं रक्षन्ति (प स ७०-७६)।

कविना भारतीयानां जनानां स्वाभिमानोऽपि प्रशंसावद्भिर्वचनैः प्रकटितो-ऽस्ति (प स ८५)। अत्र समागत्य निवसतो विविधधर्मावलम्बिनो जनान् आत्मसात्कर्तुं भारतदेशस्य राष्ट्रियां क्षमतामपि स महता गौरवेण लिखित-वानस्ति (प स ४६)।

कवेः कथनमस्ति यदनेके देशद्रुह्-वञ्चकतस्करादयः आसमान्तीनं भारतवर्षं समाप्तं कर्तुमैच्छन्, किन्तु कर्तुं नापारयन्। यतो हि अस्मदीयो देशः अजरोऽ-स्ति, अमरोऽस्ति, शाश्वतोऽस्ति, आशावादी चास्ति। अस्माकं सर्वेषामेव इदं परमं कर्तव्यमस्ति यद् उत्तिष्ठन्तस्तिष्ठन्तः, चलन्तो भ्रमन्तः, क्रीडन्तः कूर्दन्तः, खादन्तः पिबन्तो वयं सततमेव स्वदेशस्य अभ्युदयहेतवे कामनां कुर्याम (प स १०२-१०४)। कश्चिदितियतीमपि निन्दां कुर्यात्, किन्तु अस्माभिः सर्वदैव

स्वदेशस्य वन्दना विधेया, तस्य कीर्त्तिर्गेया, तस्य सर्वविधरम्यताहेलवे आकाङ्क्षा विधेया, तथा आस्माकीने राष्ट्रे कस्यापि शोषण न स्यात्, कश्चिद् विपन्नो न स्यात्, कश्चिद् दीन-हीनो न स्यात्, तथा सर्वे प्रसन्नमनसो भवेयुरित्येतदर्थं सकल्पो ग्रहीतव्य (प स १०७-१०८)।

दृढतापूर्वक प्ररोचनात्मिकया च रीत्या स्वकीयराष्ट्रियभावनाया अभिव्यक्तिकरणेन सहैव कविना स्वराष्ट्रस्य विश्वमङ्गलकामनामपि प्रकटय्य आत्मनिष्ठा अन्ताराष्ट्रियभावनापि प्राकाश्यमानीतास्ति। तस्य कथनमस्ति यद् भारतराष्ट्र विश्वस्य सर्वैरेव राष्ट्रै सार्धं बन्धुताया भावना रक्षति, समस्त ससारम् एक परिवारमिव मन्यते (प स १), स्वीयैराध्यात्मिकै सन्देशै सकल जगत् सुखित चिकीर्षति, सर्वेषा दुख सुखरूपेण परिणत चिकीर्षति (प स ८८), सर्वेभ्यश्च राष्ट्रेभ्यो निज सुखद स्नेह प्रदित्सति (प स ९६)।

येन प्रकारेण कश्चिन्महात्मा अष्टोत्तरशतसख्यकमणियुतया जपमालया स्वीयाराध्यदेवस्य मन्त्र जाप जाप त प्रसादयितु समीहते, अह मन्ये यत् तेनैव प्रकारेण कविवर डॉ० शुक्लोऽपि अष्टोत्तरशतसख्यकानि पद्यानि सर्जनापूर्वक गाय गाय स्वीय राष्ट्रदेव प्रीणयितु कामयते। भारतराष्ट्रस्य यशोगानपुरस्सरमेषा वन्दना भारतीयेषु जनेषु आत्मगौरवात्मिका राष्ट्रियभावनामवश्यमेव प्रोद्दीपयिष्यतीत्यत्र नास्ति कश्चिदपि शङ्कापङ्कलङ्कलेशावसर।*

---

* यह शोधलेख अर्वाचीनसस्कृतम् (दिल्ली), १९८२/२ म प्रकाशित है।

वाल्मीकीय रामायण में राष्ट्रियभावना

महर्षि वाल्मीकि प्रणीत रामायण से प्रत्येक मनीषी परिचित है। चौबीस हजार श्लोकों वाले इस विशालकाय उपजीव्यकाव्य की प्रमुख घटना है—युद्ध में राम की रावण पर विजय। इसके अतिरिक्त भी महर्षि ने अपने चरितनायक श्रीराम के समग्र जीवनचरित का अतीव भव्य एवं मर्मस्पर्शी वर्णन किया है, जिसका स्वाध्याय करते समय पाठक आत्मविभोर हो जाता है।

हमारे आदिकवि की संवेदना राष्ट्र की समृद्धि के प्रति पर्याप्तरूपेण जागरूक है। प्रजा के योग-क्षेम का लेखा जोखा प्रस्तुत करने में उनकी लेखनी बड़ी ही निपुण और सक्षम रही है। सम्राट् दशरथ और सम्राट् श्रीराम के राज्यकाल में प्रजाजनों की स्थिति के वर्णन के माध्यम से उन्होंने अपना यह मनोभाव प्रकट कर दिया है कि राष्ट्र की प्रजा तन-मन और धन से समृद्ध होनी चाहिए। उसमें सभी धर्मात्मा हों, सत्यवादी हों, अपनी सम्पत्ति में सन्तुष्ट रहने वाले हों, सम्पत्तिमान् हों, संयमी हों, प्रसन्नचित्त हों, सुशील हों, सदाचारी हों, निष्कपट हों, दानी हों, अतिथिप्रिय हों, देवताप्रिय हों, कृतज्ञ हों, शूरवीर हों, पराक्रमी हों, दीर्घायु हों, स्त्री-पुत्र-पौत्रों से युक्त हों, परस्पर प्रीतिमान् हों, स्वच्छ वेशभूषा वाले हों, राजा के हितैषी हों, जागरूक हों, नीरोग हों, हृष्ट पुष्ट हों, और उसमें कोई लोभी न हो, कृपण न हो, कामी न हो, कायर न हो, क्रूर न हो, मूर्ख न हो, नास्तिक न हो, निराभरण न हो, मलिन न हो, दुर्गंधित न हो, असंयत न हो, क्षुद्र न हो, चोर न हो, दुराचारी न हो, अवैध न हो, मिथ्यावादी न हो, ईर्ष्यालु न हो, दुर्बल न हो, अवैदिक न हो, दीन न हो, विक्षिप्तचित्त न हो, व्यथित न हो, कुरूप न हो, तथा राजद्रोही न हो[1]।

---

1 वाल्मीकि रामायण, बालकाण्ड, ६।६-१९, ७/१८-१६, अयोध्याकाण्ड, २।५१, २८।४१, ५५, ३७।२६, १००।२७, उत्तरकाण्ड, ४१।१७-२०, ६६।११-१४

आदिकवि की यह भी भावना रही है कि राजा को सदैव अपने राष्ट्र की समृद्धि बढ़ाते रहना चाहिए, उसकी सुरक्षा हेतु सैन्यादि की सदैव उत्तम व्यवस्था रखनी चाहिए, राष्ट्रिय सस्कृति का प्रचार-प्रसार करते रहना चाहिए, प्रशासन एवं न्याय की मान्य एवं पर्याप्त व्यवस्था रखनी चाहिए, अपने सदाचारसम्पन्न आचरण से अपनी लोकप्रियता बढ़ाते रहना चाहिए, राज्यव्यवस्था हेतु अमात्यमण्डल एवं मन्त्रिमण्डल में राष्ट्रभक्त, सत्यनिष्ठ, निर्लोभ, कुलीन, सदाचारपरायण और स्वाध्यायशील मनीषियों की नियुक्ति करनी चाहिए, मन्त्रणा की गोपनीयता पर ध्यान देना चाहिए, "सेनापति भी ऐसे ही व्यक्ति को बनाना चाहिए जो सन्तुष्ट रहने वाला, पराक्रमशाली, धैर्यशाली, बुद्धिमान्, पवित्र, कुलीन तथा अपने में (राजा में) प्रेम, आदर और श्रद्धा रखने वाला तथा रणविद्यापारगत हो, सम्पूर्ण सेना को भी वेतन एवं सम्मानद उपहारों से सन्तुष्ट रखना चाहिए, राजदूत के पद पर भी देशानुरागी मनीषी एवं वाग्मी व्यक्ति की नियुक्ति करनी चाहिए, शत्रुपक्ष की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए शिक्षा, वाणिज्य और कृषि का समुचित तथा उत्तरोत्तर विकास करते रहना चाहिए, वन-सम्पदा, पशुसम्पदा और अन्नसम्पदा का सदैव विकास करते रहना चाहिए, जनता से उतना ही आयकर ग्रहण करना चाहिए जितना परमोचित हो, राष्ट्रिय धन का दुरुपयोग भी नहीं करना चाहिए, सम्माननीय जनों की अव-मानना अथवा अवहेलना नहीं करनी चाहिए, धर्म, अर्थ और काम नामक पुरुषार्थों के पालन में विसगति अथवा असामञ्जस्य नहीं आने देनी चाहिए, कर्कश, दुर्बुद्धि, अजितेन्द्रिय एवं स्वच्छाचारी नहीं होना चाहिए सत्य एवं धैर्य का पालन करना चाहिए, आस्तिकभाव रखना चाहिए विचारपूर्वक ही कार्य करना चाहिए, देश एवं काल के विपरीत कार्य नहीं करना चाहिए, सामादि नीतियों का उचित उपयोग करना चाहिए आपातरमणीय किन्तु अशुभोदर्क कार्य को भूलकर भी नहीं करना चाहिए, संक्षेप में कहा जा सकता है कि राजा को अपने राष्ट्र की अच्छी तरह से देखभाल करनी चाहिए[२]।

---

२ वही, बालकाण्ड, ५/४-२३, ६ १-२८, ७ १-२४ ७७ २४-२५ अयोध्या-काण्ड, ३/३८-४६, १००/११-७६, १०९/६-३६ अरण्यकाण्ड ४१/५-१६, युद्धकाण्ड १७/२०-३३, ६३।५-२०, १३२।२-११ उत्तरकाण्ड २६।३-२८

राष्ट्रिय राजधानी की सुरक्षा की ओर भी आदिकवि का पूरा-पूरा ध्यान है। उनका अभिप्राय रहा है कि राजधानी के चारों ओर पर्याप्त चौड़ी, गम्भीर, सजल एवं दुर्गम खाई होनी चाहिए, ऊँची दुरारोह चार-दीवारी होनी चाहिए, नगर प्रवेश हेतु उसमें जो द्वार बनाए जायें वे दुर्भेद्य लौहकपाटों एवं लौहशृंखला से युक्त होने चाहिए, द्वारों पर उत्तमकोटि के यन्त्र लगे होने चाहिए जिनके द्वारा गोले और पाषाणखण्डों की तीव्र मार से शत्रुओं की बढ़ती हुई सेना को रोका जा सके, अस्त्र-शस्त्रों का पर्याप्त भाण्डार होना चाहिए, शत्रु सेना पर सब ओर से प्रत्याक्रमण करने की दृष्टि से नगरपरिखा को पार करने के लिए उस पर स्थान-स्थान पर सक्रणीय (फोल्डिंग) पुल होने चाहिए, राजधानी के सब ओर स्थान-स्थान पर सभी प्रकार के सुरक्षा सैनिक विपुल संख्या में सतत नियुक्त रहने चाहिए, और सेना भी सुव्यवस्थित तथा सुपर्याप्त होनी चाहिए[3]।

राष्ट्रीय (भारतीय) संस्कृति के प्रति भी महर्षि जागरूक रहे हैं। सम्राट् दशरथ द्वारा सम्पन्न कराए गए पुत्रेष्टि यज्ञ में, श्रीराम, लक्ष्मण आदि के जन्मकाल में, विश्वामित्र के यज्ञानुष्ठानों में, श्रीरामादि के विवाह संस्कार में, श्रीराम के राज्याभिषेक महोत्सवों में और दशरथ के अन्त्येष्टि संस्कार में आदिकवि द्वारा भारतीय संस्कृति का पूर्णरूपेण अनुपालन किया गया है। इतना ही नहीं, बल्कि चरितनायक श्रीराम को तो उन्होंने भारतीय संस्कृति की रक्षा एवं प्रसार के लिए सदैव सर्वात्मना सन्नद्ध रखा है। यदि सूक्ष्मेक्षिका से विचार किया जाए तो प्रतीत होगा कि रामायण में वर्णित संघर्ष व्यक्तिविशेषों के मध्य हुआ संघर्ष नहीं है। वह तो दो संस्कृतियों का संघर्ष है, जिन्हें हम आर्यसंस्कृति और अनार्यसंस्कृति कह सकते हैं। वह दो प्रजातियों का संघर्ष है, जो मानवप्रजाति एवं राक्षसप्रजाति के नाम से प्रसिद्ध हैं। वह दो देशों का संघर्ष है, जिन्हें हम आर्यदेश और अनार्यदेश का नाम दे सकते हैं। इस संघर्ष में राम एवं लक्ष्मण आर्यसंस्कृति, मानव-प्रजाति तथा आर्यदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी प्रकार रावण, कुम्भ-कर्ण, मेघनाद, खर, दूषण, त्रिशिरा, सुबाहु, मारीच, कबन्ध, विराध, शूर्पणखा, ताटका आदि अनार्यसंस्कृति, राक्षसप्रजाति तथा अनार्यदेश का

३ वही, बालकाण्ड, ५।६-१३, ६।२०-२८, अयोध्याकाण्ड, १००।४८-४२, ५३, युद्धकाण्ड ३।१-२७

प्रतिनिधित्व करते है। सुग्रीव, हनुमान्, अगद आदि यद्यपि मानवप्रजाति के नही हैं, किन्तु ये सभी आर्यदेश के निवासी हैं और इन्हे अपने देश पर गर्व भी है। महर्षि ने सघर्ष के इस हेतु की स्थान-स्थान पर चर्चा की है। विश्वामित्र-दशरथ-सवाद से यह तथ्य उभरता है कि अपने आर्यदेश मे घुसे हुए मारीच, सुबाहु और ताटका जैसे राक्षसजातीय अनार्यों पर जो आर्यसस्कृति और मानवजाति के विरोधी थे, विजय पाने के लिए ही विश्वामित्र राम को लेने दशरथ के पास आते हैं (बालकाण्ड १९।४-२०, २०।१-२८)। राम-विश्वामित्र सवाद से भी यही तथ्य उजागर होता है (वही, २४।५-३२, २५।१-१९)। राम ने विराध का भी वध इसीलिए किया है कि वह आर्यसस्कृति का शत्रु था (अरण्डकाण्ड ३।४-६)। इस प्रसग मे यह स्मरण दिलाना भी सगत ही है कि आर्यदेशीय वानप्रस्थमुनियो के साथ अनार्यदेशीय राक्षसो के निमम प्राणघातक अत्याचारो के परिणाम को जब श्रीराम ने अपने वनवासकाल मे प्रत्यक्ष देखा तभी उन्होने आर्यदेश से अनार्यों का समूलोन्मूलन करने की प्रतिज्ञा की थी (वही, ६।६-२५)। दूसरी ओर शूर्पणखा ने भी खर को राम-लक्ष्मण के विरुद्ध यही कहकर उत्तेजित किया था कि वे दोनों मानवजाति के हैं, आर्य हैं, आर्यसस्कृति से सम्पन्न हैं और राक्षसजाति के शत्रु हैं (वही, १९।१-२०, २१।१-२२, २२।१-६)। उसने रावण को भी राक्षसजाति की दुहाई देकर रामलक्ष्मण नाम के मानवो स प्रतिशोध लेने को प्रेरित किया है (वही, ३३। -२४, ३४।१-२६)। राक्षसराज रावण उसकी तर्कयुक्त बातो से प्रभावित भी होता है। क्योंकि वह अपनी राक्षस प्रजाति एव राक्षस सस्कृति की मान-मर्यादा को ऊँचा करने के लिए तथा मानव प्रजाति एव मानव सस्कृति को नीचा दिखाने के लिए सीताहरण की योजना बनाकर मारीच से मिलता है और इस योजना मे सक्रिय सहायता देने के लिए उसे स्वर्ण का कपटमृग बनने के लिए बाध्य करता है (वही, ३६।१-२४)। अशोकवाटिका मे एक ओर धान्यमालिनी नामक राक्षसजातीया रावणपत्नी रावण के मन को सीता की ओर से इसी तर्क के आधार पर हटाना चाहती है कि सीता तो मानवी है (सुन्दरकाण्ड, २२।४०-४१), दूसरी ओर राक्षसी परिचारिकायें सीता को प्रेरणा देती हैं कि वह मानव को त्याग कर राक्षसराज की भार्या बन जायें और सभी सुखो का उपभोग करें (वही, २३।३-१९, २४।१-५)। सीता भी दृढतापूर्वक उत्तर देती हैं कि किसी भी

मानवी को राक्षस की भार्या नहीं बनना चाहिए (वही, २४।८)। वह अपने इस सांस्कृतिक निर्णय को दुहराती भी है (वही, २५।३)। रावण ने मनुष्यों की सदैव उपेक्षा की है, उन्हें तृणवत् मानकर उनका विनाश कराया है और विकास रोका है। वह मनुष्यों से किंचिन्मात्र भी नहीं डरता है। केवल विभीषण को छोड़कर उसके पक्षधर अन्य राक्षसों की भी ऐसी ही धारणा है (युद्धकाण्ड १२।२२, १४।८, १५।४, ७, ३६।४-५)। माल्यवान् जो रावण का मातामह था, ने भी अपने देश और अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखने की दृष्टि से ही रावण को समझाया था कि वह श्रीराम से सन्धि करले (वही, ३५ सर्ग)। श्रीरामचन्द्र ने अंगद को रावण के पास दूत बनाकर यही कहने को भेजा है कि आर्यसंस्कृति जो आर्यसंस्कृति का ही दूसरा नाम है और जिसे देव, गन्धर्व, यक्ष आदि सभी मानते हैं, का विरोध करने वाले सभी राक्षसों को समाप्त कर दिया जाएगा (वही, ४१।७८-६७)। निशायुद्ध में दोनों ही वर्गों के सैनिक (वानर और राक्षस) इस बात का ध्यान रखते हैं कि उनके द्वारा उन्हीं के देश-जातीय व्यक्ति का वध न होने पाये। इसके लिए प्रहार करने के पहले वानर यह पूछ लेते हैं कि क्या तुम राक्षस हो ? और राक्षस यह पूछ लेते हैं कि क्या तुम वानर हो (वही, ४४।३) ? युद्धकाल में मेघनाद भी विभीषण को अपनी राक्षसजाति, राक्षसप्रजाति, राक्षसधर्म और अपने राक्षसवर्गीय स्वातन्त्र्य की गरिमा बताकर उन्हें अपने पक्ष में पुनः लौट आने की प्रेरणा देता है। किन्तु विभीषण अपने को राक्षसप्रजाति में उत्पन्न होने के बावजूद भी राक्षससंस्कृति से असंपृक्त बताकर अपने को आर्यसंस्कृति और आर्यधर्म का ही उपासक बनाते हैं (वही, ८७।१०-३०)। लक्ष्मण और मेघनाद के सम्भ्रमपूर्णयुद्ध को भी वाल्मीकि ने नरमुख्य और राक्षसमुख्य का युद्ध बताया है (वही, ८८।३६)। इस युद्ध में राक्षसों का निरन्तर महान् विनाश देखकर लङ्का की राक्षसनारियों को मानवजातीय श्रीराम और श्रीलक्ष्मण की ओर से महान् संकट का अनुभव होने लगा है (वही, ६४।२२-३०)। एक मानव के द्वारा राक्षसराज रावण की मृत्यु को देखकर रावण-पत्नियों को भी आश्चर्यमिश्रित शोक की अनुभूति होती है। मन्दोदरी तो इस मानवकृत पराभव को राक्षसराज के लिए अपयशजनक भी मानती है (वही, ११०।१४-१६, १११।५-६)।

महाकवि ने राम-रावण के युद्ध को दो देशो के युद्ध के रूप मे भी यत्र-तत्र सकेतित किया है। हम देखते हैं कि समुद्र लाँघते समय हनुमान् अपनी उडान में विघ्न डालने वाली सुरसा को अपने अनुकूल करने के लिए सबसे पहले उसे इसी तर्क द्वारा समझाते हैं कि सुरसे, मैं श्रीराम का दूत हूँ। उन्ही की आज्ञा से सीता के पास जा रहा हूँ। तुम भी श्रीराम के ही देश की रहने वाली हो। अत तुम्हे अपने देश के राजा श्री राम की सहायता करनी चाहिए, अर्थात् मेरी यात्रा मे विघ्न नही डालना चाहिए (सुन्दरकाण्ड १।१५४)। यहाँ इस प्रसग मे यह भी उल्लेखनीय है कि आहत बाली के आक्षेपो का उत्तर देते समय स्वय श्रीराम ने कहा है कि इधर की इस समग्र भूमि पर भारत का साम्राज्य है और हम लोग अपने धर्म कि वा सस्कृति के विस्तारहेतु भ्रमण कर रहे हैं। अत अधर्म और अधार्मिक अब यहाँ नही रह सकेंगे (किष्किन्धाकाण्ड १८।६-११)। प्रतीत होता है कि यहाँ श्रीराम का तात्पर्य है कि दक्षिण भारत की यह समुद्रपर्यन्त समस्त भूमि अयोध्या-नरेश के साम्राज्य के अन्तर्गत है। हनुमान् इस तथ्य से परिचित हैं और सुरसा से बात करते समय उन्हे यह तथ्य याद आ गया है। सभव है उन दिनो भी भारतीय समुद्री तट पर कुछ निश्चित दूरी तक समुद्र मे भी भारत की सीमा रही हो और उसके ही अन्तर्गत हनुमान् को सुरसा मिली हो।

इस सन्दर्भ में कवि ने दो और सकेत दिए हैं। पहला उस समय दिया है जब युद्धभूमि में रावण की मृत्यु हो जाने पर श्रीराम की आज्ञा से हनुमान् सीताजी के पास विजय का सन्देश लेकर जाते हैं और श्रीराम की ओर से उनसे कहते है कि अब लका पर अधिकार हो गयाहै (युद्धकाण्ड ११३।१०)। यहाँ पर लका शब्द निश्चय ही समग्र लकादेश कि वा लकाराज्य का वाचक है। दूसरा सकेत तब दिया है जब अयोध्या को वापस आते समय श्रीराम सुग्रीव से तो किष्किन्धा चले जाने को कहते हैं किन्तु विभीषण से कहते हैं कि मैंने जो तुम्हे लका का राज्य दिया है अपने उसी राज्य मे रहो (वही, १२२।१५-१६)। यहाँ ध्यातव्य यह है कि सुग्रीव को अपने राज्य में जाने की बात नही कही गई है, जबकि राजा तो वह भी है। इससे सिद्ध होता है कि सुग्रीव का राज्य भरत के साम्राज्य के ही अन्तर्गत है। अत सुग्रीव अधीनस्थ राजा है। किन्तु लका एक दूसरा देश है और वहाँ का राज्य स्वतन्त्र है। यद्यपि अब उसे भी श्रीराम ने हस्तगत कर लिया है, किंतु उसे वह हस्तगत करने के पूर्व ही विभीषण को पूर्णरूपेण दे चुके हैं। अत चलते

समय श्रीराम ने विभीषण को तो स्वराज्य मे रहने की बात कही, किंतु सुग्रीव से वह ऐसा नही कह सके। क्योंकि सुग्रीव का राज्य तो उन्ही के भाई भरत के साम्राज्य का ही अग है। अत वह तो प्रकारान्तर से उन्ही का हुआ। इससे यह तथ्य और भी अधिक उजागर हो उठता है कि राम-रावण का युद्ध दो देशो का युद्ध था, जिसमे वानरसेना अपने देश और अपने राजा सुग्रीव तथा उनके सम्राट् श्रीराम के लिए आत्मीयभावना पूर्वक लडी थी।

श्रीराम को अपने अनुज शत्रुघ्न द्वारा रावण के मौसेरे भाई लवणासुर का भी इसीलिए सहार कराना पडा कि वह आर्य सस्कृति का विरोधी था और उनके साम्राज्य मे राक्षस सस्कृति का आतक फैलाए हुए था (उत्तरकाण्ड ६१-७० सर्ग)।*

---

* यह शोधलेख आल इण्डिया ऑरिएण्टल कान्फ्रेंन्स XXXI (जयपुर), १९८२ मे स्वीकृत एव पठित है।

कालिदास के काव्यो मे राष्ट्रियभावना

संस्कृत साहित्यकारो मे कालिदास का विशिष्ट स्थान है। इन्होंने रघुवश, कुमारसभव, मेघदूत तथा ऋतुसहार नामक चार श्रव्यकाव्यो की और अभिज्ञान शाकुन्तल, विक्रमोर्वशीय तथा मालविकाग्निमित्र नामक तीन दृश्यकाव्यो की सर्जना की है। हमारा विश्वास है कि प्रत्येक प्रबुद्ध संस्कृत मनीषी कालिदास के इन सभी काव्यग्रन्थो के प्रतिपाद्य विषयो से सुपरिचित है। अत यहाँ उनका उल्लेख करना निरर्थक ही होगा।

इसमे कोई सन्देह नही है कि कालिदास के काव्यसिन्धु म अनेक प्रकार के भावात्मक तथा कलात्मक रत्नो का समवाय मिलता है। किन्तु इस स्थल पर हम अपने सुधी समीक्षको का ध्यान कालिदासनिष्ठ स्वदेशानुराग, स्वदेशभक्ति कि वा स्वराष्ट्रभावना की ही ओर आकृष्ट करेंगे। हमे कालिदास के काव्यो मे भारत और भारतीयता के दशन हुए है। ऐसा प्रतीत होता है कि कालिदास को भारतभूमि के कण-कण से प्यार है, उसके चप्पे-चप्पे से उनका परिचय है, और उसकी प्राणिमात्रोपयोगिनी विविध सम्पदाओ के प्रति उनके मन मे कृतज्ञतापूर्ण आत्मीयता के भव्य भाव भरे हुए हैं। राजा रघु के दिग्विजय के वर्णन के प्रसग को पढकर यह धारणा बनती है कि उनकी दृष्टि मे उत्तर मे हिमालय से लेकर दक्षिण मे कन्याकुमारी तक और पश्चिम मे कम्बोज से लेकर पूर्व मे कलिङ्ग तक-एक सुमहान् भारतराष्ट्र की मूर्तिमती परिकल्पना है (रघुवश, चतुर्थ सर्ग)। इन्दुमती के स्वयवर के अवसर पर भी सुनन्दा के द्वारा राजाओ का परिचय देने के माध्यम से उन्होंने मगध, अग, अवन्ती, माहिष्मती, मथुरा, कलिग, पाण्ड्य तथा कोशल नाम से विख्यात भारतीय भूभागो का बडे ही अभिनिवेश के साथ वर्णन किया है। वही, ६।२०-७६)। आगे चलकर लका मे रावणवध करके स्वदेश लौटते हुए पुष्पक विमानारूढ राम को वक्ता तथा सीता को श्रोता बनाकर भारतीय दक्षिणी समुद्र, पर्वत,

पम्पासरोवर, पचवटी, गोदावरी नदी, अगस्त्याश्रम, पचाप्सर सरोवर, शरभग तपोवन, मन्दाकिनी नदी, चित्रकूट, तीथराज प्रयाग, सरयू नदी आदि का क्रमश वर्णन करके भी उन्होंने अपने भारतवर्ष के प्रति अपनी ममता तथा आस्था प्रकट की है (वही, त्रयोदश सर्ग)। इसी प्रकार यक्ष के मुख से मेघ को अलकापुरी का मार्ग बताने के ब्याज से उन्होंने रामगिरि, मालवदेश, आम्रकूटगिरि, रेवा नदी, दशार्ण देश, विदिशानगरी, वेत्रवती नदी, नीचगिरि, निर्विन्ध्या नदी, अवन्तीदेश, उज्जयिनी नगरी, शिप्रा नदी, महाकालेश्वरमन्दिर, गभीरानदी, देवगिरि, स्कन्दमन्दिर, चर्मण्वती नदी, ब्रह्मावर्त्त देश, कुरुक्षेत्र, सरस्वती नदी, कनखलतीर्थ, गगानदी, हिमगिरि, क्रौंचरन्ध्र, कैलासगिरि तथा अलकापुरी का जो भावपूर्ण वर्णन किया है उसमे भी उनका अपने देश के प्रति प्रगाढ परिचय एव प्रेम ही प्रमुख हेतु है (पूर्वमेघ)। भारतमाता के किरीट बने हुए हिमालय के वर्णन के प्रसगो मे तो उनकी कल्पना को पख लग गए हैं। उन्होंने उसे देवतात्मा का विशेषण देकर उसके प्रति अपने हृदय की श्रद्धा प्रकट की है। उसकी नयनरजक प्राकृतिकशोभा एव लोकरजक प्राकृतिक सम्पदा का ऐसा मनोहारी वर्णन किया है कि उसे पढकर प्रत्येक भारतीय के मन मे उसके प्रति आत्मीयता और गौरव के भाव उदित हो उठते है। उन्होंने उसे पृथ्वी का मानदण्ड बताया है, विविध रत्नो और औषधियो का आकर कहा है, जीवनदायिनी जलशक्ति का स्रोत कहा है, अर्थात् विविध वनसम्पदा का भाण्डार बताया है (कुमारसभव, १।१-१६)। उन्होंने हिमालय का मानवीकरण भी बडा ही रोचक किया है। उसे गिरिराज के मानवीकृत रूप मे चित्रित किया है और उसकी ओषधप्रस्थ नाम की एक अतीव भव्य राजधानी का भी बडी ही रुचि के साथ वर्णन किया है। (वही, ६।३६-६३)।

रघुवशी राजाओ की विशेषताओ का वर्णन करते समय कालिदास के मन मे अपने राष्ट्र के प्रति भी कल्याणकामना रही है। उनकी दृष्टि मे यह तथ्य भारतीयो के लिए अतीव गौरवाधायक है कि रघुवशी नरेशो ने समुद्रपय त भारतराष्ट्र की बडी ही कुशलता के साथ देखभाल की है और अपनी प्रजा की भलाई के लिए वे सतत जागरूक रहे है। फलस्वरूप प्रजा भी उन्हे अपना पिता माना करती थी (रघुवश, १।५-३०)। दिलीप, रघु, अज, दशरथ, राम आदि नरेशो द्वारा किए गए राष्ट्रयशोवर्धक कार्यकलापो को कालिदास ने अपने काव्य मे अतीव महत्व दिया है। अपने राष्ट्र का अच्छी तरह भरण-पोषण-करने के गुण को ही देखकर उन्होंने शाकुन्तलेय का नाम भरत उद्भावित

किया है (अभिज्ञानशाकुन्तल, ७।३३)। उनकी यह हार्दिक अभिलाषा रही है कि यहां के राजा लोग प्रजा का योग—क्षेम करते रहें और यहां सस्कृत भाषा, जो इस राष्ट्र की अपनी भाषा है और समृद्ध भी है, की सदा उन्नति होती रहे (वही, ७।३५)। इसी प्रकार स्वामी कार्तिकेय द्वारा तारकासुर पर उसके वधपूर्वक विजय पाने की कथा का भी रोमहर्षक वर्णन करके उन्होंने विजातीय एव विदेशीय म्लेच्छ शासकों पर सुनियोजित एव सफल प्रत्याक्रमण करने की अदम्य प्रेरणा देनी चाही है (कुमार-सभव, १२-१७ सर्ग)।

कालिदास के मनोमस्तिष्क मे भारतीय सस्कृति के प्रति भी अगाध आदर, विश्वास और स्वाभिमान की भावना भरी हुई थी। यही कारण है कि उनके काव्यो मे भारतीय सस्कृति की समुज्ज्वल छटा छिटकती हुई लोचनगोचर होती है। त्याग, तपस्या और तपोवन, जो भारतीय सस्कृति के अभिन्न अग हैं, का इनके काव्यो मे अतीव मनोरम वर्णन उपलब्ध होता है। वसिष्ठ, वाल्मीकि, कण्व और मारीच जैसे ऋषियो के आश्रमो का वर्णन पढकर भारतीय सस्कृति के प्रति मस्तक श्रद्धावनत होने लगता है। उनकी काव्यसम्पदा का स्वाध्याय करने वाला जब सन्तान की प्राप्ति के लिए चक्रवर्ती सम्राट् दिलीप को अपनी रानी सुदक्षिणा के साथ अपने कुलगुरु ब्रह्मर्षि वसिष्ठ के आश्रम मे जाता हुआ देखता है (रघुवश, प्रथम सर्ग), दिलीप द्वारा नन्दिनी की परिचर्या का वर्णन पढता है (वही, द्वितीय सर्ग), राजा रघु को कौत्स से वरतन्तु के आश्रम की कुशलता का समाचार पूछते हुए देखता है (वही, ५।१-११), गुरुदक्षिणा की धनराशि समर्पित करने के लिए कौत्स की याच्ना पर रघु को कुबेर पर आक्रमणार्थ सन्नद्ध पाता है (वही, ५।१२-३५), दशरथ को पुत्रप्राप्ति हेतु सफल पुत्रेष्टियाग करते हुए देखता है (वही, १०।१-८०), सुतीक्ष्ण की तीक्ष्ण तपस्या की रीति को पढता है (वही, १३/४१-४४), सीता के ममस्पर्शी पतिव्रत की पावन कथा को पढता है (वही १४ तथा १५ सर्ग), तथा भगवान् शकर को पति के रूप मे पाने के लिए पार्वती को सौन्दर्य का सहारा त्यागकर जब तपालीन देखता है (कुमारसभव, ५।१-२९) तो उसके मनोमस्तिष्क मे निश्चय ही भारतीय सस्कृति के प्रति आकर्षण, आदर तथा निष्ठा के गम्भीर भाव पनप उठते हैं, जो प्रकारान्तर से राष्ट्रियभावना के ही प्रतिरूप होते हैं। हमारा विश्वास है कि कालिदास के किसी भी पाठक को यह तथ्य स्वीकार करने मे कोई आपत्ति नही होगी कि कालिदास के काव्यो मे भारतराष्ट्र के सभी गौरवपूर्ण प्रतीकों का आकर्षक एव प्रेरक वर्णन हुआ है। फलस्वरूप

उनकी काव्यसम्पदा में भारतराष्ट्र की आत्मा ही प्रतिफलित हो उठी है। इसलिए हमें चाहिए कि हम उन्हें भारत का राष्ट्रकवि स्वीकार करें।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि कालिदास में राष्ट्रियभावना के साथ ही साथ समग्र विश्व की मंगलकामना का भी निवास रहा है। उन्होंने जहाँ कहीं भी सार्वजनीन भाव प्रकट किए हैं वहाँ उनकी दृष्टि सार्वभौम हो गई है। उन्होंने समग्र विश्व में श्री और सरस्वती के समन्वय की कामना की है (विक्रमोर्वशीय, ५।२४), सभी के दुःखों का अन्त हो जाने की प्रार्थना की है, सभी का सुख चाहा है, सभी की कामनाओं की पूर्ति माँगी है, और सभी को उल्लसित देखना चाहा है (वही, ५,२५), जिससे उनकी अन्ताराष्ट्रियभावना की भी अभिव्यक्ति हो जाती है।*

---

* यह शोधलेख कालिदास जयन्ती समिति (उज्जयिनी) द्वारा १९८२ में स्वीकृत तथा मेरठविश्वविद्यालय संस्कृतशोधपत्रिका, १९८३/१-२ (संयुक्ताङ्क) में प्रकाशित हुआ है।

९४६९।

मम्मट एवं भिखारीदास के काव्यशास्त्रीय विचारो का तुलनात्मक अध्ययन

(काव्य के प्रयोजन तथा हेतुओं के सन्दर्भ मे)

वर्तमान सदैव एक ओर 'घटित' से प्रभावित रहता है तो दूसरी ओर 'घटनीय' से। अतीत की घटनाएँ भविष्य की आशाओं और आकाक्षाओं से सम्पृक्त होकर वर्तमान मे समाहित रहती हैं। प्रत्येक बीता हुआ क्षण अतीत और प्रत्येक आने वाला क्षण भविष्य है। शृखला की कडियो की भाति इनका भी आपस मे सम्बद्ध होना अत्यन्त स्वाभाविक है।

लौकिक जगत् के कार्यकलाप की भाँति साहित्यिक जगत् की सर्जना पर भी उसकी पूर्ववर्तिनी साहित्यसर्जना का न्यूनाधिक प्रभाव पडा करता है। काव्यशास्त्र के विषय मे भी यही तथ्य देखा जाता है। चूकि काव्यशास्त्र साहित्यसर्जना की विविध विधाओ के लक्षणो का निर्माण करता है, और लक्षण ग्रन्थों का निर्माण प्राय लक्ष्य ग्रन्थों के आधार पर ही होता है, अत कोई भी काव्यशास्त्रीय ग्रथ विषय साम्य होने मे अपने पूर्ववर्ती और परवर्ती काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों से अवश्य ही कुछ न कुछ समता रखता है। इसी तथ्य को दृष्टिपथ मे रखकर प्रस्तुत शोधलेख मे काव्यशास्त्र के दो प्रमुख आचार्यों (सस्कृत काव्यशास्त्राचार्य मम्मट एव हिन्दी काव्यशास्त्राचार्य भिखारीदास) के दो काव्यशास्त्रीय ग्रन्थो (काव्यप्रकाश तथा काव्यनिर्णय) की काव्यप्रयोजनो तथा काव्यहेतुओं के सदर्भ मे तुलना की जा रही है।

हमारा विश्वास है कि काव्यशास्त्र के ग्रन्थों मे जहाँ एक ओर सस्कृत जगत् मे मम्मटाचार्य का काव्यप्रकाश अतिमहत्त्वपूर्ण है, वहा दूसरी ओर हिन्दीजगत् मे भिखारीदास का काव्यनिर्णय भी कम महत्त्वपूर्ण नही है। काव्य के स्वरूप का सागोपाग वर्णन करने वाले इन दोनों ग्रन्थो मे पर्याप्त साम्य

पाया जाता है। इसका कारण दोनों ही ग्रन्थकारों द्वारा काव्यशास्त्र के समान-विषय का चयन करना है। प्रस्तुत लेख में हमारा यह प्रयास रहेगा कि दोनों ही ग्रन्थों के आलोच्य अंशों की निष्पक्ष समीक्षा पाठकों के समक्ष पहुँचे, ताकि वे इन प्रसिद्ध भारतीय काव्यशास्त्राचार्यों की मनीषा से तुलनात्मक लाभ ले सकें जो कि अद्यतन समीक्षार्थी के लिए अतीव आवश्यक है।

(क) आचार्य मम्मट

संस्कृत काव्यशास्त्र के ज्ञाता एवं प्रणेता, कश्मीर निवासी आचार्य मम्मट ने दसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में अपने विश्वविख्यात काव्यशास्त्रीय ग्रन्थ काव्यप्रकाश की रचना की है।[1] यह उत्कृष्ट कोटि के विद्वान् थे। अपनी सारग्रहात्मिका और समन्वयात्मिका बुद्धि के द्वारा उन्होंने अपने ग्रन्थ में अपने पूर्ववर्ती आचार्यों के अभिमतों को जिस कौशल से प्रस्तुत किया है वह सुतरां श्लाघ्य है। इन्होंने काव्यप्रकाश के अतिरिक्त 'शब्दव्यापारविचार' नामक एक और छोटी सी काव्यशास्त्रीय पुस्तक लिखी है, जो 'इन्दु प्रकाशन, दहली' से प्रकाशित हुई है। उसको देखने से हमारी यह धारणा बनी है कि इनकी यह पुस्तक इनके विख्यात ग्रंथ 'काव्यप्रकाश' का मूलाधार है।

(ख) आचार्य भिखारीदास

विक्रम की अठारहवीं शताब्दी में हिन्दी काव्यशास्त्र के क्षेत्र में आचार्य भिखारीदास ने पदार्पण किया। काव्यशास्त्र के ज्ञाता होने के साथ ही साथ आचार्य भिखारीदास कवि भी थे। अपने कवित्व और पाण्डित्य से हिन्दी काव्यशास्त्र जगत् में इन्होंने अनन्त प्रतिष्ठा पाई। कवि और आचार्य भिखारीदास ने काव्यशास्त्र विषयक जिन चार ग्रन्थों की रचना की है, वे हैं— रस सारांश, छन्दार्णव, काव्यनिर्णय एवं शृंगारनिर्णय। इन चारों ग्रन्थों को देखने से ज्ञात होता है कि रस सारांश में रस-निरूपण, छन्दार्णव में छन्दो-वर्णन, काव्यनिर्णय में काव्य के विविध अंगों का निरूपण और शृंगारनिर्णय में शृंगार रस का निरूपण किया गया है। किन्तु काव्यनिर्णय भिखारीदास की प्रसिद्धि का मूलाधार है। इस ग्रन्थ के अन्तःसाक्ष्य से यह तथ्य प्रकट होता है कि इसकी रचना विक्रम संवत् १८०३ के आश्विन मास में विजयदशमी के

---

१. पी० वी० काणे, संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास (हिन्दी संस्करण), पृ० सं० ३८०

दिन या तो प्रारम्भ हुई थी, या फिर सम्पूर्ण हुई थी[२]।

(ग) काव्यप्रयोजन

काव्यप्रकाश एव काव्यनिर्णय - दोनो ही ग्रन्थो के प्रथम उल्लास मे सर्वप्रथम काव्यप्रयोजनवर्णन से ही काव्यशास्त्रीय विवेचन आरम्भ किया गया है। कहा जाता है कि 'प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्त्तते'। अत मानना चाहिए कि काव्यरचना भी किसी न किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ही की जाती है। इस विषय मे आचार्य मम्मट का कहना है—

काव्य यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
सद्य परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥[३]

भाव यह है कि काव्यरचना यश के लिए, धन प्राप्ति के लिए, व्यवहार-ज्ञान के लिए, अमगल निवारण के लिए, तुरन्त ही परमानन्द की प्राप्ति के लिए तथा प्रियतमा के समान उपदेश देने के लिए होती है।

इसमे कोई सन्देह नही है कि अच्छा काव्य दिग्दिगन्त मे कवि के यश को व्याप्त कर देता है और अनन्त काल के लिए उसे अमर बना देता है। उदाहरणार्थ कविकुलगुरु कालिदास की कविता को लिया जा सकता है। लेकिन काव्य कवि को केवल यश प्राप्ति हो नही कराता, बल्कि उसे आर्थिक दृष्टि से भी सम्पन्न करता है जैसे कि श्री हर्षवर्धन से कविवर धावक को धन की प्राप्त होती रही है। राजा आदि किस व्यक्ति के साथ कैसा आचरण करना चाहिए, इस प्रकार के आचार-व्यवहार की शिक्षा तो वह सभी को देता है। कतिपय धार्मिक काव्य तो अमगल का भी निवारण कर देते हैं जैसे कि मयूरकवि ने अपने कुष्ठ रोग की निवृत्ति भगवान् भास्कर की स्तोत्र-रचना करके कर ली थी। काव्य का उपदेश वेदो के उपदेश जैसा नही है, जो राजादेश की भाँति मजबूरी से भी पालनीय होता है। वह पुराणो के उपदेश जैसा भी नही है, जो मित्रो के उपदेश के समान नीरस और प्रतिक्रियाजनक हुआ

---

२ अट्ठारह सै तीन हो, सवत आस्विन मास।
ग्रथ काव्यनिर्नय रच्यो, बिजै-दसै दिन दास॥

—काव्यनिर्णय, १।४

३ काव्यप्रकाश, १।२

करता है। वह तो इन दोनों ही प्रकारों के उपदेश से विलक्षण होता है, जो प्रेमिका के सरस, हृद्य और सहर्ष पालनीय सुझावों के समान ही आकर्षक, रोचक और माननीय हुआ करता है। इन पाच प्रयोजनों के अतिरिक्त काव्य का एक प्रयोजन और भी है जो इन सबमें प्रमुख है, और वह है तुरन्त ही आनन्द प्रदान करना। कहना न होगा कि इसके अभाव में कोई भी काव्य अपेक्षित महत्त्व प्राप्त नहीं कर पाता है, इसलिए इस प्रयोजन को 'सकल प्रयोजनमौलिभूत' कहा गया है[४]।

अब इस सदर्भ में भिखारीदास का भी मन्तव्य देखना है। उनका विचार है कि—

> एकै लहै तपपुंजनि के फल ज्यों तुलसी अरु सूर गोसाईं।
> एकै लहै बहुसम्पति केसव भूषन ज्यों बरबीर बड़ाई॥
>
> एकनि को जस ही सो प्रयोजन है रसखानि रहीम की नाईं।
> दास कवित्तनि की चरचा बुधिवन्तनि को सुखदै सब ठाईं॥
>
> प्रभु ज्यों सिखवै वेद, मित्र मित्र ज्यो सतकथा।
> काव्य रसनि को भेद, सुख सिखदानि तियानि ज्यो॥[५]

भिखारीदास की धारणा है कि कुछ लोगों की काव्यसर्जना तपस्याजन्य फल प्राप्त करा देती है। उदाहरणार्थ गोस्वामी तुलसीदास और सूरदास को लिया जा सकता है। इनकी कविता ने इन्हें ठीक वही फल दिया जो किसी तपस्वी को उसकी तपस्या से मिला करता है। कुछ लोगों को काव्य की सृष्टि से धनप्राप्ति भी हुआ करती है। उदाहरणार्थ केशव और भूषण को लिया जा सकता है। कुछ लोग केवल यश प्राप्ति की ही कामना से काव्यसृजना करते हैं, जैसे कि रहीम और रसखान ने की थी। बुद्धिमानों के लिए कविता सदैव सुखदायक भी हुआ करती है तथा स्त्रियों द्वारा दी जाने वाली सुखपूर्वक सीख के समान ही कविता भी मनुष्य को सुखपूर्वक शिक्षा प्रदान करती है।

---

४ वही, १।२ वृत्ति भाग।

५ काव्यनिर्णय, १।१०-११

तुलनात्मक समीक्षा

मम्मट सम्मत काव्यप्रयोजन	भिखारीदास सम्मत काव्यप्रयोजन
(क) यशोलाभ	(क) यशोलाभ
(ख) अर्थलाभ	(ख) सम्पत्तिलाभ
(ग) व्यवहारज्ञान	(ग) ×
(घ) अमंगलनाश	(घ) तप फललाभ
(ङ) सद्यः परनिर्वृत्ति	(ङ) सुखद (सुखदान)
(च) कान्तासम्मितोपदेश	(च) स्त्रीसमान सुखपूर्वक शिक्षादान

(अ) यहाँ भिखारीदास ने मम्मट द्वारा वर्णित काव्यप्रयोजनों में से यश को यश के नाम से, अर्थ को सम्पत्ति के नाम से, सद्यः परनिर्वृत्ति को सुखद (सुखदान) के नाम से और कान्तासम्मितोपदेश को सुखद सीख के नाम से स्वीकार किया है। इन चारों प्रयोजनों के अतिरिक्त भिखारीदास ने 'तप पुजफल' नामक एक और काव्य प्रयोजन की चर्चा की है, जिसे मम्मट के अमंगलनाश के समकक्ष माना जा सकता है, लेकिन तपपुंज के द्वारा केवल अमंगल का ही नाश नहीं होता, बल्कि अन्य अनेक लौकिक और पारलौकिक फल भी प्राप्त होते हुए देखे जाते हैं। अतः यह स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है कि भिखारीदास ने केवल अमंगल निवारण के ही अर्थ में तप पुजफल को स्वीकार किया है।

इन पाँच प्रयोजनों के अतिरिक्त मम्मट ने व्यवहारज्ञान नामक प्रयोजन की भी चर्चा की है। पर भिखारीदास ने इस अतीव महत्त्वपूर्ण प्रयोजन की उपेक्षा की है। वास्तव में काव्य यदि अच्छे-बुरे का ज्ञान नहीं कराता, सदाचार की शिक्षा नहीं देता, विवेक पक्ष को जागरित नहीं करता और किसके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए यह नहीं सिखाता, तो वह काव्य श्रेष्ठ नहीं हो सकता। अतः व्यवहारज्ञान जैसा प्रयोजन उपेक्षणीय नहीं कहा जा सकता है। सम्भव है कि भिखारीदास ने इस काव्य प्रयोजन का अन्तर्भाव अपने 'सुखद-सीख' नामक काव्यप्रयोजन में ही मान लिया हो।

(ब) मम्मट ने रसास्वादन से आविर्भूत आनन्द को काव्यरचना का सर्वश्रेष्ठ प्रयोजन माना है। उन्होंने सद्यः परनिर्वृत्ति को सकलप्रयोजनमौलि-

भूत मानकर काव्य की रसात्मकता पर विशेष बल दिया है। किन्तु भिखारीदास ने ऐसा कोई विचार नहीं किया है।

(ग) काव्यरचना कवि और सहृदय, दोनों के ही जीवनस्तर को प्रभावित करती है। इससे कवि को भी लाभ होता है और सहृदय श्रोता किंवा पाठक को भी। हम देखते हैं कि आचार्य मम्मट ने तो इस तथ्य का संकेत किया है, जिसके आधार पर काव्यप्रकाश के टीकाकारों ने मम्मटसम्मत काव्यप्रयोजनों को कविगत, सहृदय और उभयगत के नामों से तीन भागों में विभाजित भी कर दिया है जो अच्छा भी लगता है, किन्तु भिखारीदास ने काव्यरचना के प्रयोजनों में निहित इस मनोवैज्ञानिक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। फलस्वरूप इनका मत मम्मट के मत की तुलना में कुछ न्यून सा प्रतीत होता है।

(घ) काव्यहेतु

कारण के अभाव में कार्य का निर्माण सम्भव नहीं है। काव्यरचना के जिन कारणों को आचार्य मम्मट ने उल्लिखित किया है, वे हैं—

> शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
> काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे॥[६]

अर्थात् काव्य का उद्भव—शक्ति, निपुणता और अभ्यास—इन तीन हेतुओं द्वारा होता है। मम्मट की दृष्टि में शक्ति कवित्वबीजरूप एक संस्कार-विशेष है, जो कविता का बीज हुआ करता है, जिसके बिना कोई भी कवि काव्य सर्जना नहीं कर सकता, और यदि कोई कवि कवित्वबीजरूप संस्कारविशेष के अभाव में भी काव्य का निर्माण करता है तो उसका काव्य उपहासास्पद हो जाता है। मम्मट ने काव्यसर्जना के लिए चेतनाचेतनात्मक संसार के विविध प्रकार के व्यवहारों, छन्द-व्याकरण-कोष-कला-पुरुषार्थचतुष्टय-गज-तुरग-खड्ग आदि पदार्थों का निरूपण करने वाले शास्त्रग्रन्थों तथा महाकवियों द्वारा लिखित महाकाव्यों और उक्त इतिहासादिरूप ग्रन्थों के स्वाध्याय से उत्पन्न होने वाली व्युत्पत्ति अर्थात् निपुणता को भी हेतु माना है। इतना ही नहीं, बल्कि उनकी दृष्टि में काव्यकर्ताओं और काव्यसमीक्षकों की शिक्षा के अनुरूप काव्यनिर्माण करने एवं उसका निरन्तर अभ्यास भी काव्यसर्जना का हेतु है। इस

६ काव्यप्रकाश, १।३

सन्दर्भ में उनका यह भी कहना है कि काव्य का निर्माण करने में और उसमें उत्कर्ष लाने में शक्ति, निपुणता और अभ्यास—ये तीनों काव्यहेतु मिलकर ही 'हेतु' हुआ करते हैं, न कि स्वतन्त्र रूप से पृथक्-पृथक् रहकर[७]।

काव्यहेतु के सन्दर्भ में भिखारीदास का कहना है कि—

सक्ति कवित्त बनाइबे की जिहि जन्मनछत्र में दीनी विधातैं।
काव्य की रीति सिख्यो सुकवीन सों देखी सुनी बहुलोक की बातैं॥
दासजू जामे एकत्र ये तीनों बनें कबिता मनरोचक तातैं।
एक बिना न चलै रथ जैसे धुरंधर सूत की चक्र निपातैं॥[८]

तुलनात्मक समीक्षा

मम्मट सम्मत काव्यहेतु	भिखारीदास सम्मत काव्यहेतु
(अ) शक्ति,	(अ) शक्ति
(ब) निपुणता तथा	(ब) लोकानुभव तथा
(स) अभ्यास।	(स) सुकवियों से काव्यसर्जना की शिक्षा ग्रहण करना।

(अ) मम्मट और भिखारीदास—दोनों ही ने काव्य के तीन हेतु स्वीकार किये हैं। शक्ति को आचार्य मम्मट ने 'संस्कारविशेष' कहा है और भिखारीदास ने 'विधाता' द्वारा जन्मसमय में दी गई 'शक्तिविशेष'।

(ब) मम्मटोक्त निपुणता को भिखारीदास ने लोकानुभव की संज्ञा दी है। किन्तु मम्मट न केवल लौकिकव्यवहारज्ञानजन्य निपुणता को ही नहीं लिया, अपितु उसमें छन्द-व्याकरण-कोश-काव्येतिहासादि-विविधविषयकज्ञान-जन्य निपुणता को भी समाहित किया है। फलस्वरूप उनके द्वारा निर्धारित की गई 'निपुणता' में ज्ञान की समग्रव्यापकता पाई जाती है। किन्तु भिखारीदास ने 'देखी सुनी बहुलोक की बातैं' कहकर केवल लोकव्यवहारज्ञानजन्य निपुणता को ही काव्यहेतु मान लिया है जो हमारी दृष्टि से लोककाव्य की सर्जना के लिए तो पर्याप्त है किन्तु शास्त्रज्ञानगर्भित काव्य की रचना के लिए वह अपर्याप्त ही होगा। पर मम्मट द्वारा निर्धारित 'निपुणता' को प्राप्त कर लेने पर व्यक्ति किसी भी प्रकार के काव्य की सर्जना कर सकता है, इसमें

---

७ वही, १।३ वृत्ति भाग।
८ काव्यनिर्णय, १।१२

सन्देह नहीं है। इससे सिद्ध है कि सर्वांगीण कवित्व की प्राप्ति के लिए लोकानुभव ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए विविध शास्त्र काव्येतिहासादि विषयों का भी ज्ञान होना ही चाहिए। लेकिन हमारे भिखारीदास इस तथ्य का अनुभव नहीं कर पाए हैं। अत कहना पडता है कि उनके द्वारा निर्धारित 'निपुणता' मे अव्याप्ति दोष है।

(स) मम्मट ने 'अभ्यास' के लिए कवि और विवेचक—दोनों से ही, न कि केवल कवि से ही—शिक्षा ग्रहण करके निरन्तर काव्यसर्जनाभ्यास करने की बात कही है, जो सर्वथा उचित है। क्योकि काव्यसर्जना की प्रयोगात्मक शिक्षा कवि से मिलती है और सैद्धान्तिक शिक्षा विवेचक से। शायद कहने की आवश्यकता नहीं है कि काव्यसर्जना के आरम्भिककाल मे ये दोनों ही प्रकार की शिक्षायें आवश्यक होती हैं। किन्तु भिखारीदास ने सुकवियों से शिक्षा पाने के लिए तो कहा है, पर काव्यविचारकों का ध्यान उनके दृष्टिपथ म नहीं आया। उन्होंने पौन पुन्येन प्रवृत्तिरूप मम्मटसम्मत अभ्यास को भी काव्यसर्जना के हेतुरूप मे मान्यता प्रदान नहीं की है, जो चिन्तनीय है। प्रत्येक असहज क्रिया की निष्पत्ति के लिए पूर्वाभ्यास आवश्यक होता है और कहना न होगा कि काव्यसजना सहज क्रिया नहीं है।

(द) हालांकि मम्मट काव्यहेतुओं के सम्मिलित रूप को ही काव्यत्व का निमापक और उत्कर्षाधायक मानते हैं, फिर भी हमे ऐसा लगता है कि वह शक्ति को, कवित्व का बीज कहकर सर्वाधिक महत्त्व देना चाहते है। भिखारी दास ने भी काव्यसृष्टि के लिए तीनो ही हेतुओं का समन्वय अनिवार्य माना है। किन्तु उन्होंने इनम स किसी हेतु विशेष का महत्त्वविशेष नहीं बताना चाहा है। हाँ इतना अवश्य है कि वह इन तीनों ही हेतुओं का समन्वय करत हुए यह स्पष्ट कह देते है कि जिस प्रकार दण्ड, चक्र और सारथि के अभाव म रथ नहीं चल सकता, उसी प्रकार शक्ति, सुकवियो से प्राप्त शिक्षा और लोकानुभव मे स किसी एक का भी अभाव होने पर काव्यत्व का स्फुरण नहीं हो सकता, जबकि मम्मट ने इस प्रसग म ऐसा कोई उदाहरण नहीं दिया है।

(इ) निष्कर्ष

इसमे कोई सन्देह नहीं है कि संस्कृत काव्यशास्त्र के क्षेत्र मे जो महत्त्व आचार्य मम्मट का है, हिन्दी काव्यसमीक्षा के जगत् म वही महत्त्व आचार्य

भिखारीदास का है। किन्तु प्रकृत लेख मे प्रकट किए गए तुलनात्मक तथ्यो के आलोक मे यह निष्कर्ष निकलता दीखता है कि भिखारीदास की मनीषा अपने पूर्ववर्ती आचार्य मम्मट की सवेदनशील प्रतिभा को आक्रान्त करने की कामना तो रखती है, तदनुरूप कही कुछ प्रयत्नविशेष भी करती है, किन्तु सफल नही हो पाती। बल्कि इसीलिए वह कही-कही उसके समकक्ष भी नही ठहर पाती। लेकिन इसके बावजूद भी हमारी धारणा बनी है कि भिखारीदास की 'काव्यनिर्णय' निर्माण रूप यह साधना सफल है, आज के हिन्दी युग मे बहुमूल्यवती है, मम्मट के काव्यप्रकाश का स्वाध्याय करने मे भी सहायता प्रदान करती है, और इन्ही सब कारणो से प्रशसनीय है *।

---

*(१) यह शोधलेख मेरठ विश्वविद्यालय सस्कृत शोधपत्रिका, १९८२/१-२ (सयुक्ताङ्क) मे प्रकाशित है।
(२) यह शोधलेख डॉ० नीरजा टण्डन, लेक्चरर् हिन्दी विभाग, कुमायू विश्वविद्यालय, नैनीताल के सयुक्तनेतृत्व मे लिखा गया है।

'जय भारतभूमे' काव्यस्य मूल्याङ्कनम्

(क) रचनापरिचय

'जय भारतभूमे' नामकमेकं पद्यकाव्यं विगते ईशवीये भू वसु ग्रह-भूमिते (१९८१) अब्दे 'देववाणी परिषद्, दिल्ली' त प्राकाश्यमायातमस्तीति नवनवरचनास्वाध्यायशीलाना प्रगतिशीलाना सुरगवीसमुपासकाना विदितचरमेव भवेदिति मन्ये। काव्यस्यास्य प्रणेता रससिद्ध कविवरो डॉ० रमाकान्तशुक्लो वर्तते, यो हि *भारतराष्ट्रधान्या नवदिल्ल्या वाणीविहारे आर-षष्ठे स्वीये* आवासे विहितवासो सस्कृतभाषाया मतिक्रियात्मको तीव्रतमौ प्रचार-प्रसारौ विदधानो महासचिवत्वेन च देववाणीपरिषद सेवमानोऽजस्र सस्कृतसाहित्य-श्रीवृद्धये भव्यभाषाभावभरिता काव्यसम्पद विरचयन् सस्कृतसाहित्यससारे लब्धमानसम्मानो वरीवृत्यते।

अस्मिन् काव्ये समानभावाना सप्ताना कविताना समावेशो वर्तते। तासा क्रमेण नामानि सन्ति—१-जय भारतभूमे, २-भजे भारतम्, ३-मम भारत विजयते, ४-भारतभूमिविलसति, ५-जय भारतमेदिनि विश्वनुते, ६-भारताख्य स्वदेश, ७-दिव्य मम भारत चेति। एतासु 'जय भारतभूमे' कवितायामष्टाविंशति, 'भजे भारतम्' कविताया चापि अष्टाविंशति, 'मम भारत विजयते' कवितायामेकादश, 'भारतभूमिविलसति' कविताया द्वादश, 'जय भारतमेदिनि विश्वनुते' कविताया नव, 'भारताख्य स्वदश' कविताया द्वादश, तथा 'दिव्य मम भारतम्' कवितायामष्टौ पद्यानि सन्ति। सर्वाणि चेमानि समवेतानि भूत्वा अष्टोत्तरशतमन्यद्यानि भवन्ति। यद्यपि पुस्तकेऽस्मिन् 'जयभारतभूमे' वर्जं स्थाने-स्थाने निर्धारितानि 'भजे भारतम्'-'मम भारत विजयते'-भारतभूमिविलसति'-'जय भारतमेदिनि विश्वनुते'-'भारताख्य स्वदेश'-'दिव्य मम भारतम्' चेति स्वरूपाणि शीर्षकाणि अस्या कृते सग्रहात्मकत्व प्रकटयन्ति, किन्तु सर्वेषु एषु शीर्षकेषु प्रतिपाद्यविषयस्य ऐक्यमालोक्य मामकी मति

अस्या कृतौ शतककाव्यत्वच्छविमनुभवति, न तु तथा आपातमनुभूत सम्प्रहातमकस्वरूपम्। मन्ये यत्कविवरेण डॉक्टरशुक्लमहाभागेन स्वविरचित-'भाति मे भारतम्' इत्याख्यशतककाव्यवदेव (यन्मम दृष्टौ 'मालाकाव्य' सज्ञाधारणेऽपि समयम्) एतद् 'जय भारतभूमे' नामकमपि काव्य शतककाव्य-रूपेणैव (मालाकाव्यरूपेणैव वा) प्रणीतमस्ति।

(ख) भावपक्ष

एतत्काव्यमधीत्य पाठकस्य मनसि कविनिष्ठाया स्वदेशभक्तिभावनाया समुदयो भवतीति निश्चप्रचमेव। यतोहि अस्मिन् काव्ये प्रारम्भादवसानपर्यन्त भारतभूमेरेव गरिमा महिमा वा पाठकस्य अनुभूतिविषयो बोभवीति नान्य-त्तत पर किमपि। कवे दृष्टौ भारतभूमि जन्मभूमित्वात्स्वर्गादपि गरीयसी विद्यते (पृ० स० ३)। इदमेव कारणमस्ति यत्तेनास्या रचनाया आरम्भिकेषु अष्टाविंशतिपद्येषु विविधविशेषणै भारतभूमि सम्बोध्य तस्या भूरिशो जयकार कृतोऽस्ति। स स्वदेश भारत प्रिय मन्यते, स्वीया वा मातृभूमि भारतभूमि पवित्रा मन्यते, भारतस्य भारतभूमेर्वा इय प्रियता पवित्रता वा सर्वेषामेव मन पटले विट्टितास्पदा वर्तते। अतएव स प्रसन्नेन मनसा स्वदेश दिव्यभूत भारत भजते—

> मदीय स्वदेश प्रिय भारत मे
>
> मदीया प्रिया मातृभूमि पवित्रा।
>
> इतीत्थ त्रिलिङ्ग्या जनैर्गीयते यो
>
> भजेऽह मुदा भारत त स्वदेशम्।
>
> भजे त मुदा भारत दिव्यदेशम्॥
>
> — पृष्ठसख्या, ४५

कविवरो डॉ० शुक्लमहाभागो निजदेशस्य प्रणमनीयता कीर्तनीयता-वन्द-नीयतादिरूपा विशेषता समनुभूय स्वदेश प्रणमति, कीर्तयते, वन्दते च, सदैव च कामयते यत्स्वदेशोऽभारत वृद्धि, मुद शोभा च प्राप्नोतु—

> प्रणम्य प्रणम्यो मया य स्वदेश
>
> सदा कीर्तनीय सदा वन्दनीय।
>
> सदा वर्धता मोदता राजता यो
>
> भजेऽह मुदा भारत त स्वदेशम्
>
> भजे त मुदा भारत दिव्यदेशम्॥ पृष्ठसख्या, ४८

एव प्रतिभाति यदेष कविवरो निजदेशे भारते भृश स्निह्यति, अत्यधिक समादर धारयति, महती च श्रद्धा करोति। अनेनैव हेतुना अयमभिलषति यद् भारते कमपि जन क्षुधा नैव पीडयेत्, निवासाभावो न बाधेत, वस्त्रहीनता च न सस्पृशेत, कुत्रापि चात्र कस्यापि केनापि शोषण नैव क्रियेत, विदुषामुपेक्षा नैव भवेत्, दरिद्रता नैव जायेत, दुर्बलता च नैव सम्पीडिता स्यात्—

उपेक्ष्येत नो यत्र वैदुष्यपुञ्जो
न वै व्यथता यत्र दारिद्र्यपुञ्ज।
तथा दुर्बलाघात आस्तां न यत्र
भजेऽह मुदा भारत त स्वदेशम्।
भजे त मुदा भारत दिव्यदेशम्॥

पृष्ठसख्या ४७-४८

काव्येऽस्मिन् कवेरियमपि हार्दिकीच्छा समभिव्यज्यते यदत्र भारते देशद्रुहा, दस्यूना, कामकीटाना, वञ्चकाना, तस्कराणा कर्तव्यभ्रष्टाना च सुतरामभावो भवेत्। एवमेव स 'बलात्कार-हत्या-अपहार प्रहार-अशिक्षा-वधूदाह-भिक्षाचारादीना निन्द्याना जघन्याना देशापकीर्त्तिकराणाम् अकृत्याना क्रमणा पूर्णरूपेण लोप कामयते। तस्य च विश्वासोऽपि वर्त्तते यदेषामपकृत्यानामवश्यमेव लोपो भविष्यति—

(क) नितान्त विहीन कदाचित्तु य स्याद
गृहस्फोटकैर्दस्युभि विड्गसघै।
तथा वञ्चकैस्तस्करैर्भ्रष्टकृत्यै
भजेऽह मुदा भारत त स्वदेशम्।
भजे त मुदा भारत दिव्यदेशम्॥

(ख) बलात्कारहत्यापहारप्रहारा।
अशिक्षावधूदाहभिक्षाप्रचारा
कदाचित्तु लुप्ता भविष्यन्ति यस्मात्
(अवश्य विलुप्ता भविष्यन्ति यस्मात)
भजेऽह मुदा भारत त स्वदेशम्।
भजे त मुदा भारत दिव्यदेशम्॥

—पृष्ठ सख्या, ४४-४५

कविवरोऽयं स्वदेशस्य भारतदेशस्य तास्तानपि दुर्लभान् सद्गुणान् अभिव्यनक्ति यैरयं स्वदेशो विश्वबन्धुतामापद्यमानः सर्वत्रैव सततं धवलं यशो विन्दते। एतैरेव च सद्गुणैर्भारतदेशोऽन्ताराष्ट्रिये प्राच्ये विश्वक्षितिजे भास्करायमाणो विद्यते—

(अ) कुटुम्बं धरित्री दया यस्य मित्रं
मनुष्यार्थसेवा यशोयोऽस्ति धर्मः।
असत्यं च शत्रुः समस्तेऽपि लोके
भजेऽहं मुदा भारतं तं स्वदेशम्।
भजे तं मुदा भारतं विश्वदेशम्॥

—पृष्ठसंख्या ३५

(ब) स्वकीयां बुभुक्षां पिपासां नियम्य
सदा रक्षिता येन भीताः प्रपन्नाः।
यमाहुर्विदग्धास्तथा शान्तिदूतं
भजेऽहं मुदा भारतं तं स्वदेशम्।
भजे तं मुदा भारतं विश्वदेशम्॥

पृष्ठसंख्या, ३६

(स) विश्वस्य बान्धव धर्मोक्षस्य साधक धन्य।
नायकवर पञ्चशील मम भारत विजयते॥

—पृष्ठसंख्या, ४०

(द) आशावादरतायां आदर्शोद्बोधपरायणाविपुलायां।
यस्यां निखिलापीयं वसुधैव कुटुम्बकं भवति॥

—पृष्ठसंख्या ५२

सहृदयहृदयधुरीणस्य कविवरस्यास्य मान्यतास्ति यदेषास्माकीना भारतभूमिः जागृतिशीला, कान्तिविलासा, शान्तियुता, सम्मानयुता, विद्वत्तोषिणी, मानवपोषिणी, समरविशेषिणी, शान्तियुता सत्य-अहिंसा-परहित-करुणा-सर्वसहृत-प्रीतिपरा च वर्तते। एवमेव हरिनामामृततृप्ता, प्रेय-श्रेयसाधनिका, ब्राह्मक्षात्रप्रभापूरा सती व्यापारयुता, जनगणमनोजयगानयुता भूरवा त्याग-भोगभूमिरपि विद्यते (पृष्ठ संख्या, २६-२७)। अन्यस्या भारतीया

जना राष्ट्रभक्ति भगवत्पूजामिव मन्यन्ते तथा अन्नत्या दुरवस्था समूलमुन्मूलयितु कृतसङ्कल्पा अनारत यतमाना सन्ति (पृष्ठसङ्ख्या, ३१) । आध्यात्मिकतारूपिणी परमस्पृहणीया सम्पत्ति भारतस्यैव सविधे वरीवर्ति, यया समस्तससारस्य दुःखसघातसक्षयो विधातु शक्यते । मनोऽभिरामा विविधा कला अपि भारते एव लोचनातिथीभवन्तीत्यत्रापि कवेरस्य न सशय (पृष्ठसङ्ख्या, ४०-४१) । अत्रत्या एव जना आत्मवीरतामादधाना क्रोधमक्रोधेन, असाधुता साधुतया, कदर्यता दानवीरतया, हिंसा चाहिंसया जेतु प्रभवन्तीति विलक्षणमेवास्ति वैलक्षण्य 'भा' रतस्य स्वीयस्य भारतस्य (पृष्ठ सङ्ख्या, ५३) । अत्रत्यागा सस्कृतौ लोकसस्कृतौ चापि महदुपयोगित्वमाकर्षकत्व च विद्येते । विविधविधलोकनृत्य-मेला-महोत्सव-सस्कार-व्रत-पर्वणा यादृशानि मनोऽभिरामाणि समायोजनानि स्वीये भारतदेशे भवन्ति, तादृशानि अन्यत्र सुदुर्लभान्येव सन्ति । एभिरपि भारतभूमेमहिमा सुतरा सवर्धते एव (पृष्ठसङ्ख्या, १७-१८, ३३, ४२, ५०) । प्रकृतिजन्या कृषिक्रियाजन्या च यावती शोभा भारते भाति, तावती अन्यत्र क्वापि न लोचनगोचरीभवति । भारत एव पण्णामृतूनामसीम नयनमनोहारि च वैभव लोके समनुभूयते, येन भारत सदैव 'भारत' सन्तिष्ठते (पृष्ठ सङ्ख्या, २२, २३, ५१,५५, ५८-६०) ।

स्वीय भारते देशे विभिन्नभाषा-धर्म-सम्प्रदायाना सत्त्वेऽपि भारतीयेपु जनपु ऐक्यभावमालोक्य कविवरो डॉ० शुक्लमहाभागो मोदमापद्यते । सूत्रे मणिगणानिव राष्ट्रियभावे परस्पर सङ्ग्रथितानशेषान् भारतीयान् जनानालोकमालोक कविवरोऽयममन्दमानन्दसन्दोहमनुभवति । तदीयोऽयमानन्द पाठकानपि राष्ट्रभक्तिभरितान् सविधाय समानन्दयतीत्यत्र न मे सशीतिलेश (पृष्ठसङ्ख्या, १०,१६, ५१) । कविनामुना स्वीयस्य भारतदेशस्य शान्तिप्रियताया तदाधाते च शक्तिशालितायाः अपि सम्प्रयोगे अमोघ सामर्थ्यं समुपवर्णितमस्ति, येन भारतीयपु जनपु स्वीयरक्षा सुरक्षाभावनापि सुदृढ पद निदधातितराम् । अत मन्ये यदत्रापि स्वराष्ट्रहितसाधने कवे कौशल विजृम्भतेतराम् ।

भारते विधीयमाना सर्वतोमुखी वैज्ञानिकी प्रगतिमपि कविवरो डॉ० शुक्लमहाभाग एतस्य गरिम्णो महिम्नश्च परिवर्धने उल्लेखनीय हेतु मन्यते । एतेनापि हेतुना च भारत विश्वमञ्चे महत्त्वपूर्णां भूमिका विभ्रदस्तीति स्वीय काव्ये साधु साधयन् कविवरोऽय भारतीयेपु भारतीयता प्रति स्पृहणीय भाव जनयतीति मम विश्वास ।

(ग) कलापक्ष

भव्येऽस्मिन् काव्ये कविवरेण काव्यकलापक्षोऽपि चारुतया सन्निवेशितोऽस्ति। छन्दोऽलङ्कारगुणरीतिप्रभृतीनि सर्वाण्येव काव्यकलापक्षीयाणि अङ्गानि लघून्यपि अस्मिन् काव्ये अवलोचकलोचनातिथीभवन्ति। सङ्क्षेपेणात्र तेषां विवरणं प्रस्तूयते—

छन्दांसि

ताटङ्क-भुजङ्गप्रयात-दिक्पाल-आर्या-तोटकमालिनी-द्रुतविलम्बितशार्दूलविक्रीडिताख्यानि प्रसिद्धान्यप्रसिद्धानि च छन्दांसि काव्येऽस्मिन् अनुभूतिविषयतामायान्ति। यथा प्रतिपादं त्रिंशन्मात्रस्य, क्रमेण षोडश्या तदनन्तरं पुनश्चतुर्दश्या च मात्रया यतियुतस्य ताटङ्कनामकस्य छन्दसोऽनुभूतिरधोलिखितपद्यासदृशेषु अष्टाविंशतिपद्येषु बोभूयते—

काशीमथुरापुरीद्वारका—
हरिद्वारमाहात्म्ययुते,
सेतुबन्धकन्याकुमारिका—
गङ्गासागरकीर्तियुते।
बदरीनाथवैष्णवीज्वाला—
हैमकुण्डसुमयशोधरे,
जय जय जय हे भारतभूमे,
जय जय जय भारतभूमे॥
—पृष्ठसङ्ख्या, १२

प्रसङ्गेऽस्मिन्नुल्लेखनीयमस्ति यदस्य छन्दसः प्रयोगे कविवरेण डॉ० शुक्लमहाभागेन यतिविधाने यत्र-कुत्रचित् वैपरीत्यमपि अवलम्बितमस्ति। यतः प्रतिपादं षोडशी मात्रा तदनन्तरं पुनश्चतुर्दशी मात्रा यतियुता स्यादित्यस्य नियमस्य वैपरीत्याद् यत्र कुत्रचित् पद्ये प्रथमं चतुर्दश्या मात्रया तदनन्तरं पुनः षोडश्या मात्रया यतिरागतास्ति। कस्मिंश्चित्पद्ये तु उभयवारं पञ्चदशी एव मात्रा यतिमती दृश्यते। किन्तु छन्दसः प्रवाहप्राबल्याद् भावपक्षस्य च सामर्थ्यादिदं सर्वं सविकृतं परिवर्तनं काव्यगौष्ठवं व्याहन्तु वयमपि नैव समर्थमस्ति, अपितु प्रकृतछन्दोभेदविधाने कविकौशलस्यैव द्योतकं प्रतिभाति।

सर्वत्रैव प्रतिवार द्वादश्या मात्राया यतिपूर्णे दिक्पालनामके मात्रिके छन्दसि कवितामुना एकादशपद्यानि विरचितानि सन्ति । निदर्शनमत्र प्रस्तूयते —

लोकप्रबोधदीप शोकप्रणाशदीप्तम् ।
चेतोविकासकुसुमं मम भारत विजयते ॥
तुङ्गाद्रिविन्ध्यहिममल्याद्रिकीर्तिनिधि ।
गङ्गावनं पवित्र मम भारत विजयते ॥
यत्रापि धर्मेण सहित यत्रापि प्रमोदभरितम् ।
नानाक्रियाकलाप मम भारत विजयते ॥

—पृष्ठ संख्या, ४१

प्रतिचरणं सगणचतुष्टययुक्त तोटकाख्य छन्दोऽनुरूप्य कविवरोऽयं सुललि-तानि नव पद्यानि विरचितवानस्ति । यथा —

(क) हिमवत्कनकाभमरीचिसिते, यमुनाजलनीलविभाभरिते ।
रविबिम्बितकोकनदार्चिते जय भारतमेदिनि विश्वनुते ॥

(ख) नवशस्यपरीतदुकूलयुते, बहुशस्यसमूहविनाहरिते ।
मलयानिलमोदकनादलिते, जय भारतमेदिनि विश्वनुते ॥

—पृष्ठसंख्या, ५५

उपरिवर्णितवृत्तव्यतिरिक्तानि आर्या-मालिनी-भुजङ्गप्रयात-द्रुतविलम्बित-शार्दूलविक्रीडिताख्यानि छन्दांसि सुतरां प्रसिद्धानि सन्तीति विचार्य एतेषामु-दाहरणानि पाठकवरेभ्यो नोपह्रियन्ते । एतदर्थं पाठकवर्गास्तु मूलकृतिमेवाव-लोकयितु कृपा कुर्यु ।

अलङ्काराः

अस्यां कृतौ स्थाने-स्थाने स्वाभाविकत्व-शोभकानामलङ्काराणामपि प्रयोगं कवेः पाटवं प्रस्तौति । अनुप्रास-यमक-उदात्त-उपमाप्रभृतयोऽलङ्काराः कवेः भावाभिव्यक्तिं परिवर्धयन्तः काव्यशोभामावहन्ति । स्थानाभावादत्रैषा-मुदाहरणाभावो मर्षणीय एव तत्त्वविद्भिः ।

गुणरीतय

रचनाया सुकुमारतया, पदानां सुबोधतया, अत एव भाषाया प्रसाद-तया, भावनाया स्निग्धतया, छन्दसां धाराप्रवाहशीलतया, अलङ्काराणां सहजतया

चास्यां कविताकृतौ सर्वत्रैव वैदर्भी रीति प्रसाद-माधुर्य सञ्ज्ञकौ च गुणौ पाठकाना मनोमयूरनर्तन श्रावणमेघायन्ते। अस्मिन्नेव लेखे 'छन्दांसि' इति शीर्षकमादाय समुदाहृतेषु पद्येषु कवेरिद काव्यवैशिष्ट्य पाठकेन नेत्रमनोविषयी-विधातु शक्यते।

(घ) ग्रन्त्यम्

एव रीत्या सक्षेपेणात्र विहितेन विचारेण मामकीनाया मतौ तथ्यमिद सुतरा समाविशति यत्कविवरस्यास्य डॉ० शुक्लमहाभागस्य कृतिरिम काव्य-शास्त्रीयतत्त्वनिचयनिचिता वरीवत्ति। अतएव कविवरोऽ्य मया मुदा समभि-नन्द्यते, आशास्यते चास्य सवेदनशीला, समभिव्यक्तिकुशला निरलसा च लेखनी अनारत सस्कृतसाहित्यस्य सामयिकी श्रीसमृद्धि विधास्यति।*

---

* यह शोधलेख सागरिका (सागर), १९८३/३ तथा अर्वाचीन-सस्कृतम् (दिल्ली), १९८४/२ मे प्रकाशित है।

अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्ये राष्ट्रियभावना

अधुना संस्कृतसाहित्यसमीक्षासंसारे कतिपयेभ्यश्चिद् वर्षेभ्यः 'अर्वाचीनसंस्कृत-साहित्यम्' इत्याख्यो विशेषण-विशेष्यभावविभूषितोऽतिरमणीयः सार्थकश्चैक-शब्दो भूयान् प्रचारमागतोऽस्ति। अनेन इदं तथ्यं प्रकाशितं जातमस्ति यत्संस्कृतभाषायाम् अद्यापि पर्याप्तमात्रायां सर्जना वोभूयमाना विद्यते, तथा एषा भाषापि साहित्यसम्पन्ना अन्या सुजीविता भाषा इव वर्तते। अतो ये जना इमां भाषां मृतभाषां मन्यन्ते, ते महाघने अज्ञानान्धकारे सन्ति, स्वकीय-राष्ट्रस्य च अतिमहत्त्वपूर्णां साहित्यसम्पत्तिं नैव परिचिन्वन्ति, तथा राष्ट्रं पथो भ्रष्टं कृत्वा तदीयां विपुलां क्षतिं कुर्वन्ति।

ममास्मिन् विषये कश्चिदपि सन्देहो नास्ति यदास्माकीनम् अर्वाचीन संस्कृतसाहित्यं लोकदृष्ट्या महदुपयोगि, भाषादृष्ट्या महद् विशालं तथा राष्ट्रदृष्ट्या अत्यन्तं महत्त्वपूर्णं विद्यते। एतदीयपरिशीलनेन च इदं सुतरां स्पष्टं भवति यद् वैदिकं पौराणिकं प्राचीनं च लौकिकं संस्कृतसाहित्यमिव एतदपि साहित्यं भारतीयायाः संस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च महत्त्वमुद्घोषयितुं प्रभवति, एवमेव च भावकान् काव्यरसिकानपि अमन्दमानन्दयति। मम दृष्टौ अस्य साहित्यस्य श्रीवृद्धिकारकाणां साहित्यकाराणां संख्यापि भूयसी विद्यते। किन्तु इदानीमहम् एतेषां सर्वेषां सर्वविधानां वा अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्यकाराणां तथा एतत्प्रणीतानां सर्वेषां सर्वविधानां वा ग्रन्थरत्नानां परिचयं नैव प्रदास्यामि। यतो हि निर्धारितविषयानुसारेण 'अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्ये राष्ट्रियभावना' एव मया भवतां पुरस्तात् उपस्थापनीयास्ति। अतोऽस्मिन्नवसरे अहम् अर्वाचीन संस्कृतसाहित्यस्य केवलं राष्ट्रियभावनाभिव्यञ्जकानामेव कतिपयानां काव्यानां काव्यकाराणां च विवरणं संक्षेपेण प्रस्तुतं करिष्यामि।

मम मतेन राष्ट्रियभावना सा भावनास्ति यया सम्प्रेरितस्य सम्प्रभावितस्य च जनस्य हृदि स्वीयराष्ट्रस्य भूमि, जनसमूह, संस्कृति, सभ्यताम्, इतिहास,

धर्म, साहित्य, कला, राजनीति, रसक, जीवनदर्शन तथा एवमेव अन्यान्यमूल-भूत तत्व प्रति गरिम्णो महिम्नश्च नैसर्गिक स्वाभिमानो वसति । अनया एव भावनया सम्पूर्णं राष्ट्रं अनेकत्वेऽपि एकत्वभावनाया एका अभेद्या भावधारा सदैव सर्वत्र च प्रवहति, राष्ट्र च सदा सर्वे स्वीयमेव मन्यन्ते, अतएव च तदीया अखण्डतापि सदैव जीवन्ती सन्तिष्ठते ।

अह प्रत्येमि यदत्र भवन्तो हर्षमनुभविष्यन्ति इद ज्ञात्वा, यदिदानी स्वकीये अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्ये एकपञ्चाशदुत्तरद्विशतसख्याकानि (२५१) राष्ट्रिय-भावनाभरितानि काव्यानि समुपलभ्यन्ते, तथा राष्ट्रियभावनाभरितकाव्यकर्तृ-णामपि भूयसी सख्या वर्तते, एषा सख्या मम ज्ञानानुसारेण द्वात्रिंशदुत्तरशत-सख्या (१३२) तु नूनमेव सस्पृशति । अह मन्ये यदिमे उभे अपि सख्ये *अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्यस्य राष्ट्रियदृष्ट्या महत्त्व ससाधयितु सुपर्याप्ते वर्तेते ।*

अथाग्रे अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्ये समुपलभ्यमानानामेषा राष्ट्रियभावना-सवलिताना काव्याना तत्कर्तृणाञ्च नामश्रवणसमीहाया समुदय सुतरा स्वाभाविको विद्यते । अस्तन्निरासाय षष्ठ्यन्तकाव्यकारनामनिर्देशपूर्वक प्रथमान्तकाव्यसख्यान करोमि, सधैर्यम् अधीयताम्—सवश्रीमदम्बिकादत्तव्या-सस्य शिवराजविजय सामवत च, राजराजवर्मणो गीर्वाणवाणीविजय, शङ्कर-लालस्य गोरक्षाभ्युदयम्, अखिलानन्दशर्मणो दयानन्ददिग्विजयम्, श्रीपादशास्त्रि हसूरकरस्य पृथ्वीराजचह्वाणचरितम् – छत्रपतिशिवाजीमहाराजचरितम्—श्रीशिवगुरुचरितामृतम्-महाराणा-प्रतापसिहचरितम्-श्रीरामदासचरितम्-राज-स्थानसतीनवरत्नहार महाराष्ट्रसतीनवरत्नहार -महाराष्ट्रक्षत्रियवीररत्नमञ्जूषा-सौराष्ट्रवीररत्नावलि तथा महाराष्ट्रवीररत्नमञ्जूषा, गङ्गाप्रसादोपाध्यायस्य आर्योदयम्, महामहोपाध्यायपण्डितरामावतारशर्मणो भारतगीतिका भारतीय-मितिवृत्त च, मूलशङ्करमाणिक्यलालयाज्ञिकस्य प्रतापविजय छत्रपतिसाम्राज्य च, पण्डिताक्षमाया सत्याग्रहगीता-उत्तरसत्याग्रहगीता-शङ्करजीवनाख्यानम्-श्रीतुकारामचरितम्-स्वराज्यविजय श्रीरामदासचरित च, श्रीहरिनन्दनभट्टस्य सम्राट्चरितम्, श्रीनिवासशास्त्रिणश्चन्द्रमहीपति मथुराप्रसाददीक्षितस्य वीरप्रतापनाटकम्-भारतविजयनाटकम् वीरपृथ्वीराजविजयनाटकम् तथा गान्धी विजयनाटकम्, रङ्गाचार्यस्य श्रीशिवाजीविजयम्, नारायणपतित्रिपाठिन श्रीभारतमातृमाला, पञ्चाननतर्करत्नस्य अमरमङ्गलम्, जीवन्यायतीर्थस्य चण्डताण्डवम्-महाकविकालिदासम्-गान्धिलोकम् विवेकानन्दचरितम् एव स्थानन्यसन्निधिगण, चिट्टिगुडूरवरदाचारियरस्य गुणुप्तिवृत्तम्, मेधाव्रतस्य

दयानन्ददिग्विजयम्-मात का ते दशा-लालवहादुरशास्त्रिप्रशस्ति-चित्तौड़दुर्गम्-तद्भारतवैभवम् तथा प्रकृतिसौन्दर्यम् हरिदाससिद्धान्तवागीशस्य वङ्गीय-प्रतापम् मेवाडप्रताप शिवाजीचरित च, वासुदेवद्विवेदिनो भोजराज्ये संस्कृत-साम्राज्यम् कौत्सस्य गुरुदक्षिणा स्वर्गीयसंस्कृतकविसम्मेलन च, ब्रह्मश्रीकपाली-शास्त्रिणो भारतीस्तव, श्रीनिवास ताडपत्रीकरस्य गान्धीगीता, बालकृष्णभट्टस्य कनकवंश स्वतन्त्रभारत च, रमाचौधुर्युपाध्यायस्य दयानन्दचरितम्, रामकृष्ण-भट्टस्य स्वातन्त्र्यज्योति राष्ट्रध्वजश्च, जयराम शास्त्रिणो जवाहरवसन्तसाम्राज्य श्रीगान्धिबान्धव च, स्वामिभगवदाचार्यस्य श्रीमहात्मगान्धिचरितम्, क्षत्रे-विश्वनाथकेशवस्य अपूर्व शान्तिसग्राम-श्रीसुभाषचरितम्-प्रतापशाक्तम्-शिक्षणम्-जवाहरस्वर्गारोहणम्-अवर्यंवो लालवहादुरोऽभूत् तथा श्रीविवेकानन्दचरितम्, कपिलदेवद्विवेदिन परिवर्तनम्, महादेवपाण्डेयस्य भारतशतकम्, नीरपाजेभीम-भट्टस्य काश्मीरसन्धानसमुद्यम हैदरावादविजय च, रामनिरीक्षणसिंहस्य स्वाधीनभारतम्, द्विजेन्द्रनाथविद्यामार्त्तण्डस्य स्वराज्यविजयम्, डॉ० श्रीधर भास्करवर्णेकरस्य मन्दोर्मिमाला प्रश्नावली विमर्श-जवाहरतरङ्गिणी मातृभूल-हरी-स्वातन्त्र्यवीरशतकम्-श्रीशिवराज्योदयम् विवेकानन्द विजयम्-शिवराजाभि-षेकम्-अध्यात्मशिवायन तथा श्रमगीता, लीलारावदयालाया कटुविपाक-स्वर्णपुरकृपीवला-वीरभा तथा जयन्तु कुमाऊँनीया, नारायणशास्त्रिकाङ्करस्य स्वातन्त्र्ययज्ञाहुति, वासुदेवशास्त्रिवागेवाडीकरस्य शान्तियुद्धम्, भागीरथप्रसाद-त्रिपाठिन कृपकाणा नाग पाश, पी० गोपालकृष्णभट्टस्य महाराज्ञी झासी लक्ष्मी वायी, सुबोधचन्द्रपन्तस्य झाँसीश्वरीचरितम्, यतीन्द्र विमलचौधुरे भारतहृदया-रविन्दम्-महिमामयभारतम्-मेलनतीर्थम्-भारतविवेकम्-भारतराजेन्द्रम् सुभाष-सुभापम्-देशबन्धुप्रियम्-भारतजनकम्-भारतलक्ष्मी-भास्करोदयम्-आनन्दराध तथा महाप्रभुहरिदासम्, रमाचौधुरे देशदीपम् भारतनातम्-भारतपथिकम्-भारतवीर निवेदिननिवेदित च, हरिहरनिवेदिनो नागराजविजय गणाभ्युदय च, म्हदत्तपाठकस्य भारतीयरत्नचरितम्, भवालकरवनमालाया पाददण्डम्, शिवप्रसादभारद्वाजस्य भारत सन्देश-अजेयभारत केसरिचङ्क्रम च, विद्याधर-शास्त्रिणो दुर्बलबलम्, सुरेशचन्द्रत्रिपाठिनो वीरोत्साह वर्धनम्, शशिधरशर्मणो वीरतरङ्गिणी, एस० के० रामचन्द्ररावस्य पौरवदिग्विजयम्, रामकैलाशपाण्डे-यस्य प्रबुद्धभारत भारत च, के० एन० एलुत्तच्छनस्य केरलोदय, पुल्लेल श्रीरामचन्द्ररेड्डि गुसहनभारतम्, डॉ० उमाशङ्करत्रिपाठिन छत्रपतिचरितम्,

राष्ट्रवाण, स्वयम्प्रकाशशर्मण श्रीमत्सिंहचरितम्, मुतुकुल श्रीधरस्य नवभारतम्, अभिराज डॉ० राजेन्द्रमिश्रस्य वाग्वधूटी-राधा माधवीयम्-फण्टूस-चरितभाण तथा अकिञ्चन काञ्चनम, भोजमणिशुक्लस्य कादम्बरीनाटकम्, डॉ० रमाकान्तशुक्लस्य भाति मे भारत तथा जय भारतभूमे, डॉ० वी० राघवस्य पुनरुन्मेष, सहस्रबुद्धे प्रतीकारम् अब्दुलमर्दन च, विनायक वोकीलस्य शिववैभव रमामाधव च, वेङ्कटरत्नस्य इन्दिराविजयम्, पद्मशास्त्रिणो बंगलादेश-विजयम्-स्वराज्य लोकतन्त्रविजय च, करमरस्य लोकमान्यालङ्कार, श्रीधरवेङ्कटेशस्य मातृभूशतकम्, परमानन्दस्य शिवभारतम्, पिण्डय जयरामस्य पर्णालपर्वत-ग्रहणाख्यानम्, वेङ्कटशवामनस्य शिवावतारप्रबन्ध, पुरुषोत्तमकवे शिवकाव्यम, केशवपण्डितस्य राजारामचरितम्, दिलीपदत्तशर्मण प्रतापचम्पू मुनिचरितामृत च, एम० के० ताताचार्यस्य भारती मनोरथम्, बी० आर० लक्ष्मी-अम्मलस्य भारतीगीता, रामरायस्य राष्ट्रस्मृति, प्रभुदत्तशास्त्रिण संस्कृतवाग्विजय, लक्ष्मीनारायणशानभागस्य राष्ट्रपतिगौरवम, के० वी० एल० शास्त्रिणो महात्मविजयम्, वी० नारायणनायरस्य महात्मनिर्वाणम्, वासुदेवात्मारामलाट-करस्य राष्ट्रपति डॉक्टरराजेन्द्रप्रसादचरितम्, विश्वनाथशास्त्रिणो भारतभजनम्, रामकुबेरमालवीयस्य श्रीमालवीयकाव्यम्, बी० एन० दातारस्य अन्तिमयात्रा, साधुशरणमिश्रस्य गान्धिचरितम, लोकनाथशास्त्रिणो गान्धिविजयम्, श्रीपाद कृष्णमूर्ते राजेन्द्रप्रसादाभ्युदयम, विद्यानिधिशास्त्रिण श्रीगान्धिचरितामृतम्, ईशदत्तपाण्डेयस्य प्रतापविजय, गैरिकपाटि लक्ष्मीकान्तस्य भव्यभारत भारत-रत्न च, महालिङ्गशास्त्रिणो भारतीविषाद, अमृतकलशस्य हम्मीरप्रबन्ध तथा मानवेन्द्रस्य पूर्वभारतचम्पू इति ।

अस्मिन् सन्दर्भे मया इदमपि निवेदनीयमस्ति यत् प्राचीनसंस्कृतसाहित्यस्येव अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्यस्यापि अनेका कृतय अद्यापि अप्रकाशिता एव सन्ति, अनेकाश्च कृतय प्रकाशिता सत्योऽपि पर्याप्त प्रचार प्रसार च न लभन्ते, अतएव सर्वासा कृतीना प्राप्तरसम्भवात् मदीयज्ञानस्य च परिमितत्वात् अत्र स्वसमुपदर्शिताम् इमा सूचीम् अह सम्पूर्णा नैव मन्ये । वस्तुतस्तु एषा सूची सम्पूर्णा भवितुमपि नैव शक्नोति । यतो हि साम्प्रतम् अनेके काव्यकारा प्रतिदिन स्वीयया नव्यया भव्यया राष्ट्रभावभरितया कवितया राष्ट्रदेवताया सपर्या कुर्वन्त सन्ति । अतोऽस्या सूच्या वृद्धिस्तु अनारत भविष्यत्येव । अनया च वृद्ध्या संस्कृतभाषासमुपासकानामपि गौरव सतत वर्धिष्यते इति मामको दृढो विश्वास ।

उपरिलिखितस्यास्य अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्यस्य परिशीलनेन इदं तथ्यं प्रकाशमायातमस्ति यत् एषु ग्रन्थेषु राष्ट्रियभावनानुरूपं क्वचित् स्वीय राष्ट्रियभौगोलिकसीम्नां रक्षा-सुरक्षादिविषये भावाः प्रकटिताः सन्ति, क्वचित् स्वीय राष्ट्रं प्रति स्वर्गस्वर्गादपि प्रेमातिशायिनी प्रेमभावना प्रकटितास्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य भौतिकीं, सांस्कृतिकीं तथा आध्यात्मिकीं सम्पत्तिं प्रति आत्मीयतायाः स्वाभिमानस्य च सुदृढा विचाराः प्रस्तुताः सन्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य विकास-कार्येषु निष्ठा प्रदर्शितास्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य कस्यापि क्षेत्रविशेषस्य अथवा जनसमूहविशेषस्य प्राकृतिकीं विपत्तिं स्वीयां विपत्तिं मत्वा यथाशक्ति तन्निरा-साय तनुमनोधनैः प्रयत्नाः विहिताः सन्ति, क्वचित् राष्ट्रियस्य गरिम्णो महिम्नो वा प्रतिष्ठां प्रति अदम्यभावना प्रकटितास्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य प्रगतिकरान् नायकान् प्रति हेतुपूर्वकं समादरभावाः प्रकटिताः सन्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य स्वाधीनता-पराधीनताकालीनदशयोः सुख-दुःखविवरणपूर्वकं वैषम्यं प्रदर्शितमस्ति, क्वचित् हिन्दू-मुसलिमजनानां कृते पारस्परिकैक्यभावनायाः मार्मिकाः प्रसङ्गाः प्रस्तुताः सन्ति, क्वचित् राष्ट्रभूमौ मातृभावना समाधितास्ति, क्वचित् राष्ट्रभूमौ स्वर्गातिशायिता वर्णितास्ति, क्वचित् राष्ट्रभूमेः सुजलता, सुफलता मलयजशीत-लता, सर्वविधानन्ददायिता च दर्शितास्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य सीम्नां रक्षां कुर्वतीनां भारतीयसेनानां व्यक्तिगतसुखसौविध्य-त्यागात्मकं रोमाञ्चजनकं शौर्यं प्रकटित-मस्ति, क्वचित् राष्ट्रविरोधिनीनां भारतीयसमाजसुप्रचलितानां कुरीतीनां हानिप्रदर्शनपूर्वकं तन्निरासाय प्रेरणा प्रदत्ता सन्ति, क्वचित् पञ्चशीलोपदेशाः दत्ताः सन्ति, क्वचित् नश्यमानानां राष्ट्रद्रुहां निन्दा कृतास्ति, क्वचित् गरीय-मानानां राष्ट्रभक्तानां प्रशंसा विहितास्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य रक्षोपायाः प्रदर्शिताः सन्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य नीतयो निरूपिताः सन्ति, क्वचित् राष्ट्रस्य भाषासमस्या निरूप्य समाहितास्ति, क्वचिच्च अन्तराष्ट्रियभावनायाः अर्थात् विश्वमङ्गल-कामनायाः अपि प्रचार-प्रसारयोः विश्वासः प्रकटीकृतोऽस्ति। एवमहं पश्यामि यदेषु काव्येषु राष्ट्रियभावनायाः विविधेषु पक्षेषु पर्याप्तः प्रकाशो लभ्यते। एतदतिरिक्तम् अस्मिन्नर्वाचीने संस्कृतसाहित्ये इदमपि तथ्यम् अनावृतं परि-लक्ष्यते यद् एतत्कालीने संस्कृतसाहित्ये भारतराष्ट्रस्य सत्पराणां प्रगतिकराणां निर्विशेषं प्रजापालकानां समाजसेवकानां राष्ट्रपितृगौरवस्थानां राजनीतिनायकानां नेतृनायकानां पोरस-महाराणाप्रतापसिंह-अमरसिंह-छत्रपतिशिवाजी-गुरुगोविन्द सिंह-रानीदुर्गावती-झाँसीरानी लक्ष्मीबाई-महात्मगान्धि-पण्डितजवाहरलालनेहरू-

नेताजिसुभाषचन्द्रबोस-सरदारभगतसिंह-चन्द्रशेखर आजाद-लोकमान्यबालगङ्गाधरतिलक-लालालाजपतराय-विनायकदामोदरसावरकर-देशबन्धु चितरञ्जनदासरफी अहमद किदवई-सीमान्त गान्धि अब्दुलगफारखान-मीरमक्बूलशेरवानी-सरदार बल्लभभाई पटेल-डॉ राजेन्द्रप्रसाद-युवराजकर्णसिंह-लालबहादुरशास्त्रि-सरोजिनी नायडू—इन्दिरागान्धी-हेमवतीनन्दनबहुगुणाप्रभृतीना राष्ट्रनेतृणाम् तथा गुरुनानक-स्वामिदयानन्द-स्वामिविवेकानन्द-समर्थगुरुरामदास-सन्ततुकाराम-योगिराजारविन्द-रवीन्द्रनाथटैगोर-राजाराममोहनराय-भगिनीनिवेदिता-मदनमोहन मालवीय-आचार्यविनोबाभावेसदृशाना भारतीयसमाजसुधारकाणां राष्ट्रार्पितानि जीवनचरितानि समवलम्ब्य यानि काव्यानि विरचितानि विरच्यमानानि च सन्ति, तेषु तत्तच्चरितमाध्यमेन सर्वैरेव तत्तत्काव्यप्रणेतृभि कविवरै राष्ट्रियभावनाया विहिता विधीयमाना च साङ्गोपाङ्गाभिव्यञ्जना पाठकाना मनासि रोमोद्गमजननपुरस्सर बलादाकर्षतीति न कापि सशीति ।

मदीयोऽयमनुभवोऽस्ति यद् अर्वाचीन संस्कृतसाहित्यस्य भूयान् भागो राष्ट्रियभावनया एव ओत-प्रोतोऽस्ति। इतिहास साक्षी विद्यते यद् भारतीयाना दुर्भाग्येण भारतवर्षो बहुकाल यावत् वैदेशिकानाम् आक्रामकाणा यवनाना तथा कपटकूटपटूनाम् अग्रेजानाम् आधीन्ये आसीत्। तस्मिन् काले भारतीया संस्कृति सभ्यता, प्रजा भूमिश्च सुतरा विपन्ना आसन्। अतएव अत्रत्या देशभक्ता राष्ट्रियभावनाभिभूता सम्प्रत्येव उपरिपरिसख्याता कतिपया सवेदनशीला संस्कृतसाहित्यकारा अनया मर्मच्छेदिन्या पराधीनतापीडया आहता भवन्त आसन्। तैरिदम् अनुभूतम्, यद् भारतीयेषु जनेषु यदि राष्ट्रियचेतना नैव जागरिता क्रियते, तर्हि इद सुविशाल राष्ट्र सवदाकृते पराधीनमेव भविष्यति। अतस्तै भारतस्य भारतीयतायाश्च रक्षा-सुरक्षाहेतवे देशारातिभि सम सदा सघर्षकराणा सद्य एवात्र परिसख्याताना लोकनायकाना नायकाना समाजसुधारकाणा महापुरुषाणा च जीवनलीला आधारीविधाय उपरिवर्णितानि विविधानि राष्ट्रियभावनात्मकानि काव्यानि निर्माय भारतीयेषु जनेषु स्वराष्ट्राभिमानस्य चेतना प्रोद्दीपिता कृतास्ति। अस्मिन्नेव सातत्ये भारतीयता प्रति गौरववर्धकाणामपि बहूना काव्याना सर्जना जातास्ति, जायमानापि चास्ति, यैरसशय जनेषु राष्ट्रियभावनाया उदयविकासौ निरन्तर जायमानौ स्त ।

मम मतेन तु अर्वाचीन संस्कृत साहित्ये राष्ट्रियभावनाया साम्राज्यमेव विलसति । एतद्युगीनाम् अधिकाशवतीषु कृतिषु राष्ट्रियभावना एव

सर्वाधिकमात्राया प्राकाश्यमायातास्ति। अनेका कृतयस्तु केवल राष्ट्रिय-भावनाया एव प्रसारहेतवे लिखिता सन्ति। फलस्वरूपेण तासु आदित समारम्य इति पर्यन्त सर्वत्रैव राष्ट्रियभावना एव स्वीयेषु विविधेषु स्वरूपेषु पाठकानामनुभूतिविषयता समायाति। अतएव अर्वाचीनसंस्कृतसाहित्यस्य एष युगस्तु राष्ट्रियभावनाया स्वर्णिमो युगो वक्तु शक्यते। उल्लेखनीयमस्ति यद् एतद्युगीने संस्कृतसाहित्ये राष्ट्रियाया एकताया सम्प्रभुताया श्च रक्षा-सुरक्षो-पदेश-सन्देशसमकालमेव राष्ट्रस्य सर्वाङ्गीणविकासकरणार्थमपि उपदेशो लभ्यते, यो हि भारतस्य भारतीयतायाश्च गौरववृद्धये परमोपादेयो विद्यते। अनया दृष्ट्या अत्र परिसंख्याता इमे सर्वे एव राष्ट्रियभावनात्मककाव्यकारा मम वन्दनीया सन्ति। अहं विश्वसिमि, यदेषामेव प्रयासेन भारते संस्कृतभारती भूय स्वीयां प्रतिष्ठा प्राप्स्यति।

अन्ते चात्र अहं स्वकीयेभ्यो राष्ट्रनेतृभ्य तथा शिक्षाविद्भ्य परामर्श दातुकामोऽस्मि यत्ते स्वीयभारतराष्ट्रस्य स्वतन्त्रा सम्प्रभुताम् अक्षुण्णा रक्षितुम् तथा भारतीयेषु भारतीयता प्रति अनुरागपूर्णं स्वाभिमान जागरयितु तथा तेषु स्वीय राष्ट्र, स्वराष्ट्रस्य संस्कृति, सभ्यता, भाषा, धर्मं जीवनदर्शन च प्रति सतत निष्ठोदय कर्तुं विद्यालयाना, महाविद्यालयाना तथा विश्वविद्यालयाना शैक्षणिकाणा कार्यक्रमाणा माध्यमेन सववर्गीयेषु विद्यार्थिषु राष्ट्रियभावना-भरितस्य संस्कृतसाहित्यस्य प्ररोचनापूर्वक प्रचार-प्रसारौ कर्तुं कारयितु च सत्वर क्रियाशीला भवेयु, तथा प्रौढशिक्षाया कार्यक्रमेष्वपि अर्वाचीनसंस्कृत साहित्यस्य राष्ट्रियभावनापूर्णान् कतिपयान् अशान् सम्मिलितान् कारयेयु, येन भारत राष्ट्रस्य आबालवृद्ध जनेषु एककालावच्छेदेन राष्ट्रचेतनाया शखो नदेत् तथा विश्वमञ्चे भारत शक्तिसम्पन्नम् अजेयम् अभेद्य च राष्ट्र सिद्ध भवेत्।*

---

* यह शोधलेख सागरिका (सागर), १९८३/४ तथा डॉ निरूपण विद्यालंकार अभिनन्दन ग्रन्थ (मेरठ), १९८३ में प्रकाशित है।

देश भक्ति के संदर्भ में संस्कृत के आधुनिक काव्यकार

संस्कृत साहित्यजगत् में ईशु की सत्रहवीं शताब्दी से लेकर आज तक रचे जा रहे संस्कृत साहित्य को आधुनिक संस्कृत साहित्य की कोटि में रखा जाता है। जहाँ तक मात्रा का प्रश्न है—इसके अन्तर्गत आने वाली प्रकाशित अथवा अप्रकाशित कृतियों और कृतियों के निर्माताओं की भूयसी संख्या है। इनमें लगभग 'एक सौ आठ' ऐसे काव्यकार हैं, जो देशभक्ति परक काव्यकारों की श्रेणी में आते हैं और इनके द्वारा देशभक्तिभाव से भरपूर लगभग २३० काव्यकृतियों की संरचना की गई है। इन काव्यकारों में कतिपय निम्नलिखित काव्यकारों के नाम हमारी दृष्टि में विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं—सर्वश्री अम्बिकादत्त व्यास, अखिलानन्द शर्मा, श्रीपादशास्त्री हसूरकर, मूलशङ्कर माणिकलाल याज्ञिक, पण्डिता क्षमाराव, श्रीनिवासशास्त्री, मथुराप्रसाद दीक्षित आचार्य मेधाव्रत, हरिदास सिद्धान्त वागीश, श्री निवास ताडपत्रीकर, बालकृष्ण भट्ट, स्वामि श्री भगवदाचार्य, विश्वनाथ केशव छत्रे, महादेव पाण्डेय, नीरपाजे भीमभट्ट, प्रोफेसर रामनिरीक्षण सिंह, श्रीधर भास्कर वर्णेकर, गोपालकृष्ण भट्ट, सुबोधचन्द्रपन्त, यतीन्द्र विमल चौधुरी, श्रीमती रमा चौधुरी, शिवप्रसाद भारद्वाज, शशिधर शर्मा, एस० के० रामचन्द्र राव, के० एन० एलुत्तच्छन्, श्रीराम वेलणकर, ब्रह्मानन्द शुक्ल, श्यामवर्ण द्विवेदी, गोपालशास्त्री दर्शनकेसरी, गजानन बालकृष्ण पलसुले, त्र्यम्बक शर्मा, माधवराव श्रीहरि अणे, बी० के० भट्टाचार्य, रमेशचन्द्रशुक्ल, रामकृष्ण शर्मा, वनभद्र प्रसाद गोस्वामी, वे० एस्० नागराजन्, सत्यव्रतशास्त्री, चुन्नीलाल सूदन, कपिलदेव द्विवेदी, यज्ञेश्वर शास्त्री, स्वयं प्रकाश शर्मा, मुकुन्द श्रीधर, राजेन्द्र मिश्र, रमाकान्त शुक्ल आदि।

इन उपर्युक्त आधुनिक संस्कृत काव्यकारों की कृतियों में प्राचीन लौकिक संस्कृत साहित्यकारों की भी कृतियों की अपेक्षा देशभक्ति की मात्रा अधिक है। इसका कारण है कि हमारा भारतवर्ष बहुत समय तक यवनों और

अग्रेजो के अधीन रहा, फलस्वरूप देश की सस्कृति, सभ्यता, जीवन आदि विपन्न दशा मे थे। भारत की यह दुर्दशा यहाँ के भावुक साहित्यकारो से न देखी गई। अत उन्होंने उचित समझा कि भारतीयो मे काव्य के माध्यम से देशभक्ति की भावना जगाई जाय। फलस्वरूप उनकी लेखनी अब नारी के सौन्दर्य, प्रकृति के सौन्दर्य, शृगाररस, हास्यरस और करुणरस को अपना लक्ष्य न मानकर देशभक्त महापुरुषो के यशोगान, देश के वैभव के स्मरण, स्वातन्त्र्य के गीतो के गायन, देशमुक्ति के लिए किये गये युद्ध, भारतीय भाषा के महत्त्व के उद्घोषण, नारीजागरण, सत्याग्रह आदि को ही अपना वर्ण्य विषय बनाने लगी।

सन् १९४७ ई० मे जब भारतवर्ष अग्रेजो की दासता मे मुक्त हो गया तब तो देशभक्तिभावपरक साहित्य की सर्जना मे और भी वृद्धि हो गई। इस साहित्य को देखने से हमे ज्ञात हुआ कि इन काव्यकारो ने ४२ ऐसे देशभक्त महापुरुषो के जीवन को अपनी कृतियो का वर्ण्य विषय बनाया, जिनके कार्यकलाप देशानुरागजनक थे।। इन महापुरुषो मे मर्यादापालक, देश के रक्षक, समाजसुधारक, लेखक, लोकनायक, सन्त, ऋषि, क्रान्तिकारी और देशभक्त वीराङ्गनाएँ सम्मिलित हैं। उल्लेखनीय है कि आधुनिक सस्कृत काव्यकारो ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और उनके देशभक्तिभावनापरक कार्यकलापो का वर्णन सर्वाधिक किया हैं। तेरह काव्यकारो ने महात्मागाँधी को ही अपनी कृतियो का विषय बनाया है। इस क्रम मे दूसरा स्थान राष्ट्रनायक प० जवाहरलाल नेहरू को प्राप्त है। इनके जीवन का अकन दश कवियो ने किया है। तीसरा स्थान छत्रपति शिवाजी का है। इनको सात कवियो ने अपने काव्यो का विषय बनाया है। पाँच कवियो ने राणाप्रताप के पराक्रमपूर्ण कार्यकलापो का वर्णन करके वर्णन वरीयता मे उनको चतुर्थ स्थान का अधिकारी बनाया है। इसके बाद चार कवियो ने महारानी लक्ष्मीबाई को और चार ही कवियो ने हमारी प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरागाधी को अपने काव्यो का वर्ण्यविषय बनाया है। महर्षि दयानन्द और स्वामिविवेकानन्द को क्रमश तीन-तीन कवियो ने अपनी रचनाओ का केन्द्र बनाया है। पृथ्वीराज चौहान, श्रीसुभाषचन्द्र बोस, लालबहादुर शास्त्री, सरदार भगतसिंह, लोकमान्य बालगगाधर तिलक योगिराज अरविन्द—इन छ देशभक्त वीर महापुरुषो को गौरव प्रदान करने वाले काव्यकारो की सख्या दो-दो है, जबकि शकर पाण्डुरग,

सन्त तुकाराम, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद, रामचन्द्र, भरत, महर्षि विश्वामित्र, श्री ब्रह्मानन्द शुक्ल, समर्थ गुरु रामदास, हेमवतीनन्दन बहुगुणा, ब्रिटिशसम्राट् महामहिम जार्ज पंचम, चन्द्रमहीपति (काल्पनिक), अमरसिंह, वीरप्रतापादित्य, कनकपाल, नागराज, लालालाजपतराय, वीर पोरस, महात्मा दधीचि, महारानी दुर्गावती, छत्रसाल, महर्षि पाणिनि, गुरु गोविन्दसिंह, विनायक दामोदर सावरकर, सीता, देशबन्धु चितरंजनदास, रवीन्द्रनाथ टैगोर, राजा राममोहन राय और भगिनी निवेदिता—इन २८ महापुरुषों के देशभक्ति से आप्लावित जीवन, क्रमश एक-एक ही कवि के काव्य का वर्ण्यविषय बने हैं। श्रीमत्तेश्वर शास्त्री ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, महर्षि दयानन्द, लोकमान्य बालगङ्गाधर तिलक, राष्ट्रपिता महात्मागांधी, लालालाजपतराय, प० जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, राजेन्द्र प्रसाद, सरदार भगतसिंह, लालबहादुर शास्त्री और श्रीमती इन्दिरा गान्धी के अतिरिक्त महामना पण्डित मदनमोहन मालवीय, सरदार वल्लभभाई पटेल, आचार्य विनोबाभावे, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, चन्द्रशेखर आजाद, सीमान्तगान्धी खान अब्दुल गफ्फार, रफी अहमद किदवई, सरोजिनी नायडू, वी० वी० गिरि और युवराज कर्णसिंह को भी अपने भारतराष्ट्ररत्न नामक काव्यसग्रह म बड़े गौरव के साथ वर्णित किया है।

यह हमारे और हमारे देश के लिए बड़े गौरव का विषय है कि छत्तीस काव्यकारों ने अपनी कृतियों मे जिन विषयों को लिया है, वे हैं—(१) भारत के पुरातन और अधुनातन वैभव का गौरवपूर्ण स्मरण, (२) यवनों और अंग्रेजो की दासता की शृखला मे आबद्ध भारतमाता का देखकर जननायकों के समान ही सामान्य जनता के भी दुखी और क्रोधाविष्ट होकर स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए किय गए प्रयत्न (३) स्वराज्य प्राप्ति और (४) स्वतन्त्र भारत की स्थिति। दो साहित्यकारों ने बगलादेश नामक नवोदित राष्ट्र के जन्म के समय भारतीय नेताओं की सूझबूझ और भारतीय सैनिकों के वीरतापूर्ण कार्य-कलापों का वर्णन किया है। एक कवि (डॉ० सत्यव्रत शास्त्री) द्वारा प्रणीत, थाईलैण्ड नामक देश पर आधारित, 'थाईदेशविलासम्' नामक काव्य को हमने देशभक्तिपरक इसलिए मान लिया है, क्योंकि इस काव्य के कवि ने थाईलैण्ड म हमारे देश की ही संस्कृति और सभ्यता के पल्लवित होने का वर्णन किया है।

भारतवर्ष के अंगरूप कश्मीर को अपने काव्य का विषय दो कवियों ने बनाया है। इसके अतिरिक्त हैदराबाद और केरल नामक, देश के दक्षिण दिशा

में अवस्थित, दो प्रदेशों का क्रमश एक-एक कवि द्वारा किया गया वर्णन भी हमारी देशभक्ति को जगाता है।

स्वदेशरक्षापरक युद्ध का वर्णन मुख्यत श्रीमती लीलाराव, श्रीसुरेशचन्द्र त्रिपाठी और आचार्य श्री शशिधर शर्मा ने अपनी कृतियों में किया है।

श्रीधरभास्कर वर्णेकर ने संस्कृत भाषा को अनिवार्य बताकर अपनी स्वदेशप्रियता को हम सबके समक्ष अभिव्यक्त किया है। इसी तरह शठकोप विद्यालंकार ने भी अपनी कृति में संस्कृत आदि भारतीय भाषाओं की महत्ता को सिद्ध किया है।

इसके अतिरिक्त यदि एक ओर श्रीधरभास्कर वर्णेकर ने अपनी दो कृतियों में क्रमश श्रम और श्रीगांधी जी के सत्याग्रह आन्दोलन को ही प्रमुख विषय के रूप में चुना है, तो दूसरी ओर गोपालशास्त्री दर्शन केसरी ने देश की प्रमुख आवश्यकता, नारीजागरण पर काव्य की सर्जना की है।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर हमने वर्णन के वरीयताक्रम को ध्यान में रखते हुए सरलतया बोध हेतु चार सारणियाँ तैयार की हैं, जो इस प्रकार हैं—

(क) प्रथम सारणी

क्र स	वर्णित व्यक्ति	कवियों के नाम	कवियों की संख्या
१	महात्मा गाँधी	पण्डिता क्षमाराव, प मथुराप्रसाद दीक्षित, श्रीनिवासताडपत्रीकर, प जयराम शास्त्री, स्वामी श्री भगवदाचार्य, श्री विश्वनाथ केशव छत्रे, श्रीयतीन्द्र विमल चौधुरी, श्रीमती रमा चौधुरी, श्री ब्रह्मानन्द शुक्ल, डॉ रमेशचन्द्र शुक्ल, श्री शिवगोविन्द त्रिपाठी, श्री द्वारकाप्रसाद त्रिपाठी, श्री किशोरनाथ झा।	१३
२	प जवाहरलाल नेहरू	प जयराम शास्त्री, डॉ श्रीधरभास्कर वर्णेकर, श्री श्रीराम भि वेलणकर,	१०

		ज्वालापतिलिंगशास्त्री, श्री ब्रह्मानन्द शुक्ल, श्री श्यामवर्ण द्विवेदी, श्री रमाकान्त मिश्र, श्री द्वारका प्रसाद त्रिपाठी, प रघुनाथप्रसाद चतुर्वेदी, श्री बलभद्रप्रसाद गोस्वामी।	
३	छत्रपति शिवाजी	अम्बिकादत्त व्यास, मूलशकर याज्ञिक, श्रीहरिदाससिद्धान्तवागीश, डॉ श्रीधर भास्कर वर्णेकर, श्रीमती रमा चौधुरी, श्री उमाशकर त्रिपाठी, श्री श्रीराम वेलणकर।	७
४	महाराणा प्रताप	मूलशकर याज्ञिक, मथुराप्रसाद दीक्षित, श्रीहरिदाससिद्धान्तवागीश, श्री विश्वनाथ केशव छत्रे, श्री श्रीराम वेलणकर।	५
५	महारानी लक्ष्मी-बाई	श्री गोपाल कृष्णभट्ट, श्रीसुबोधचन्द्र पन्त, श्री यतीन्द्रविमल चौधुरी, श्री श्रीराम भि वेलणकर।	४
६	श्रीमती इन्दिरा गाँधी	डॉ सत्यव्रत शास्त्री, डॉ रमेशचन्द्र शुक्ल, श्री द्वारकाप्रसाद त्रिपाठी, श्रीकृष्ण सेमवाल।	४
७	स्वामी दयानन्द	श्री अखिलानन्द शर्मा, आचार्य मेधाव्रत, श्री रमाकान्त शर्मा।	३
८	स्वामी विवेकानन्द	डॉ श्रीधर भास्कर वर्णेकर, श्री यतीन्द्र विमल चौधुरी, प त्र्यम्बक शर्मा।	३
९	पृथ्वीराज चौहान	श्रीपादशास्त्री हसूरकर, मथुराप्रसाद दीक्षित	२

१०	श्रीसुभाषचन्द्र बोस	श्री विश्वनाथ केशवछत्रे, श्रीयतीन्द्र विमल चौधुरी	~
११	श्रीलालबहादुर शास्त्री	श्री रमेशचन्द्रशुक्ल, श्री द्वारकाप्रसाद त्रिपाठी	२
१२	सरदार भगतसिह	श्री चूनीलाल सूदन, श्री स्वय प्रकाश शर्मा	२
१३	लोकमान्य बाल-गगाधर तिलक	श्री हरि अणे, श्री श्री राम भि० वेलणकर।	२
१४	योगिराज अर-विन्द	यतीन्द्र विमल चौधुरी, ब्रह्मश्री कपाली शास्त्री	२
१५	शकर पाण्डुरग	पण्डिता क्षमाराव	१
१६	सन्त तुकाराम	,,	१
१७	समर्थ गुरु रामदास	,,	१
१८	राजेन्द्र प्रसाद	यतीन्द्र विमल चौधुरी	१
१९.	देशबन्धु चितरजनदास	,,	१
२०	रवीन्द्रनाथ टैगोर	,,	१
२१	राजा राममोहन राय	श्रीमती रमा चौधुरी	१
२२	भगिनी निवेदिता	,,	१
२३	भरत	श्री रमेशचन्द्र शुक्ल	१
२४	रामचन्द्र	,,	१
२५	आचार्य ब्रह्मानन्द शुक्ल	डॉ रमेशचन्द्र शुक्ल	१
२६	महर्षि विश्वामित्र	श्री कृष्ण जोशी	१
२७	श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा	श्री श्रीकृष्ण सेमवाल	१

२८	ब्रिटिश सम्राट् महामहिम जार्ज पंचम	श्री हरिनन्दन भट्ट	१
२९	चन्द्रमहीपति (काल्पनिक)	श्री श्रीनिवास शास्त्री	१
३०	अमरसिंह	पंचानन तर्करत्न	१
३१	वीर प्रतापादित्य	श्रीहरिदास सिद्धान्तवागीश	१
३२	कनकपाल एवं उनका वंश	बालकृष्ण भट्ट	१
३३	नागराज	डॉ हरिहर त्रिवेदी	१
३४	लाला लाजपत राय	शिवप्रसाद भारद्वाज	१
३५	पोरस	श्री रामचन्द्र राव	१
३६	महात्मा दधीचि	श्री श्रीराम भि० वेलणकर	१
३७	महारानी दुर्गावती	,,	१
३८	छत्रशाल	,,	१
३९	महर्षि पाणिनि	गोपाल शास्त्री दर्शन केसरी	१
४०	गुरुगोविन्द सिंह	श्री श्रुतिकांत शर्मा	१
४१	विनायक दामोदर सावरकर	गजानन बालकृष्ण पलसुले	१
४२	सीता	डॉ रेवाप्रसाद द्विवेदी	१
४३	मदन मोहन मालवीय	श्री यज्ञेश्वर शास्त्री	१
४४	सरदार वल्लभ भाई पटेल		१
४५	डॉ राधाकृष्णन्		१
४६	चन्द्रशेखर आजाद		१

४७	आचार्य विनोबा भावे	,,	१
४८	सीमान्तगांधी अब्दुल गफ्फार खान	,,	१
४९	रफी अहमद किदवई	,,	१
५०	वी वी गिरि	,,	१
५१	सरोजिनी नायडू	,,	१
५२	युवराज कर्णसिंह	,,	१

(ख) द्वितीय सारणी

क स	वर्णित देश	कवियो के नाम	कवियों की सख्या
१	भारतवर्ष	गगाप्रसाद उपाध्याय, महामहोपाध्याय प रामावतार शर्मा, श्री हरिनन्दन भट्ट, श्री नारायणपति त्रिपाठी, श्री चिट्टिगुडूर वरदाचारियर, श्री महादेव पाण्डेय, डॉ श्रीधरभास्कर वर्णेकर, श्री विश्वनाथ केशव छत्रे, श्री कपिलदेव द्विवेदी, यतीन्द्र विमल चौधुरी, पण्डिता क्षमाराव मथुराप्रसाद दीक्षित, श्रीबालकृष्ण भट्ट, श्री रामकृष्ण भट्ट, प्रो रामनिरीक्षण सिंह, श्री द्विजेन्द्रनाथ विद्यामार्तण्ड, श्री मनी लीलाराव, श्री वासुदेव शास्त्री, श्री रामकैलाश पाण्डेय, श्री रुद्रदत्त पाठक, डा शिवप्रसाद भारद्वाज श्रीमती रमा चौधुरी, गजानन बालकृष्ण पलमुले डा कृष्णलाल, श्री कृ वा चितले, श्री हरदत्त वेदालङ्कार,	

		वेंकटराघवाचार्य, डॉ वी के भट्टाचाय, श्री प्रभुदत्त स्वामी, श्री द्वारकाप्रसाद त्रिपाठी, डॉ के एस नागराजन्, डॉ शिव सागर त्रिपाठी, डॉ कपिलदेव द्विवेदी, श्रीरामनाथ पाठक, श्रीमुकुल श्रीधर, अभिराज डॉ राजेन्द्र मिश्र, डॉ रमाकान्त शुक्ल।	३७
२	बँगलादेश	डॉ रामकृष्ण शर्मा, डॉ रमेशचन्द्र शुक्ल।	२
३	थाई देश	डॉ सत्यव्रत शास्त्री	१

(ग) तृतीय सारणी

क्र स	वर्णित प्रान्त	कवियो के नाम	कवियो की स
१	कश्मीर	चूनीलाल सूदन, नीरपाजे भीमभट्ट	२
२	हैदराबाद	नीरपाजे भीमभट्ट	१
३	केरल	के एन्० एलुत्तच्छन्	१

(घ) चतुर्थ सारणी

क्र स	वर्णित विविध विषय	कवियो के नाम	कवियों की स
१	युद्ध वणन	श्रीमती लीलाराव, श्री सुरेशचन्द्र त्रिपाठी, नीरपाजे भीमभट्ट, आचाय श्री शशिधर शर्मा, डॉ शिवसागर त्रिपाठी, डॉ रामकृष्ण शर्मा, डॉ रमेशचन्द्र शुक्ल।	७

२	भारतीय भाषा (संस्कृत भाषा)	डॉ श्रीधर भास्कर वर्णेकर, श्री शठकोप विद्यालंकार	२
३	श्रम	डॉ श्रीधर भास्कर वर्णेकर	१
४	सत्याग्रह	,,	१
५	नारीजागरण	श्री गोपालशास्त्री दर्शन केसरी	१

कतिपय काव्यकारो ने उपर्युक्त वर्ण्य विषयो के साथ ही साथ अपनी कृतियो मे देश की धार्मिक, सास्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक दुर्दशा पर दुख प्रकट किया है, भारत और भारतीयता का विनाश चाहने और करने वाले सभी विदेशी आक्रामको के रोमाचकारी काले कारनामो का पर्दाफाश किया है, इनके लोभदायक कपटकूट मे फँसकर अथवा अपने निजी किसी ईर्ष्याद्वेष से वशीभूत होकर देशद्रोह करने वाले और अपने देश को विदेशियो के अधीन करने वाले भारतीय नराधमो की भी जी खोलकर निन्दा करके उनके प्रति अन्य भारतीयो मे घृणाभाव जगाया है, इसके विपरीत अपनी मातृभूमि, अपनी सस्कृति और अपनी सभ्यता की गरिमा की तन, मन और धन से रक्षा-सुरक्षा करने वाले भारतीय देशभक्त शूरवीरो की अथक प्रशसा करके उनके प्रति अन्य भारतीयो मे आत्मीयता और श्रद्धा के भाव प्रोद्दीप्त किए हैं, भारतीय समाज का सर्वतोमुखी विकास करने वाले राष्ट्रिय नेताओ की प्रशसा की है, यहाँ के समाज मे व्याप्त कुरीतियो को दूर करके जनमानस मे देश प्रेम जगाने वाले सन्त-महात्माओ के प्रति श्रद्धाभाव दर्शाया है, और भारतवर्ष के आदर्शपूर्ण शौर्य की शान बढ़ाने वाली भारतीय सेनाओ के प्रति प्रशसापूर्वक हार्दिक कृतज्ञता प्रकट की है। हमे इसमे कोई सन्देह नहीं है कि इन कवियो के य काव्य हम सभी भारतीयो की देश भक्ति को जगाते हैं।

हर्ष का विषय है कि सन् १९४७ ई० मे भारतवर्ष के स्वतन्त्र हो जाने के पश्चात् भी हमारे अधिमरुय सस्कृत काव्यकारो ने अपने देश की एकता और सम्प्रभुता को सुदृढ बनाने और बनाए रखने के उद्देश्य से देशभक्तिमूलक साहित्य की विपुलमात्रा मे रचना की है और आज भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इन काव्यो मे देश की एकता और सम्प्रभुता की रक्षा-सुरक्षा करते रहने के सन्देश के साथ ही साथ अपने देश का सर्वांगीण विकास करने का

भी उपदेश मिलता है, जो भारत और भारतीयता की गौरव वृद्धि के लिए परम उपादेय है। विश्वास है कि संस्कृत काव्यकारों में देशभक्ति की यह परम्परा भी अधिकाधिक समृद्ध होगी।*

---

*१ यह शोधलेख मेरठ विश्वविद्यालय संस्कृत शोधपत्रिका, १९८४/१ में प्रकाशित है।

२ यह शोधलेख डॉ० किरण टण्डन, लेक्चरर, संस्कृत-विभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के संयुक्त लेखकत्व में लिखा गया है।

मेघदूत मे अभिव्यक्त राजतन्त्र की कठोरता

महाकवि कालिदास का मेघदूत बड़ा ही मर्मस्पर्शी है। इसमे मानवीय अनेक मनोभावो को अतीव मजुल अभिव्यक्ति मिली है। किन्तु प्रस्तुत लेख मे मेरा विचार "राजतन्त्र की कठोरता" को अभिव्यक्त करने वाली कतिपय वस्तुध्वनियो पर ही प्रकाश डालने का है। मेरी दृष्टि मे कालिदास के यक्ष ने मेघ को सम्बोधित करके न केवल अपनी पत्नी के पास अपना कुशल समाचार भेजना चाहा है, अपितु उसने अपने स्वामी राजा कुबेर की असहिष्णुता, अविमृश्यवादिता, हृदयहीनता, निरकुश अधिनायकता (तानाशाही), आतक-जनकता और असन्तुलित दण्डदायकता को भी अभिव्यक्त करना चाहा है।

मेघदूत के श्लोको और उसके कथानक के बीजो का स्वाध्याय करने से यह तथ्य उजागर होता है कि कुबेर ने इस यक्ष को यह कठोर दण्ड इसलिए दिया कि यह अपनी पत्नी के साथ विहार मे लीन होकर उनके लिए एकबार पुजापुष्प ले जाना भूल गया था। इतने से अपराध के लिए उसे इतना कठोर दण्ड दिया गया, यह बात यक्ष के मन मे बस गई थी। इतना ही नही, बल्कि मुझे तो इस काव्य से यह भी ध्वनि सुनाई देती है कि वह अपनी पराधीनता से भी पीडित होने लगा था। वह अनुभव करता है कि वह जो सजा भोग रहा है, तदनुरूप उसका अपराध नही था। राजा कुबेर ने उसे यह सजा विवेकपूर्वक विचार करके नही दी है। निरकुश तानाशाह की तरह उन्होने जरा सी बात पर ढेर सारे गुस्से मे भरकर यह सजा देकर अपने अहकार की तुष्टि की है। उसके इन मनोगत विचारो की ध्वनि हम आरम्भ मे ही साफ सुनाई देने लगती है, जहाँ वह मेघ से अपनी बात कहने का उपक्रम करता हुआ, अपनी सफाई मे कहता है कि राजा के आदेश के कारण ही मै अपनी प्रियतमा पत्नी से बिछुडकर इतनी दूर पड़ा हुआ हूँ ('विधिवशाद् दूरबन्धु"— पूर्वमेघ, ६)। ध्यातव्य है कि यहाँ उसने अपने आपको 'कर्मवशाद् दूरबन्धु"

नही माना है। वह स देश मे भी अपनी प्रियतमा से अपना यही मनोभाव प्रकट करता है कि उसका रास्ता उसके वैरी राजादेश ने रोक रखा है, न कि उसके कर्म ने (विधिना वैरिणा रुद्धमार्ग "—उत्तरमेघ, ३६) । उल्लेखनीय है कि यहाँ यक्ष ने "विधि" का विशेषण "वैरी" दिया है, जो इस तथ्य की ओर सकेत करता है कि कुबेर का आदेश वैरपूर्ण था न कि विवेकपूर्ण। किन्तु वह यह सोचकर कि यह मेघ कही यह न समझ बैठे कि इस प्रकार की महाघोर सजा भोगने के लिए दिया गया वह "राजादेश" उचित ही होगा, और यह सोचकर यह मेघ उसे "पापी" समझकर उससे बात करने और उसका दूत बनने से मुह न मोड़ ले, इसलिए वह तुरन्त ही यह स्पष्ट कर देता है कि उसे यह सजा उसके राजा ने गुस्से मे ही दी है, सोच समझकर नहीं दी "धनपतिक्रोधविश्लेषितस्य' वही, ७) । यहाँ उसने राजा कुबेर के लिए "धनपति" शब्द का प्रयोग भी साभिप्राय किया है। इस शब्द के प्रयोग से वह यह प्रकट करना चाहता है कि उसका राजा धन दौलत का सबसे बड़ा मालिक है। अत धनाभिमान के कारण वह विवेकी नही रह गया है, बल्कि क्रोधी हो गया है, और अपने अहकारपूर्ण उसी क्रोध मे भरकर उसने मेरी यह दुर्गति की है, इसलिए मैं दया का पात्र हूँ। देखा जाता है कि साधारण अमीर लोग भी अपने सेवको के साथ मनमाना आचरण करते है, तो फिर राजा कुबेर तो धन के स्वामी ही हैं। अत वह कितनी "मनमानी" (स्वेच्छारिता) करेंगे, इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है।

जब वह यक्ष यह अनुभव करता है कि वर्षा के मादक दिनो मे भी उसके राजा कुबेर ने उसे बलपूर्वक उसकी प्रियतमा से दूर कर रखा है, यह भी नहीं सोचा कि ऐसे मादक वातावरण मे उसकी प्रियतमा उसके विरह से पीडित होकर निष्प्राण हो सकती है, तो वह अपनी पराधीनता पर भी क्षुभित हो उठता है। अपने मित्र मेघ से वह अपनी इस विवशता को प्रकट भी करता है ('क सन्नद्धे विरहविधुरां त्वय्युपेक्षेत जायां न स्यादन्योऽप्यहमिव जनो य पराधीनवृत्ति " ॥—पूर्वमेघ, ८) । यहाँ पर यक्ष ने निश्चय ही राजा कुबेर की हृदयहीनता का सकेत किया है और ऐसे हृदयहीन राजा की परिचर्या करने मे रहने के लिए अपना पश्चाताप भी प्रकट किया है।

अपने प्रति राजा कुबेर के तानाशाही रवैय को याद करके यक्ष को यह भी आशका है कि उसके द्वारा सन्देशवाहक के रूप में भेजे गए मेघ को

अलकापुरी मे उसके घर पर कही कुबेर पहचान न ले । क्योकि सयोगवश उसका घर राजा कुबेर के प्रासाद के पास ही है और उत्तर दिशा की भी ओर है । स्वाभाविक है कि दक्षिण दिशा से जाने वाला मेघ उसके घर पहुचने के लिए राजा कुबेर के ही प्रासाद के ऊपर से निकलेगा । यदि किसी अन्य रास्ते से भी निकला तो उसके घर को खोजने के लिए कुबेर के प्रासाद के आसपास ही तो मडराएगा । दोनो ही स्थितियो मे कुबेर का ध्यान उसकी ओर आकृष्ट हो सकता है और उस समय यदि राजा कुबेर ने मेघ को उसके घर मे घुसते हुए देख लिया, तो कुबेर को सन्देह हो जाएगा और भेद जानकर वह कुपित होकर निश्चय ही उसकी सजा को बढा भी देगा । प्रतीत होता है कि अपनी इसी आशका के कारण यक्ष ने मेघ को अपने घर की पहचान भली भाति बताई है । उसने मेघ को अपने घर के प्रत्येक उस चिह्न की विस्तृत जानकारी दे दी है जो किसी अन्य यक्ष के घर पर नही है (उत्तरमेघ, १२-१७) । वह मेघ से यह भी प्रार्थना करता है कि वह उसके घर के इन चिह्नो को अपने चित्त मे भली भाति रख ले, ताकि घर खोजने मे कोई भ्रम न हो और इधर-उधर जरा भी भटकना नही पडे ("एमि साधो, हृदयनिहितैर्लक्षणैर्लक्षयेथा' - उत्तरमेघ, १७) । राजा कुबेर के डर से ही यक्ष मेघ को यह सलाह भी देता है कि दिन मे पहुँचकर भी और उसकी प्रियतमा को देखकर भी वह उससे कोई बात नही करे, केवल रात मे और वह भी आधी रात मे जब सब ओर सन्नाटा छा जाए, तब वह उसे सन्देश सुनाए (उ० मे०, १८-२५) ।

यदि उसे कुबेर का डर न होता तो वह इतनी दूर से और इतनी उत्कण्ठा से भेजे गए अपने सन्देश को जल्दी से जल्दी अर्थात पहुँचते ही अपनी प्रियतमा से कह देने के लिए मेघ से प्रार्थना करता । साधारणतया मिलने का समय दिन का ही अच्छा माना जाता है । रात म जाकर किसी की नीद मे खलल डालना अच्छा नही समझा जाता । पर यहा तो यक्ष ने उल्टी ही सलाह दी है । वह तो रात के सन्नाटे मे ही उसे जगाकर सन्देश सुनाने की सलाह दे रहा है (उत्तरमेघ, ३५) । उसके इस बिलोम परामर्श से निश्चय ही यह वस्तुध्वनि निकलती है कि उसे इस बात का डर है कि दिन मे मेघ और उसकी पत्नी के बीच हुए वार्तालाप को अन्य कोई भी सुन-समझ सकता है और वह राजा कुबेर से भी कह सकता है, या स्वय राजा कुबेर ही

सुन-समझ सकते हैं। क्योंकि उनका प्रासाद उसके घर के समीप में ही है। अतः वह कुपित होकर सजा बढ़ा सकते हैं। इतना ही नहीं, बल्कि सन्देश सुनाकर तुरन्त ही यानी रात में ही मेघ को वहां से लौट आने के लिए भी कहता है (उत्तरमेघ, ५०), मेरी समझ से यह भी इसीलिए कि उसका सन्देश गुप्त बना रह सके।

यद्यपि इस प्रकार के इन दोनों ही परामर्शों को देते समय कुछ न कुछ कारण भी निर्दिष्ट किए गए हैं, किन्तु वे ऐकान्तिक और आत्यन्तिक नहीं हैं। अतः वे निश्चय ही उपर्युक्त वस्तुध्वनि के बाधक नहीं बन पाते हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि महाकवि कालिदास ने अपने इस भावप्रधान सन्देशकाव्य में यक्ष की इस कथा के माध्यम से राजतन्त्र की इस अनपेक्षित कठोरता को भी अभिव्यक्त किया है। यह उनकी मनोरञ्जक मधुर काव्यशैली की ही विशेषता है कि उनके इस काव्य में पाठकों को सचाई की कड़वाहट का पता देर से लगता है और प्रकृति का रंग रूप, यक्ष के दिल का दर्द, आदर्श का आलोक आदि तुरन्त ही उनके मनोमस्तिष्क पर छा जाता है।*

---

*१ यह शोधलेख मेरठ विश्वविद्यालय संस्कृत शोधपत्रिका, १९८४, १ में प्रकाशित है।

गीता की एक ग्रन्थि

विषय स्वरूप

यद्यपि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र मे धनुर्धराग्रणी अर्जुन अपने प्रखरतर बाणो से शत्रुओ के शिरश्छेदनार्थ ही उत्साहपूर्वक आया था तथापि रणस्थली में गुरु द्रोणाचार्य, भीष्म पितामह, मातुल, भ्राता, मित्रादि स्वजन सम्बन्धियो को अवलोकित करके उनके विनाश की आशङ्का से सहम गया। उसके हृदय को "मैं इनका हू, ये मेरे हैं, इन्हें क्यो मारू" इस प्रकार की विचारशृखला ने जकड लिया। उसका समस्त उत्साह दीनता मे परिणत हो गया। शोक एव मोह की धूलि से सम्पूर्ण विवेक ढँक गया। वह अपने क्षत्रियवीरोचित कर्त्तव्यपथ से च्युत होने लगा और परकीय धर्म भिक्षावृत्ति मे सुख समझने लगा। भला क्यो न हो, शोक एव मोह से ग्रस्त व्यक्तियो को अपने धर्म के प्रति घृणा तथा अन्य धर्म के प्रति राग का होना नैसर्गिक ही होता है। किन्तु यह निर्विवाद है कि इस प्रकार शोक मोह कलिलग्रस्त मनुष्य को शान्ति की प्राप्ति अनल मे शीतलता की भाति नही हो सकती है।

ससार मे कुछ ऐसे भी महानुभाव हैं जो अपने धर्म का पालन तो कर रहे हैं, किन्तु उनके चित्त म कार्य के फल की प्राप्ति के प्रति उत्कट अभिलाषा रहा करती है। साथ ही साथ वे इस बात का अभिमान भी किया करते हैं कि "मैं अपने कर्तव्य एव धर्म का पालन कर रहा हू, मैं इसके फल का अधिकारी हूँ"। इस प्रकार वे कर्तृत्व एव भोक्तृत्व तथा फलाभिसन्धित्व का स्वीकृत करके धर्म एव अधर्म दोनो ही का उपचय करते रहते हैं। तात्पर्य यह है कि स्वकर्त्तव्यधर्मनिर्वाह से तो धर्म, एवमेव कर्तृत्व तथा भोक्तृत्व के गर्व से अधर्म का असख्य सञ्चय करते रहते हैं।

अद्वैततत्त्वप्रतिपादनपटीयान् भगवान् भाष्यकार जगद्गुरु श्री शङ्कराचार्य के विचारानुसार अर्जुन के समान कर्त्तव्यहीन अर्थात् स्वधर्मच्युत व्यक्ति तथा अहकार एव फलाभिलाषापूर्वक कर्म करने वाला पुरुष, दोनो ही मोक्ष के अधिकारी नही हैं। इन दोनो को पाप-पुण्य के साथ-साथ बढने से सुख-दुःख

रूप ससार मे वारवार आवागमन करना पडता है। अत शोक-मोह निश्चय ही जन्ममरण के कारण हैं।

योगिराज श्रीकृष्ण की अनुभूति है कि सुख दुःख रूप द्वन्द्वात्मक ससार के मूल कारण बने हुए शोक एव मोह की निवृत्ति सर्वकर्मसन्यासपूर्वक आत्मज्ञान से ही हो सकती है, किसी अन्य उपाय से नही। अतएव अर्जुन को माध्यम बनाकर भगवान् श्रीकृष्ण ने समस्त प्राणियो पर अनुग्रह करते हुए मोक्षदायक, भवभीतिनाशक आत्मतत्त्व का निरूपण किया है। श्रीकृष्ण ने आत्मा को अजर, अमर, अविपरिणम्य, अच्छेद्य अदाह्य, नित्य, सर्वगत, वाचामगोचर एव विलक्षण सिद्ध किया है।

पूर्वपक्षियों की प्रवृत्ति

कुछ कर्ममीमासक किंवा कर्मयोगी व्याख्याकारो की धारणा है कि सर्वकर्म-सन्यासपूर्वक केवल आत्मज्ञान से ही कैवल्य की प्राप्ति नही हो सकती है। कैवल्य पद की उपलब्धि के लिए श्रुतियो एव स्मृतियो मे निर्दिष्ट कर्मों को करते रहना पडेगा। हम अग्निहोत्रादि श्रौतस्मार्त कर्मों को करते हुए ही आत्मज्ञान से परिचित होकर कैवल्य प्राप्त कर सकते हैं। केवल आत्मा की अजरता, अमरता, अच्छेद्यता, नित्यता और विलक्षणता का ज्ञान कर लेना ही कैवल्यपद प्राप्ति के लिए पर्याप्त नही है। भगवान् श्रीकृष्ण ने सम्पूर्ण गीता मे स्थान स्थान पर अवसर पाते ही कर्म करने की स्पष्ट आज्ञा दी है —

अथ चेत् त्वमिम धर्म्यं सग्राम न करिष्यसि।
तत स्वधर्मं कीर्तिञ्च हित्वा पापमवाप्स्यसि ॥[1]
कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ॥[2]
नियत कुरु कर्म त्व कर्म ज्यायो ह्यकर्मण।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मण ॥[3]

यहाँ जब स्पष्टतया भगवान् योगेश्वर श्रीकृष्ण अपने परम प्रिय शिष्यभूत अर्जुन को लोट लकार से युद्ध जैसे भयकर एव हिंसासकुल कार्य की प्रेरणा क्या

१ श्रीमद्भगवद्गीता, २।३३
२ वही, २।४७
३ वही, ३।८

आज्ञा ही दे रहे हैं तब फिर श्रुतियो एव स्मृतियो मे उपदिष्ट कर्म के त्याग की सत्यता सगत प्रतीत नही होती है।

इस प्रकार पूर्वपक्षियो का तर्क है कि भगवान् श्रीकृष्ण ने श्रुतिस्मृतिकथित अग्निहोत्र सन्ध्योपासनादि स्वकर्तव्यकर्मपुरस्सर आत्मज्ञान से ही कैवल्य की प्राप्ति बताई है, न कि सर्वकर्मसंन्यासपूर्वक केवल आत्मज्ञान से।

सिद्धान्तपक्षीय समाधान

पूर्वपक्षियो की पूर्वोक्त (उपर्युक्त) अरुचि का खण्डन करते हुए भगवान् भाष्यकार शकराचार्य कहते हैं कि योगिराज श्रीकृष्ण ने भिन्न-भिन्न बुद्धियो से सम्बन्धित ज्ञान निष्ठा और कर्मनिष्ठा नामक दो निष्ठाओ का वर्णन किया है। अतएव ज्ञान और कर्म का समुच्चय ही नही किया जा सकता है तब फिर वे दोनो मिलकर कैवल्यपदोपलब्धिदायक कैसे हो सकते हैं?

अर्जुन के शोक-मोह से ग्रस्त हो जाने पर श्रीकृष्ण ने "अशोच्यान् ...४" श्लोक से लेकर "स्वधर्ममपि ... ५" श्लोकपर्यन्त आत्मतत्त्व का सागनिरूपण किया है जो साख्यसम्मत है। इस प्रकार के ज्ञान से युक्त व्यक्ति को ज्ञानयोगी कहा जाता है।

ज्ञानबुद्धि की उत्पत्ति के पूर्व कर्तृत्व भोक्तृत्वादि की भावना से धर्माधर्म की विवेचना करना तथा मोक्ष के साधनभूत कर्मों का अनुष्ठान करना कर्मयोग है। इस प्रकार की प्रक्रिया करने वालो को कर्मयोगी कहा जाता है।

यहाँ भी स्पष्ट है कि ज्ञानयोग एव कर्मयोग भिन्न-भिन्न मार्ग की ओर उन्मुख है। फिर भला कैसे इन दोनो का समुच्चय किया जा सकता है।

श्रीकृष्ण ने स्पष्ट ही तो कह दिया है —

लोकेऽस्मिन् द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ।
ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम्॥६

और भी स्पष्टतया कर्म और ज्ञान का पार्थक्य बतलाते हैं —

एषा तेऽभिहिता साङ्ख्ये बुद्धिर्योगे त्विमां शृणु॥७

---

४ वही, २।११
५ वही, २।३१
६, वही, ३।३
७ वही, २।३९ का पूर्वार्ध।

इस प्रकार स्फुट ही है कि कर्म और ज्ञान पृथक्-पृथक् हैं। उनमे समन्वय कि वा समुच्चय असम्भव है। भगवान् श्रीकृष्ण एक पुरुष मे एककालावच्छेदेन कर्म और ज्ञान की स्थिति को अगीकृत नही करते हैं। उनकी दृष्टि मे एकता-अनेकता, कर्तृत्व-अकर्तृत्व, प्रकाश-तिमिर एव प्राची-प्रतीची की भाति ज्ञान और कर्म का समुच्चय नहीं हो सकता है।

गीता की भाति सर्वमान्य मूर्धन्य बृहदारण्यकोपनिषद् मे भी " एतमेव प्रव्राजिनो लोकमिच्छन्त: प्रव्रजन्ति . "[८] तथा "... सोऽकामयत "[९] इत्यादि वचनो से 'कर्म' और 'विद्या' अर्थात् कर्म और ज्ञान मे पृथक्ता प्रकट की गई है। इतना ही नहीं, बल्कि "तेभ्यो व्युत्थाय प्रव्रजन्ति" अर्थात् "सर्व कर्मों से निवृत्त हो सन्यासग्रहण करते हैं" इस वाक्य से तो स्पष्ट ही कर्मों का त्याग घोषित कर दिया गया है। ऐसी स्थिति मे कर्म एव ज्ञान के समुच्चय की बात ही नही रह जाती है।[१०]

शंकराचार्य का पूर्वपक्षियों से कहना है कि अर्जुन ने स्पष्टतया श्रीकृष्ण से प्रार्थना की है —

ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव ॥[११]

कृपया मुझे तो —

यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम् ॥[१२]

इसमे भी दोनो का भेद प्रकट हो जाता है। यदि दोनो का समुच्चय ही मोक्ष का मूल होता, तो अर्जुन एक को पाने की लालसा नहीं करता। भला पित्तरोग शमनाभिलाषी मनुष्य वैद्य के मुख से शीत और मधुर पदार्थों के सेवन का आदेश सुनकर किसी एक के लिए आग्रह विशेष कभी करता है ?

यदि "व्यामिश्रेण वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव मे"[१३] इत्यादि अर्जुन-वचन

---

८ बृहदारण्यकोपनिषद्, ४।४।२२
९ वही, १।४।१७
१० श्रीमद्भगवद्गीता, २/११ का शाङ्कर भाष्य।
११ श्रीमद्भगवद्गीता, ३।१
१२ वही, ५.१ का उत्तरार्ध।
१३ वही ३।२

से, अर्जुन की अज्ञानता से ही प्रश्न को माना जाए तो यह भी युक्तियुक्त नही, क्योंकि यदि श्रीकृष्ण को ज्ञान एवं कर्म का समुच्चय अभिप्रेत होता तो अर्जुन के पूछने पर शीघ्र ही उसे स्पष्ट शब्दो मे कह देते। परन्तु वह तो "लोकेऽस्मिन् "[१४] आदि से ज्ञान एवं कर्म की क्षेत्रभूमि को पृथक्-पृथक् कर रहे हैं।

जनक का उदाहरण देकर कर्मज्ञानसमुच्चय को कैवल्यलाभदायी कहना विदेहराज जनक के स्वरूप को न पहिचानना ही है। क्योकि कर्मसन्यास का तात्पर्य केवल निष्क्रिय एवं निश्चेष्ट होना नही है, अपितु इससे कर्त्तृत्व एवं भोक्तृत्व अर्थात् अहंकार और फलाभिलाषा का सर्वथा अभाव ही अपेक्षित है। क्योकि "गुणा गुणेषु वर्तन्ते"[१५] यानी "गुण ही गुणो मे व्यवहार कर रहे हैं" इस प्रकार की भावना से स्वत होने वाले कर्म, कर्म की कोटि मे नही आते हैं। यह स्थिति तो कर्मसन्यास से अभिन्न ही है। जनक ऐसे ही योगी थे।

इस प्रकार से गम्भीर विवेचना के द्वारा पूर्वपक्षियो द्वारा तर्कित "कर्मज्ञान-समुच्चय की कैवल्यप्रदायकता" का अकाट्य उक्तियो द्वारा खण्डन करते हुए भगवान् भाष्यकार जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य ने सगर्व कहा है —

तस्माद् गीताशास्त्रे ईषन्मात्रेणापि
श्रौतेन स्मार्तेन वा कर्मणा,
आत्मज्ञानस्य समुच्चयो
न केनचिद् दर्शयितु शक्य'।

तस्माद गीतासु केवलादेव तत्त्वज्ञानान्मोक्षप्राप्ति', न तु कर्मसमुच्चि-ताद् इति निश्चितोऽर्थ [१६]

भाव यह है कि कोई भी विद्वान् गीता शास्त्र मे कर्म और ज्ञान का समुच्चय सिद्ध नही कर सकता है। इसलिए यह सिद्ध है कि सवकर्म (फला-भिलाषा) सन्यासपूर्वक केवल तत्त्वज्ञान से ही मोक्ष या कैवल्य की प्राप्ति होती है, न कि कर्मयुक्त ज्ञान से।*

---

१४ वही, ३।३
१५ वही, ३।२८
१६ श्रीमद्भगवद्गीता, २।१० का शाङ्करभाष्य।
*यह शोधलेख उदीची (नैनिताल), १९८५।१ मे प्रकाशित है।

श्रीमद्भागवत में राष्ट्रियभावना

महर्षि श्रीवेदव्यासप्रणीत यह पावन ग्रन्थरत्न सस्कृत-साहित्य का एक अतीव आकर्षक उपजीव्य ग्रन्थ है, इसमे भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की तीन विचारधाराओ की जो पावन त्रिवेणी प्रवाहित हुई है उसमे अवगाहन करने वाले प्रत्येक मनुष्य की अन्तरात्मा प्रमुदित हो उठती है, इसमे कोई सन्देह नहीं है। साथ ही साथ कथातन्तुओ के माध्यम से सूर्यवश, चन्द्रवश और यदुवश के राजा महाराजाओ के चरितो को श्रवणगोचर करके हमे अपने पुरातन भारत-वर्ष के पुरातन किन्तु गौरवपूर्ण इतिहास का परिज्ञान भी हो जाता है जिससे हम अपने अतीत पर गर्व करने लगते हैं।

भागवतकार श्रीवेदव्यास ने अपने इस परमपावन ग्रन्थरत्न मे कुछ स्थलो पर भारत, भारतीयता और भारतभक्तिभावना का भी अतीव हृदयस्पर्शी एव प्रभावशाली वर्णन किया है, जिसे पढकर मनोमस्तिष्क मे राष्ट्रियभावना का उदय अनायास ही हो उठता है। उन्होने भगवान् श्री ऋषभदेव के चरितवर्णन के प्रसग मे उनके ज्येष्ठ पुत्र चक्रवर्ती सम्राट् भरत के नाम पर इस देश का भारतवर्ष नाम पडने का बडे ही गौरव के साथ उल्लेख किया है[1], तथा उसी प्रसग म आगे चलकर भारतवर्ष को बडी ही भावुकता के साथ पुण्यभूमि कहा है[2]। भूमण्डल के विस्तार का वर्णन करने के प्रसग मे जम्बूद्वीप का वर्णन करते

---

१ (क) यथा खलु महायोगी भरतो ज्येष्ठ श्रेष्ठगुण आसीद्येनेद वर्षं भारत-मिति व्यपदिशन्ति।

(ख) सुमति राष्ट्रभृत सुदर्शनमावरण धूम्रकेतुमिति।
अजनाभ नामैतद्वर्षं भारतमिति यत आरभ्य व्यपदिशन्ति॥

—श्रीमद्भागवत, ५।४।९, ५।७।३ क्रमश

२ अहो भुव सप्तसमुद्रवत्या द्वीपेषु वर्षेष्वधिपुण्यमेतत्।
गायन्ति यत्रत्यजना मुरारे कर्माणि भद्राण्यवतारवन्ति॥

—वही, ५।६।१३

हुए वेदव्यास ने अपने भारतवर्ष का जो वर्णन किया है, उसे पढ़कर तो आत्मा मे देशभक्ति किंवा राष्ट्रभक्ति के भाव तुरन्त ही पल्लवित हो उठते हैं। यहाँ के अनेक पर्वतों और नदियों का रागात्मक वर्णन करते हुए उनका कहना है कि भारतवर्ष सर्वश्रेष्ठ है, देवता भी इस देश की महिमा का गान करते हैं, उनकी दृष्टि मे भारतवर्ष मे जन्म लेने वाले मनुष्य या तो अवश्य ही विशेष पुण्यशाली हैं, अथवा जन्म देने वाले भगवान् ने स्वय ही इनका पक्ष लेकर इन्हे इस उत्तम देश मे जन्म दिया है। इस भारतदेश मे जन्म पाने के लिए देवता तरसते हैं, इसकी तुलना मे उन्हे मिला हुआ स्वर्ग भी तुच्छ ही दिखाई देता है, यहाँ कर्मठता एव क्रियाशीलता को देख-देख वे लोग यहाँ के लिए स्पर्धालु हो जाते है, उन्हें स्वर्ग मे दोष दिखाई देने लगते हैं, स्वर्ग मे कल्पायु होकर जीने की इच्छा छोडकर वे भारत मे अल्पायु होकर भी जीना अच्छा समझते हैं, यहाँ की धर्म प्रधान एव भक्तिभाव सवलित जीवनचर्या को प्राप्त करने के लिए वे ब्रह्मलोक के भी सुख को त्यागने मे औचित्य देखते हैं, फलस्वरूप वे अपने बचे हुए पुण्य के सहारे भारतवर्ष मे जन्म पाने की लालसा करते हैं।[3]

---

३ अहो अमीषा किमकारि शोभन प्रसन्न एषा स्विदुत स्वय हरि।
यैर्जन्म लब्ध नृषु भारताजिरे मुकुन्दसेवौपयिक स्पृहा हि न॥
किं दुष्करैर्नः क्रतुभिस्तपोव्रतैर्दानादिभिर्वा द्युजयेन फल्गुना।
न यत्र नारायणपादपङ्कजस्मृति प्रमुष्टातिशयेन्द्रियोत्सवात्॥
कल्पायुषा स्थानजयात्पुनर्भवात् क्षणायुषा भारतभूजयो वरम्।
क्षणेन मर्त्येन कृत मनस्विन सन्यस्य सयान्त्यभय पद हरे॥
न यत्र वैकुण्ठकथासुधापगा न साधवो भागवतास्तदाश्रया।
न यत्र यज्ञेशमखा महोत्सवा सुरेशलोकोऽपि न वै स सेव्यताम्॥
प्राप्ता नृजाति त्विह ये च जन्तवो ज्ञानक्रियाद्रव्यकलापसम्भृताम्।
न वै यतेरन्नपुनर्भवाय ते भूयो वनौका इव यान्ति बन्धनम्॥

× × ×

यद्यत्र न स्वर्गसुखावशेषित स्विष्टस्य सूक्तस्य कृतस्य शोभनम्।
तेनाजनाभे स्मृतिमज्जन्म न स्याद् वर्षे हरिर्यद्भजता श तनोति॥
— वही, ५।१९।२१-२८

वेदव्यास ने आश्रमव्यवस्था, वर्णव्यवस्था आदि भारतवर्षीय सांस्कृतिक तत्त्वों पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला है। इनके माध्यम से भारतवर्ष के जनजीवन का दर्शन पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करके उन्होंने भारतीय जीवनदर्शन की स्पृहणीयता, रमणीयता एवं वरणीयता को ध्वनित करके भारतीयों के मन में अपनी भारतीय जीवन-पद्धति के प्रति गौरवपूर्ण भावना उद्दीप्त की है जो प्रकारान्तर से राष्ट्रिय भावना का प्रतिरूप कही जा सकती है।[४] उन्होंने राष्ट्र के प्रजाजनों की रक्षा तथा सुरक्षा के लिए लोकरंजक शासक की आवश्यकता पर भी पर्याप्त बल दिया है। ध्रुववंशीय राजा अंग के पुत्र वेन के प्रजापीडक क्रूर कर्मों की निन्दा करके उन्होंने अपना यह मन्तव्य भी प्रकट कर दिया है कि शासक को प्रजारक्षक ही होना चाहिए, न कि प्रजाभक्षक। अपने नृशंस कुकृत्यों के परिणामस्वरूप ऋषियों मुनियों के क्रोध का पात्र बन जाने के कारण वेन की मृत्यु पर प्रजा में व्याप्त अराजकता के कारण चोरी, डकैती, लूट-मार, हत्या आदि दुष्परिणामों पर प्रकाशपात करते हुए वेदव्यास ने राष्ट्र की कुशलताहेतु एक प्रजाप्रेमी देशभक्त शासक की अनिवार्यता प्रकट करके अपने राष्ट्रिय भाव को ही उजागर किया है, इसमें कोई सन्देह नहीं है[५]।*

---

४ वही, (क) ७।११ अध्याय से १५ तक (ख) ११।१७ अध्याय से १८ तक।
५ वही, ४।१४/१-४०

*यह शोधलेख उदीची (नैनीताल), १९८५/२ में तथा लखनऊ विश्वविद्यालय हीरक जयन्ती पत्रिका में प्रकाशित है।

कुमाऊँ के ग्वॅलदेवता

भारतवर्ष के कुमाऊँ क्षेत्र मे ग्वॅलदेवता की महिमा सर्वत्र व्याप्त है। यहाँ के आबालवृद्ध स्त्री-पुरुष इनके यश और प्रताप से परिचित हैं, इनके प्रति आस्था रखते हैं, इनके भक्त हैं, बड़े विश्वास के साथ समय समय पर इनकी यथाशक्ति पूजा करते हैं, और आवश्यकता पड़ने पर अपने मनोरथ की पूर्ति हेतु इनसे प्रार्थना करते हैं, जो यदि न्यायोचित हुई तो शत प्रतिशत सफल भी होती है। यह सब प्रत्यक्ष अनुभव करके मेरा यह विश्वास बना है कि कुमाऊँ मे ग्वॅलदेवता बहुत ही लोकप्रिय हैं और यह अपनी शरण मे आए हुए लोगो का, बिना किसी भेदभाव के, समुचित उपकार किया करते हैं।

ग्वॅलदेवता के नाम के उच्चारण मे कुछ विभिन्नता पाई जाती है। यहाँ इन्हे ग्वॅलदेवता, ग्वल्लदेवता, गॉलदेवता, गोलदेवता, गोलादेवता आदि अनेक नामो से पुकारा जाता है। किंतु इतना निर्विवाद है कि यह अपने भक्त की भावना पर ही ध्यान देते हैं, उसकी भाषा या बोली की शुद्धता या अशुद्धता पर नही। इनके इस नाम की मौलिकता और सार्थकता के सम्बन्ध म यहा के कुछ प्रबुद्ध लोगो की धारणा है कि जब ग्वलदेवता सद्यो-जात शिशु थे और सौतेली माताओ द्वारा एक गोष्ठ (गोशाला) मे मर जाने के लिऐ फेंक दिए गए थे तो यह वहाँ गौओ का दूध पीकर जीवित रहे थे, इसीलिए इन्होने बडे होकर स्वय अपना यह नाम रख लिया था।

यह ऐतिहासिक महापुरुष माने जाते है। इनका जीवनचरित अतीव अद्भुत है। इस सम्बन्ध मे जो कुछ जानकारी प्राप्त हो सकी है, तदनुसार मेरा विश्वास बना है कि यह कुमाऊँ के चन्द (चन्द्र) वशीय राजा हालराज के पुत्र थे। हालराज की राजधानी चम्पावत मे थी और वह बहुत ही सम्पन्न राजा था। उसकी सात रानियाँ थी, किंतु थी सभी निसन्तान। अत सब सुख होने के बावजूद भी वह सन्तान के अभाव के कारण प्राय खिन्न रहा करता था। एक दिन वह अपनी इसी खिन्नता के आवेग मे अपने कुछ सेवको

को साथ लेकर मृगया के लिए निकल गया। वहाँ प्यास लगने पर उसने एक सेवक को पानी लाने के लिए आदेश दिया। सयोग की बात कि वह सेवक जिस झरने पर पानी के लिए गया, वहाँ पहले से ही दो भैंसे आपस मे लड रहे थे। वहां एक नवयुवती भी बैठी हुई थी। उसने उस सेवक से कहा कि तुम पहले मेरे इन भैंसो को अलग अलग कर दो, तब पानी भरो। सेवक ने राजा के प्यासे होने का उल्लेख किया, पर युवती ने एक न सुनी। विवश होकर उस सेवक ने भैंसो को अलग अलग करने का पूरा प्रयास किया, किंतु उसे सफलता नही मिली। इस पर युवती ने उसके पौरुष का उपहास किया और उसे पानी भी नही भरने दिया। लज्जित होकर सेवक पानी लिए बिना ही वापस चला गया और उसने सारा समाचार राजा को सुनाया। राजा तुरन्त वहाँ पहुँचा। भैसे अब भी वहाँ उसी प्रकार लड रहे थे। उस युवती ने राजा को भी पानी पीने के पहले उन भैंसो को अलग-अलग कर देने के लिए कहा। राजा पहले तो कुछ हँसे, फिर बड़े आत्म-विश्वास के साथ भैंसो को अलग-अलग करने लगे। किंतु पूरा-पूरा प्रयत्न करके भी राजा भैंसो को अलग अलग नही कर सके। यह देख कर उस युवती ने उठ कर स्वय ही उन लडते हुए दोनो भैंसो को क्षणमात्र मे ही अलग-अलग करके शान्त कर दिया और राजा को पानी पीने के लिए स्वतन्त्र कर दिया। राजा हालराय उस युवती के इस शौर्यसम्पन्न कार्य को देखकर अत्यधिक प्रभावित हुआ। उसने उसका परिचय पूछा तो युवती ने कहा कि वह एक महात्मा की पुत्री है, अविवाहित है, और उसका नाम कलावती है। राजा उस युवती से इतना प्रभावित हो गया था कि उसने उसके साथ विधिवत् अपना विवाह करने की हार्दिक इच्छा प्रकट कर दी। युवती ने भी अपनी स्वीकृति दे दी। फलस्वरूप उन दोनो का विवाह हो गया और इस प्रकार राजा हालराय के महल मे आठवी रानी का शुभागमन हुआ। किन्तु यह विवाह उसकी अन्य सातो रानियो म से किसी को भी अच्छा नही लगा। अत वे सब मिलकर इस नई रानी से ईर्ष्या-द्वेष करने लगी। किंतु राजा को इस तथ्य का पता नही चला।

आठवी रानी को पाकर राजा हालराय का सतानविषयक भाग्योदय हो गया। फलस्वरूप यह रानी गर्भवती हुई। राजा ने इसके प्रसूतिकाल मे अन्य सातो रानियो को इसकी परिचर्या का भार सौंप दिया। उन सबने मिल कर इस अवसर पर जच्चा और बच्चा—दोनो को ही मार डालने का

षड्यन्त्र किया। अत उन्होंने प्रसव के लिए महल का ऐसा भाग चुना, जहाँ वायु की शीतलहरियां थपेडे मार रही थी, ताकि जच्चा (जननी) की शीत से मृत्यु हो जाए, और होने वाले बच्चे को जननी द्वारा तुरन्त देखने से अपशकुन तथा अपदृष्टि आदि का कहीं दोष न लगे, इस बहाने रानी की आँखो पर मोटी और काली पट्टी भी बाँध दी, ताकि बच्चे (सद्योजात शिशु) को मारने की व्यवस्था निर्विघ्न पूरी की जा सके। समय पर रानी ने एक अति भव्य राजकुमार को जन्म दिया। किन्तु उन सातो रानियो ने उस शिशु को रोने का भी अवसर दिए बिना उसे महल के नीचे एक गोशाला मे गौओ के बीच मरने के लिए चुपचाप फेंक दिया और रानी के पास रक्त-रंजित एक सिल – लोढे को रख दिया। प्रसव वेदना की मूर्च्छा से मुक्त हुई रानी की आखो से पट्टी हटा कर उस सिल-लोढे को दिखाती हुई और बडे कपटपूर्ण ढग से घडियाली आँसू बहाती हुई उन सातो सौत रानियो ने यह सिद्ध कर दिया कि उस रानी ने इस सिल—लोढे को ही जन्म दिया है। उधर वह सद्योजात शिशु गौओ का ही स्तनपान करके जीने लगा। जब सातो रानियो ने यह देखा तो उसे नमक से भरी कोठरी मे फेंक दिया। पर उस बालक के लिए नमक भी चीनी बन गया। फिर तो क्रुद्ध होकर उन सब रानियो ने उसे एक सन्दूक मे बन्द करके नदी मे डूब मरने के लिए फेंक दिया। किन्तु वह सन्दूक नदी मे डूबी नही, बहने लगी। थोडी दूर आगे चलकर वह एक मछुए के सामने से गुजरी। उसने उसे नदी के प्रवाह से निकाल लिया और उसे खोलकर देखा तो इस अति सुन्दर बालक को देखकर दग रह गया। वह सन्तानहीन था। अत इस बालक को उसने अपने पुत्र के समान बडे ही लाड-प्यार के साथ पाल पोष कर बडा किया। बडा होने पर इसी का नाम ग्वॅल हुआ। इसे घोडे की सवारी करने का शौक लगा। अत मछुए ने काठ का घोडा बनवाकर इसे दे दिया। यह बालक उसी पर सवारी सी करता हुआ घूमा करता था। घूमता हुआ यह राजा हालराय के रनिवास की ओर भी चला जाया करता था। वहाँ रानियो के नहाने के लिए एक स्नानसरोवर था। जब वहाँ वे ही सातो रानिया नहाने के लिए आती थी, तो यह वहाँ उनके बीच पहुँचकर उनसे कहा करता था कि तुम सब यहाँ से हटो, क्योकि यहाँ तो मेरा यह घोडा पानी पिएगा। उनके स्नानोपकरण को भी यह नष्ट-भ्रष्ट कर देता था। अत एक दिन उन सभी रानियो ने राजा से शिकायत की। इस पर राजा ने

बालक को सबके सामने अपने दरबार मे बुलवाया और भविष्य मे ऐसा उपद्रव न करने के लिए कहा। किंतु बालक ने कहा कि मेरा घोडा तो राज-महल के स्नानसरोवर का ही पानी पिया करता है, किसी अन्य जलाशय का नही। तब राजा ने हँसकर कहा कि बेटे, तुम्हारा घोडा तो लकडी का है, यह भला कैसे पानी पी सकता है? यह सुन कर बालक ने भी हँसकर कहा कि यह घोडा न केवल पानी पीता है, बल्कि लोहे के चने भी खाता है। राजा ने जब "यह सब" असम्भव बताया तो बालक ने बडी गम्भीरता के साथ कहा कि राजन्, यदि आपकी रानी एक सिल—लोढे को जन्म दे सकती है, तो मेरा काठ का घोडा पानी क्यो नही पी सकता? और लोहे के चने क्यो नही खा सकता? और आपके अनुसार यदि मेरा यह काठ का घोडा खा पी नही सकता, तो आप यह भी क्यो नही समझते कि किसी भी स्त्री की कोख से सिल-लोढे का जन्म नही हो सकता।

बालक की बातो से राजा हालराय को अपनी अज्ञता का बोध हो गया। उसने बालक से परिचय पूछा तो बालक ने बताया कि वह उन्ही का पुत्र है और वही पुत्र है जिसे जन्म के ही समय सौतेली माताओ ने वहाँ से उठा कर गोशाला म फेंक दिया था और उसके स्थान पर एक रक्तरंजित सिल—लोढे को रख दिया था। यह सब सुनकर राजा हालराय ने तुरन्त ही उठकर प्रसन्न होकर अपने पुत्र को गोद मे उठा लिया।

अब राजा हालराय को अपनी सातो ही वन्ध्या रानियों के अतिजघन्य अपराध का पता चल गया। अत उसने उन सबको खौलते हुए तेल के कढाव मे भूनकर मार डालने का आदेश दे दिया। इस कठोर दण्ड को सुनकर सातो ही रानिया बालक से अपने अपने अपराधो को स्वीकारती हुई हाथ जोडकर रक्षा हेतु प्रार्थना करने लगी। छोटी रानी ने भी बड प्यार से अपने पुत्र से उन सब सौतेली माताओ के अपराधो को क्षमा कर देने के लिए कहा। तब मुस्कराते हुए उस बालक ने कहा कि पिताजी, अब इन सभी को आप भी माफ कर दीजिए। इन्हे अपने अपराधो पर पश्चात्ताप हो रहा है। बालक की उदार बातें सुनकर राजा ने उन सबको माफ कर दिया। यह सब देखकर सभी सौतेली माताओं के दिल म बालक के प्रति आदर, स्नेह और वात्सल्य का स्रोत फूट पडा। उन सबकी आखो मे प्रेमाश्रु बहने लगे। फिर तो उन सबने बालक को 'मेरा बेटा', 'मेरा लाल' आदि कह-कहकर और गोद मे ले-लेकर बडे लाड-दुलार से चूमा। सब ओर आनन्द का सागर उमडने लगा।

राजा हालराय के बाद उनके यह पुत्र, राजकुमार ग्वॅल ही चम्पावत के राजा हुए। इनकी प्रजापालन-पद्धति अतीव अच्छी थी। यह अपनी प्रजा का अपने पुत्र के समान पालन-पोषण करते थे। शासन, अनुशासन और न्याय के प्रति यह सदैव विशेष रूप से जागरूक रहते थे। इन्होने अपने राज्य का विस्तार भी पर्याप्त किया था। इनकी सेना मे घर्मदास, छिरुमल, भीलू और कालू नाम वाले चार सैनिक बडे ही शूर-वीर थे। चारो ही इनके अनन्य सहायक थे। क्योकि इन चारो वीरो की उत्पत्ति राजा ग्वल के जन्म से सम्बन्धित रक्तरजित सिल, लोढा, सिल के नीचे की मिट्टी और लोढे के नीचे की मिट्टी से क्रमश हुई थी। अत ये चारो ही राजा ग्वल के परम आत्मीय थे। राजा ग्वल ने अपने सम्पूर्ण राज्य को सभी दृष्टियो से सचमुच ही सुराज्य बना दिया था। फलस्वरूप सारी प्रजा इन्हे भगवान् की भाति ही मानती थी।

ससार की नश्वरता के नियमानुसार जब राजा ग्वल दिवगत हुए, तो प्रजा शोकाकुल हो गई, अपने को बेसहारा समझने लगी, न्याय से भी वचित होने लगी, और उसके कामो मे भी रुकावटें आने लगी। फलस्वरूप उसके मन मे अपने दिवगत राजा ग्वल के प्रति श्रद्धाभाव का अतिरेक जागा और वह उनकी चितास्थली पर जाकर उन्हे अपना दुख सुनाने लगी, न्याय की पुकार करने लगी। चूकि राजा ग्वल प्रजावत्सल और न्यायप्रिय राजा थे, अत उनकी सत्त्वसम्पन्न आत्मा दिवगत होकर भी अपनी प्रजा के दुखो को दूर करने और उन्हे न्याय देने/दिलाने के उपकारपूर्ण कार्यों मे पुन लग गई। अतएव प्रजा मे इनके प्रति पूर्णतया देवत्व की भावना का उदय हो गया और फलस्वरूप इनकी चितास्थली पर लोगो ने इनके मन्दिर का निर्माण करा कर वहा इनकी अश्वारूढ प्रतिमा भी प्रतिष्ठित कर दी। इस प्रकार चम्पावत के चन्द्रवशीय राजा ग्वल ही आजीवन किए एव जीवनोपरान्त भी किए जाने वाले अपने सत्त्व-शौय-न्यायसम्पन्न, भव्य दिव्य सत्कार्यों से सबके सच्चे ग्वल देवता के रूप मे प्रतिष्ठित हुए।

तदुपरान्त तो शनै शनै सम्पूर्ण कुमाऊ क्षेत्र मे इनकी देवता के रूप मे मान्यता हो गई। जगह-जगह पर इनके अनेक मन्दिर भी स्थापित हो गए। आज चितई, घोडाखाल, सौला, मलौटा, ताडीखेत आदि स्थानो पर बने हुए ग्वॅल देवता के मन्दिर प्रमुखरूपेण उल्लेखनीय हैं। आज भी लोग इन मन्दिरो मे जाकर ग्वल देवता को अपने दुख दर्द सुनाते हैं, सरकारी स्टाम्प्ड पेपर पर विधिवत् अपील लिखकर रख आते हैं, और अपने किसी मनोरथ विशेष को

पूरा कराने के लिए मनौती मनाते हैं। नवरात्र के अवसर पर तो इन मन्दिरों में आने वालों की भारी भीड़ हो जाती है मेले लगते हैं, विशेष प्रकार से पूजा की जाती है, "जागर" (अनुष्ठान विशेष) होते हैं और सुखद आश्चर्य का विषय यह है कि यदि कोई मनुष्य सच्चे हृदय से ग्वल देवता की शरण में जाकर उनसे अपनी बात कहता है और उसकी बात शतप्रतिशत मानवीय न्यायोचित है, तो ग्वल देवता उसकी प्रार्थना को निश्चय ही सफल करते हैं, इसमें मुझे संशय नहीं है।

एषा शब्दमयी पूजा ग्वलदेवपदाब्जयो।
अर्प्यते ह्यनया बुद्ध्या मयि प्रीतो भविष्यति॥*

---

* यह शोधलेख श्रीनन्दादेवी शताब्दी स्मारिका (नैनीताल), १९८३-८४ तथा वर्तिका (लखनऊ), १९८५/३ में प्रकाशित है।

महाकवि कालिदास का हिमालय

संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य महाकवि कालिदास की नवनवोन्मेषशालिनी काव्यप्रतिभा से आज प्रत्येक शिक्षित भारतीय व्यक्ति परिचित एव प्रभावित है । इन्होंने ऋतुसहार, कुमारसभव, रघुवश एव मेघदूत नामक चार श्रव्यकाव्यो तथा मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशाकुन्तल नामक तीन दृश्यकाव्यो की सृष्टि करके संस्कृतसाहित्य की शाश्वतिक समृद्धि की है । इनमे से इनके मेघदूत नामक सन्देशकाव्य तथा अभिज्ञानशाकुन्तल नामक नाटक ने तो विदेशो मे भी भूयसी प्रतिष्ठा प्राप्त की है । फलस्वरूप विदेशो मे भी शिक्षित समाज मे महाकवि कालिदास के प्रति पर्याप्त आदरभाव है । इससे हमारे देश भारतदेश का तथा हमारी भाषा संस्कृतभाषा का भी नाम उज्ज्वल हुआ है ।

महाकवि कालिदास न केवल मानवीय सौन्दर्य के ही ममस्पर्शी मीमासक हैं, अपितु प्राकृतिक वैभव के भी वह उत्कृष्ट उद्‌गायक है । यही कारण है कि उन्होंने अपने काव्यो मे अवसर पाते ही प्रकृतिनटी के धामभूत नगाधिराज हिमालय का वर्णन बडे ही मनोयोग से किया है, जिससे प्रभावित होकर कतिपय मनीषी उन्हे हिमालय की 'उपज' मानने का परामर्श दिया करते हैं । किन्तु कालिदास चाहे हिमालयवासी रहे हो, चाहे उज्जयिनीवासी, पर इतना निर्विवाद है एव प्रत्यक्ष अनुभव करने योग्य है कि उन्होंने हिमालय का बडा ही प्रासगिक तथा उद्‌बोधक वर्णन किया है, जो इस तथ्य का सबल साक्षी है कि महाकवि कालिदास की दृष्टि मे हिमालय मिट्टी और पत्थर का पुञ्जमात्र नहीं है, बल्कि वह मानवजीवनोपयोगी विविध प्राकृतिक सम्पत्तियो का विशाल भाण्डार है, जिसकी रक्षा-सुरक्षा एव सदुपयोग करके भारतीय जनजीवन अधिक समृद्ध एव अधिक खुशहाल हो सकता है । उनका विचार है कि हिमालय देवता के समान वन्दनीय है । इसीलिए वह इसे 'देवतात्मा' कहते

है। पूर्वदिशा मे पूर्वीसागर और पश्चिम दिशा मे पश्चिमी सागर तक इसके फैलाव को देखकर वह इसे पृथ्वी का मानदण्ड मानते हैं। उनकी धारणा है कि पृथ्वी को सन्तुलित रखने मे भी हिमालय का ही सर्वाधिक योगदान है। इसीलिए उन्होने इसे सभी पर्वतो का राजा माना है[1]।

हिमालय पर उपलब्ध होने वाली जीवनोपयोगी जड़ी-बूटियो की चर्चा भी कालिदास ने अपने काव्यो मे यत्र-तत्र की है। उनका कहना है कि हिमालय पर सभी प्रकार की महौषधियाँ है[2]। यहाँ औषधि शब्द के स्थान पर

---

१ (क) अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा
हिमालयो नाम नगाधिराज ।
पूर्वापरौ तोयनिधी वगाह्य
स्थित पृथिव्या इव मानदण्ड ।।

—कुमारसम्भव, १।१

(ख) यज्ञाङ्गयोनित्वमवेक्ष्य यस्य
सार धरित्रीधरणक्षम च ।
प्रजापति कल्पितयज्ञभाग
शैलाधिपत्य स्वयमन्वतिष्ठत् ।।

—वही, १।१७

(ग) उन्नतेन स्थितिमता धुरमुद्वहता भुव ।
तेन योजितसम्बन्ध वित्त मामप्यवञ्चितम् ।।

वही, ६।३०

(घ) गामधास्यत्कथ नागो मृणालमृदुभि फणै ।
आरसातलमूलात्त्वमवालम्बिष्यथा न चेत् ।।

—वही, ६।६८

२ य सवशैला परिकल्प्य वत्स
मेरौ स्थिते दोग्धरि दोहदक्षे ।
भास्वन्ति रत्नानि महौषधीश्च
पृथूदिष्टा दुदुहुर्धरित्रीम् ।।

—वही, १।२

महौषधि शब्द का प्रयोग करके कालिदास ने यह अभिव्यक्त करना चाहा है कि हिमालय पर मिलने वाली जडी-बूटियाँ रोगो का शमन करने में रामबाण के समान अचूक हैं। क्योकि 'महौषधि' शब्द का अर्थ कोशकारों ने 'अमोघ औषधि', 'अचूक दवा' 'सर्वोपरि उपचार' और 'रामबाण' आदि ही किया है।[3] उल्लेखनीय है कि लङ्कासमर मे मेघनाद की 'शक्ति' से आहत हुए और मृतप्राय लक्ष्मण मे प्राणो का पुन सचार करने वाली सजीवनी-बूटी इसी प्रकार की महौषधि थी और वह हिमालय पर ही उपलब्ध हुई थी[४]। कालिदास ने हिमालयवर्णन के प्रसगो मे अनेक स्थलो पर लिखा है कि यहाँ (हिमालय) की औषधिया यानी जडी-बूटियाँ चमकीली हैं, प्रकाश से युक्त हैं, और रात के समय तो उनका प्रकाश इतना अधिक बढ जाता है कि वे दीपक का स्थान ले लेती है। फलस्वरूप ये औषधियाँ रात के समय युवक-युवतियो के सुरतव्यापार मे 'रतिदीप' का भी काम करती हैं[५], और रात के घने अन्धकार मे अभिसार करने वाली युवतियो के लिए यही औषधियाँ 'मार्गदीप' भी बन जाती हैं[६]। महाकवि का कहना है कि काम्बोजो को जीतकर जब राजा रघु हिमालयीय राजाओ को जीतने के लिए हिमालय पर सेनासहित चढे थे, तो रात मे विश्राम करती हुई उनकी सेना के हाथियों के गले मे पडी हुई शृखलाये भी समीपस्थ औषधियो के प्रकाश से चमचमा उठती थी[७]। हिमालय का प्रधाननगर औषध

---

३ वामनशिवराम आप्टे कृत 'सस्कृतहिन्दीकोश', पृ० स० ७८४

४ रघुवश, १२।७८

५ वनेचराणा वनितासखाना
दरीगृहोत्सङ्गनिषक्तभास ।
भवन्ति यत्रौषधयो रजन्या-
मतैलपूरा सुरतप्रदीपा ॥ ——कुमारसम्भव, १।१०

६ यत्रौषधीप्रकाशेन नक्त दर्शितसचरा ।
अनभिज्ञास्तमिस्राणा दुर्दिनेष्वभिसारिका ॥
—वही, ६।४३

७ सरलासक्तमातङ्गग्रैवेयस्फुरितत्विष ।
आसन्नोषधयो नेतुर्नक्तमस्नेहदीपिका ॥
——रघुवश, ४।७५

प्रस्थ[८] तो ओषधियो के प्रकाश से सदैव जगमग रहता था[९]। ओषधियो के अतिरिक्त (क) सरल (साखू), (ख) देवदारु, (ग) रुद्राक्ष, (घ) अखरोट, (ङ) कालागरु, (च) कल्पवृक्ष आदि अनेक महत्त्वपूर्ण एव बहुमूल्य वृक्षो को भी कालिदास ने हिमालय की सम्पत्ति के रूप मे ही अभिनिवेश के साथ चित्रित किया है[१०]।

उन्होने हिमालय के वनो मे हाथियो ओर सिहो की सत्ता की ओर भी पाठकों का ध्यान आकृष्ट किया है। उनका कहना है कि यहाँ के हाथी मदजल से युक्त होते हैं जो अपनी कपोलकण्डू को मेटने के लिए सरल किंवा देवदारु वृक्षो के स्कन्धो मे अपने कपोलो को रगडते रहते हैं। फलस्वरूप विघटित हुए इन वृक्षो से निकलती हुई गन्ध से हिमालय के शिखर सुरभित होते रहते हैं।[११] ऐसा ही एक मदोन्मत्त हाथी दुष्यन्त के रथ को देखने से असयत होकर महर्षि कण्व के आश्रम मे प्रवेश करके वहा आतक फैलाता है[१२]। यहाँ मदोन्मत्त

---

८ डॉ कैलाशनाथ द्विवदी, कालिदास की कृतियो म भौगोलिक स्थलो का प्रत्यभिज्ञान, पृ० स० २२४-२२५

९ गङ्गास्रोत परिक्षिप्त वप्रान्तर्ज्वलितौषधि।
बृहन्मणिशिलासाल गुप्तावपि मनोहरम ॥

--कुमारसम्भव, ६।३८

१० क-कुमारसम्भव, १।६, रघुवश, ४।७५, मेघदूत (पूर्व), ५७
ख कुमारसम्भव, १।१५, ३।४४, ६।५१, रघुवश, ४।७६
ग-कुमारसम्भव, १।५५, ३।४३, रघुवश, ४।७४
घ रघुवश, ४।६६
ङ-वही, ४।८१
च-कुमारसम्भव ६।४१, ४६, उत्तर मघ, १२ अभिज्ञानशाकुन्तल, ७।१२

११ कपोलकण्डू करिभिर्विनेतु विघट्टिताना सरलद्रुमाणाम्।
यत्र स्रुतक्षीरतया प्रसूत सानूनि गन्ध सुरभीकरोति ॥

--कुमारसम्भव १।६

१२ तीव्राघातप्रतिहततरु स्कन्धलग्नैकदन्त
पादाकृष्टव्रततिवलयासङ्गसजातपाश ।

हाथियो का वध करने मे समर्थ सिंहो की भी कमी नही है।[13] ये सिंह निर्भीक भी बहुत हैं, तभी तो रघु की सेना के कोलाहल को सुनकर भी ये इधर-उधर नहीं भागते, बल्कि निश्चिन्त भाव से कन्दराओ मे लेटे हुए ही आँखें घुमाकर सेना को देखते रहते हैं।[14] किन्तु हिमालय की गोद मे पलने वाले भारतीय बालक इस प्रकार के सिंहशावको से भी मित्रतापूर्वक क्रीडा किया करते हैं, यह अतीव सुखद आश्चर्य का विषय है।[15]

पार्वती, कण्व और वसिष्ठ के आश्रमो मे जो हिमालय की ही गोद मे थे, मृगो का पालन-पोषण बडी ही आत्मीयता के साथ हुआ करता था।[16] कालिदास ने हिमालय पर कस्तूरी मृगो का भी उल्लेख किया है। उनका कहना है कि दिग्विजय के प्रसग मे निकले हुए राजा रघु की सेना के लोगो ने हिमालय पर रात मे जिन पाषाण शिलाओ पर विश्राम किया था, उनमे से कस्तूरी का सौरभ निकल रहा था। क्योकि उन शिलाओ पर पहले कस्तूरीमृग बैठ चुके थे।[17] इसी प्रकार भगवान् शकर ने सतीवियोग से निर्विण्ण होकर

मूर्त्तो विघ्नस्तपस इव नो भिन्नसारङ्गयूथो
धर्मारण्य प्रविशति गज स्यन्दनालोकभीत ॥
—अभिज्ञानशाकुन्तल, १।३१

१३ पद तुषारस्रुतिधौतरक्त
यस्मिन्नदृष्ट्वापि हतद्विपानाम्।
विदन्ति मार्गं नखरन्ध्रमुक्तै—
र्मुक्ताफलै केसरिणा किराता ॥
—कुमारसम्भव, १।६

१४. शशस तुल्यसत्त्वाना सैन्यघोषेऽप्यसभ्रमम्।
गुहाशयाना सिंहाना परिवृत्यावलोकितम् ॥
—रघुवश, ४।७२

१५ अभिज्ञानशाकुन्तल, ७।१४-१८

१६ क—कुमारसभव, ५।१३, १५,३५
ख —अभिज्ञानशाकुन्तल, १।५-११,१४,२।१८,४।१२,१४
ग रघुवश, १।५०,५२

१७ विशश्रमुर्नमेरूणा छायास्वध्यास्य सैनिका।
दृषदो वासितोत्सङ्गा निषण्णमृगनाभिभि ॥ —रघुवश, ४।७४

हिमालय के जिस शिखर पर समाधि लगाई थी, वह भी कस्तूरी की गन्ध से सुवासित था।[१८]

कालिदास का विश्वास है कि हिमालय मे रत्न भरे पडे हैं। रत्नगर्भा बसुन्धरारूपिणी गौ ने रत्नरूपी अपना समस्त दुग्ध इस हिमालयरूपी वत्स को पिला दिया है। इसीलिए धरती की अनन्त रत्नसम्पत्ति इस हिमालय मे ही उपलब्ध होती है। यही कारण है कि लोग इसमे अनन्तरत्नराशि के उपलब्ध होने की प्रसन्नता मे इसकी कष्टदायक हिमराशि को भी बर्दाश्त कर लेते हैं।[१९] हिमालय के औषधिप्रस्थनगर का तो परकोटा (नगरसीमाभित्ति) भी बडी बडी मणिशिलाओ से बना हुआ बताया गया है तथा उसी के समीप मे तांबे की चट्टानो का भी उल्लेख किया गया है[२०]। मारीच के आश्रम के

---

१८ स कृत्तिवासास्तपसे यतात्मा
　　　　गङ्गाप्रवाहोक्षितदेवदारु।
　प्रस्थ हिमाद्रेर्मृगनाभिगन्धि
　　　　किंचित्क्वणत्किन्नरमध्युवास॥
　　　　　　　　　　　　—कुमारसम्भव, १।५४

१९ य सर्वशैला परिकल्प्य वत्स
　　　　मेरौ स्थिते दोग्धरि दोहदक्षे।
　भास्वन्ति रत्नानि महौषधीश्च
　　　　पृथूपदिष्टा दुदुहुर्धरित्रीम्॥
　अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य
　　　　हिम न सौभाग्यविलोपि जातम्।
　एको हि दोषो गुणसन्निपाते
　　　　निमज्जतीन्दो किरणेष्विवाङ्क॥
　　　　　　　　　　　　— वही, १/२-३

२० क- गङ्गास्रोत परिक्षिप्त वप्रान्तज्वलितौषधि।
　　बृहन्मणिशिलासाल गुप्तावपि मनोहरम्॥
　　　　　　　　　　　　—वही, ६/३८

　ख- धातुताम्राधर प्राशुर्देवदारुबृहद्भुज।
　　प्रकृत्यैव शिलोरस्क सुव्यक्तो हिमवानिति॥
　　　　　　　　　　　　—वही, ६/५१

परिसर की भूमि पर भी अनेक रत्नशिलाएँ पड़ी हुई बताई गई हैं, जिनपर बैठकर उस आश्रम के तपस्वी लोग ध्यान लगाया करते थे[२१]। दिग्विजय यात्रा के प्रसग मे राजा रघु को पर्वतीय राजाओ से उपहारस्वरूप विपुल मात्रा मे रत्नराशि उपलब्ध हुई थी, जिसे पाकर रघु ने हिमालय मे अपार रत्नराशि के होने का विश्वास कर लिया था।[२२]

भारतीय सस्कृति के अनुरूप कालिदास ने हिमालय मे देवत्व की परिकल्पना भी की है। उनकी दृष्टि मे इसके दो रूप हैं—एक स्थावर और दूसरा जङ्गम[२३]। इसका स्थावररूप जो पश्चिमीसमुद्र से पूर्वी समुद्र तक फैला हुआ है, अचल है, ऊँचे-ऊँचे हिमाच्छादित शिखरो से सुशोभित है, गगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र आदि पावनसरिताओ का उद्गमस्थल

---

२१ प्राणानामनिलेन वृत्तिरुचिता सत्कल्पवृक्षे वने
तोये काञ्चनपद्मरेणुकपिशे धर्माभिषेकक्रिया ।
ध्यान रत्नशिलातलेपु विबुधस्त्रीसनिधौ सयमो
यत्काङ्क्षन्ति तपोभिरन्यमुनयस्तस्मिस्तपस्य त्यमी ॥
—अभिज्ञानशाकुन्तल, ७।१२

२२ क- परस्परेण विज्ञातस्तेपूपायनपाणिषु ।
राज्ञा हिमवत सारो राज्ञ सारो हिमाद्रिणा ॥
—रघुवश, ४/७९

(ख) कामरूपेश्वरस्तस्य हेमपीठाधिदेवताम् ।
रत्नपुष्पोपहारेण छायामानर्च पादयो ॥
—वही, ४।८४

२३ जङ्गम प्रैष्यभावे व स्थावर चरणाङ्कितम् ।
विभक्तानुग्रह मन्ये द्विरूपमपि मे वपु ॥
भवत्सभावनोत्थाय परितोषाय मूर्च्छते ।
अपि व्याप्तदिगन्तानि नाङ्गानि प्रभवन्ति मे ॥
न केवल दरीसस्थ भास्वता दर्शनेन व ।
अन्तर्गतमपास्त मे रजसोऽपि पर तम ॥
—कुमारसम्भव, ६।५८—६०

है, वानस्पतेय वैभव का विधाता है, और खनिज सम्पत्ति का आधार है। इसके इस रूप से प्राय सभी सुपरिचित हैं। क्योकि इसका यह रूप सामान्य नेत्रो द्वारा सभी को दिखाई देता है। किन्तु कालिदास की दिव्यदृष्टि ने इसके जगमरूप को भी देखा है, जो देवकोटि का है, जिसकी पत्नी का नाम मेना है, पार्वती जिसकी पुत्री है, और मैनाक जिसका पुत्र है[२४]। वह सभी सजातीय पर्वतो का राजा है और ओषधिप्रस्थ नामक नगर उसकी राजधानी है[२५]। वह साधुस्वभाववाला है, अतिथिसत्कार करने मे कुशल है, सप्तर्षियो का बडा ही भावभीना स्वागत करता है, वे सभी इसकी भूरि-भूरि प्रशसा करते हैं[२६], और सबसे बडी बात तो यह है कि यह अपनी पुत्री पार्वती का विवाह भगवान् शङ्कर के साथ करके उनका सम्बन्धी बनकर समस्त विश्व का वन्दनीय बन जाता है[२७]। फलस्वरूप कालिदास ने इसके स्थावररूप को स्वर्ग के समान ही स्पृहणीय देवभूमि भी माना है और इस तथ्य को उन्होने भगवान शकर के मुख से प्रकट कराया है[२८]। क्योकि इसके इसी स्थावर शरीर पर देवता[२९], यक्ष[३०], सिद्ध[३१], विद्याधर[३२], गन्धर्व[३३], किन्नर[३४],

---

२४ वही, १।१८-२६

२५ वही, ६।३६-४६

२६ वही, ६।५०-७३

२७ वही सप्तमसर्ग सम्पूर्ण।

२८ दिव यदि प्रार्थयसे वृथा श्रम
पितु प्रदेशास्तव देवभूमय।
अथोपयन्तारमल समाधिना
न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत्॥ —वही, ५।४५

२९ वही, १।१

३० वही, ६।३६, उत्तरमेघ सम्पूर्ण।

३१ कुमारसम्भव, १।५, पूर्वमेघ, ५६

३२ कुमारसम्भव, ६।४६

३३ विक्रमोर्वशीय, १।१५-१७

३४ कुमारसम्भव, १।११, १४, ६।३६, उत्तरमेघ, १०

अप्सराएँ[३५] आदि नित्य विहार किया करते हैं, और ऋषियो मुनियो के लिए भी यही परमप्रिय आश्रयस्थान है।

मेरी दृष्टि मे उपर्युक्त ये सभी प्रसग इस तथ्य की सृष्टि एव पुष्टि करते है कि महाकवि कालिदास हिमालय की गरिमा एव महिमा से भली-भाँति परिचित हैं और प्रभावित भी हैं। इसीलिए उन्होने अपनी कृतियो मे यथावसर इसकी प्राकृतिक शोभा, खनिजसम्पत्ति, औषधीय निधि, वानस्पतेय लक्ष्मी और दैवी पावनता का बड़े ही मनोयोग से वर्णन किया है। मेरा *विश्वास है कि अपने काव्यो के माध्यम से उन्होंने हम सबको यह सन्देश किंवा* उपदेश दिया है कि हिमालय हम सबके लिए परमोपयोगी है। इसकी गोद मे जाकर हम दिनकर की प्रखर रश्मियो के सन्ताप मे बच सकते हैं, इसकी प्राकृतिक रमणीयता से हम अपने मन को आनन्दित कर सकते हैं, इस पर उपलब्ध औषधियो के सेवन से हम नैरुज्य एव दीर्घायुष्य प्राप्त कर सकते हैं, *इसकी खनिज सम्पत्ति की खोज करके हम सम्पन्न हो सकते हैं, इसकी सुरम्य* कन्दराओ मे रहकर हम आध्यात्मिक अभ्युदय कर सकते है, और इस पर रहने वाले देवता, यक्ष, गन्धव, सिद्ध आदि के सम्पर्क के सुयोग से हम अपना कुछ आत्मबल भी बढा सकते हैं। अत हम सबको चाहिए कि अपने कल्याण के लिए अपने हिमालय की रक्षा-सुरक्षा तन-मन धन से करते रहे।*

३५ कुमारसम्भव, १।४, विक्रमोर्वशीय, प्रथमाक तथा चतुर्थाक।

** यह शोधलेख पहाड-२ (नैनीताल), १९८५ मे प्रकाशित है।*

हनुमान् की राजनीतिनिपुणता : वाल्मीकीय रामायण के परिप्रेक्ष्य में

संस्कृत साहित्याकाश के देदीप्यमान नक्षत्र आदि महाकवि महर्षि वाल्मीकि द्वारा विरचित 'रामायण' भारतीय वाङ्मय की अक्षुण्ण निधि के रूप मे प्रसिद्ध है। अपनी सहचरी क्रौञ्ची के साहचर्य की सुखानुभूति मे मग्न हुए किन्तु अकस्मात् ही उसी अवस्था मे किसी व्याध के बाण से मर्माहत हुए और करुणक्रन्दन करते हुए क्रौञ्चविहग को नयनगोचर करके महर्षि वाल्मीकि के मुख से जो कारुणिक एव मार्मिक उद्गार उद्भूत हुआ, उसे सुनकर ब्रह्मा जी द्वारा महर्षि को आदर्शमयी इस रामकाव्यरचना के आदेश का दिया जाना नि सन्देह स्वय मे एक अनूठा प्रसग है। आदिकाव्य रामायण मे जहा एक ओर सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक, ज्योतिष आदि विषय सहृदय सामाजिक का आश्चर्यमिश्रित आह्लाद प्रदान करते हैं, वही दूसरी ओर यह काव्य राजनैतिक दृष्टि से भी अछूता नही है। रामायण के प्रत्येक पक्ष के पात्र, चाहे वह राक्षसराज रावण हो अथवा राम, चाहे विभीषण हो अथवा हनुमान्, वाली हो या सुग्रीव, हमे राजनीति मे मँजे हुए मिलते हैं।

इनमे हनुमान् तो अतीव कुशल राजनीतिज्ञ के रूप मे दृष्टिगोचर होते हैं और हो भी क्या नही, देवो के गुरु बृहस्पति ही जब इनके पूर्वज कहे गये हो[1] तो उनमे कुशल राजनीति के दर्शन होना स्वाभाविक ही है। लेकिन सहृदय पाठक सोचेगे कि अतुलितबलधाम हनुमान् अचानक राजनीति के ज्ञाता कैसे हो गये ? किन्तु यदि रामायण का गहराई एव बारीकी से अध्ययन किया जाय तो हनुमान् की राजनीतिक कुशलता पदे पदे दृष्टिगोचर होने लगती है। यह सच है कि स्वय भगवान् सूर्य द्वारा दिये गये वरदान से उनमे सर्वशास्त्रपारग-

---

१ गद्‌गदस्याथ पुत्रोऽभ्या गुरुपुत्र शतक्रतो ।
कदन यस्य पुत्रेण कृतमेकेन रक्षसाम् ॥

—युद्धकाण्ड, ३०।२१

तता का प्रादुर्भाव भी हुआ था।[2]

किष्किन्धाकाण्ड से लेकर युद्धकाण्ड तक के विभिन्न जटिल प्रसगो मे हनुमान् ने अपनी सन्मन्त्रणा देकर, अपनी राजनैतिक कुशलता का जो असाधारण परिचय दिया है वह निश्चय ही अभिनव शोध का विषय है और उनके राजनीतिज्ञ रूप को उजागर करता है।

रामायण मे हनुमान् एक सामान्य परिचय

मर्यादा-पुरुषोत्तम श्रीराम के युद्ध सहायक पवनपुत्र हनुमान् स्वय मे एक अलौकिक चरित्र से युक्त होने के कारण जगद् विख्यात हैं। ब्रह्मा के वरदान से अवध्य हुए[3] राक्षसराज रावण के अत्याचारो से पीडित होने पर, उस निशाचर का वध करने के लिए सभी देवताओ ने भगवान् विष्णु से नरावतार की प्रार्थना की। तत्पश्चात् ब्रह्मा जी ने विभिन्न देवताओ को अप्सराओ, गन्धर्वाओं, यक्ष-नाग कन्याओ, विद्याधरियो आदि से वानररूप पुत्र उत्पन्न करने की आज्ञा दी। फलस्वरूप वायु देवता के औरस-पुत्ररूप मे गरुड के समान वेगशाली, वज्र के समान सुदृढ शरीर वाले हनुमान् जी की उत्पत्ति हुई।[4] यही हनुमान् वाल्मीकि रामायण मे न केवल अत्यन्त बलशाली, वीरयोद्धा, वाक्‌पटुर, शास्त्रवेत्ता के रूप मे पाठको के समक्ष आते है, बल्कि एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप मे भी हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। उनकी इसी राजनैतिक विशेषता पर इस शोध लेख मे प्रकाशपात किया जाएगा।

हनुमान् की राजनीतिज्ञता

हनुमान् जी उन सभी गुणो से युक्त हैं जो कौटिल्य की दृष्टि मे एक योग्य मत्री मे होने चाहिये।[5] वाली द्वारा निष्कासित एव भयग्रस्त हुए वानरराज सुग्रीव अपने सहायक हनुमान् जी को मत्री के रूप मे प्राप्त करके निर्भय होकर ऋष्यमूक पर्वत पर निवास करते हैं। श्री रामचन्द्र जी द्वारा

---

२ यदा च शास्त्राण्यध्येतु शक्तिरस्य भविष्यति।
तदास्य शास्त्र दास्यामि येन वाग्मी भविष्यति।
न चास्य भविता कश्चित् सदृश शास्त्रदर्शने॥

—उत्तरकाण्ड, ३६।१४

३ बालकाण्ड, १६।५

४ वही, १७।१६

५ कौटिलीय अर्थशास्त्रम्, ४।८।१

वाली का वध होता है और सन्ध्यनुसार किष्किन्धा का राज्य सुग्रीव को प्राप्त हो जाता है । राज्य प्राप्त करके वानरराज सुग्रीव भोगविलासिता मे लिप्त होकर अपने मित्र श्री रामचन्द्र के उपकार को विस्मृत सा कर देते हैं । तब शास्त्रो के ज्ञाता हनुमान् जी एक योग्य मन्त्री के रूप मे वानरराज सुग्रीव को नीतियुक्त उपदेश देते हुए कहते हैं कि हे राजन् ! उस राजा के राज्य, यश और प्रताप की वृद्धि होती है जो 'कब प्रत्युपकार करना चाहिये' ऐसा समझता है तथा मित्रो के साथ साधुतापूर्ण व्यवहार करता है । हे राजन् ! आपने राज्य और यश को प्राप्त करके कुलपरम्परागत श्रीवृद्धि की है । अब केवल मित्रो को अपनाने का काय अवशेष है, उसका सम्पादन आपको इस वक्त करना चाहिए । आप सर्वदा सदाचार सम्पन्न एव सनातन धर्मपथ पर सुस्थिर हैं । अत आप अपनी प्रतिज्ञा (मित्र के कार्य को पूर्ण करूंगा) को यथावत्पूर्ण करने म जुट जाइये ।[६]

इसी प्रकार राक्षसराज रावण द्वारा निष्कासित विभीषण जब शरणार्थी के रूप मे श्री रघुनाथ जी की सेना मे आते हैं, उस समय भी हनुमान् जी द्वारा दिया गया राजनीति का उपदेश नि सन्देह लाभप्रद है । वानरराज सुग्रीव के द्वारा अपने मन्त्रियो से इस विषय म सलाह करने पर तथा शत्रुपक्ष के लोगो को शत्रु समझकर उसकी नीतियो को गुप्तचरो द्वारा मालूम करने की सलाह मन्त्रियो द्वारा दी जाने पर राजनीति के क्षेत्र मे प्रखर बुद्धि वाले हनुमान् विभीषण का अपने भाई-बन्धुओ को छोडकर श्री राम की शरण मे आना देशकाल के अनुरूप बताते हैं । उसक आन का यही उपयुक्त देश और काल है, यह सिद्ध करते हुए वह श्री राम से कहते हैं कि विभीषण दुरात्मा रावण का साथ छोडकर आपके पास आया है, उसने एक नीच पुरुष के ससर्ग को

---

६ यो हि मित्रेषु कालज्ञ सतत साधु वर्तते ।।
तस्य राज्य च कीर्तिश्च प्रतापश्चापि वर्धत ।
राज्य प्राप्त यशश्चैव कौली श्रीरभिवर्धिता ।।
मित्राणा सग्रह शेषस्तद् भवान् कर्तुमर्हति ।
तद् भवान् वृत्तसम्पन्न स्थित पथि निरत्यय ।
मित्रार्थमभिनीतार्थं यथावत् कर्तुमर्हति ।।

किष्किन्धाकाण्ड, २९।६-१२

छोड़कर एक श्रेष्ठ पुरुष की सगति का विचार किया है। दोनो के गुण-दोषो का विवेचन करके रावण की दुष्टता एव आपके पराक्रम को दृष्टि मे रखकर ही वह यहा आया है। अत उसका यहा आना सवथा उचित एव बुद्धि के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त हे महाराज ! किसी दूसरे मनुष्य के मनोभावो को सहसा समझ लेना भी असम्भव है। अत बीच-बीच मे स्वरभेद के द्वारा, इसका आगमन साधुभाव से हुआ है अथवा असाधुभाव से, यह निश्चय कर लें। इसके वार्तालाप से कोई भी दुर्भाव मुझे लक्षित नही होता। प्रसन्नवदन हुए इसके प्रति मेरे मन मे कोई भी सशय नहीं है। इसकी वाणी भी मुझे दोषहीन प्रतीत होती है, क्योकि दुष्ट पुरुष कभी भी नि शक एव स्वस्थचित्त होकर सामने नही आ सकता। इसके अलावा मनुष्य अपने आकार को छिपाने की कितनी ही चेष्टा करे परन्तु उसके भीतर का भाव कभी नहीं छिप सकता। बाहर का आकार उसके आन्तरिक भावो को अनायास ही प्रकट कर देता है, साथ ही उसका आना देशकाल के अनुरूप इसलिए भी है कि आपके उद्योग, रावण का मिथ्या व्यवहार, वाली के वध और सुग्रीव के राज्याभिषेक के समाचार को सुनकर राज्य पाने की इच्छा से यह समझ-बूझकर ही यहाँ आपके पास आया है। इसके मन म यह विश्वास है कि शरणागत वत्सल श्री राम मेरी रक्षा करते हुए राज्य सुख प्राप्त करवा देंगे—इन्हीं सब बातो को दृष्टि म रखकर विभीषण का सग्रह करना अर्थात् उसे अपना लेना मुझे उचित जान पडता है।[7]

---

७ एष देशश्च कालश्च भवतीह यथा तथा।
पुरुषात् पुरुष प्राप्य तथा दोषगुणावपि ॥
दौरात्म्य रावणे दृष्ट्वा विक्रम च तथा त्वयि।
युक्तमागमन ह्यत्र सदृश तस्य बुद्धित ॥
अशक्य सहसा राजन् भावो बोद्धु परस्य वै।
अन्तरेण स्वरैर्भिन्नैर्नैपुण्य पश्यता भृशम् ॥
न त्वस्य ब्रुवतो जातु लक्ष्यते दुष्टभावता।
प्रसन्न वदन चापि तस्मान्मे नास्ति सशय ॥
अशकितमति स्वस्थो न शठ परिसर्पति।
न चास्य दुष्टवागस्ति तस्मान्मे नास्ति सशय ॥

हनुमान जी राजनीति के साम, दान, भेद, दण्ड रूप उपायचतुष्टय को भी भली-भांति जानने वाले हैं। इन उपायों के प्रयोग के समय एवं पात्रता से भी वह पूर्णतया परिचित है। वानरराज सुग्रीव द्वारा लौटने की अवधि निश्चित करते हुए सभी वानरों को सीता जी का पता लगाने हेतु भेजते पर, हनुमान् जी के साथ आए सभी वानर निश्चित अवधि में इस कार्य के सिद्ध न होने पर वानरराज सुग्रीव के भय से त्रस्त हो प्राणत्याग का निश्चय करते हैं। तब तार नामक वानर द्वारा दिये गये स्वयंप्रभा की गुफा में निर्भय होकर रहने के सुझाव को अंगद सहित सभी वानर अंगीकार कर लेते हैं, किन्तु हनुमान् जी के मन में यह विचार उठता है कि यदि वानरों के मध्य इस प्रकार फूट पड गयी तो, बहुत से वानर अंगद का साथ देंगे और इस दशा में अंगद सुग्रीव से राज्य प्राप्त कर लेगा, क्योंकि वह आठ गुणों वाली बुद्धि से युक्त है साथ ही साम, दान, भेद और दण्ड—इन चार प्रकार के बल से तथा चौदह गुणों से सम्पन्न है।[८] अतः हनुमान् जी तार आदि सभी वानरों की ओर से अंगद को फोडने का विचार करते हैं। उपाय चतुष्टय के तीसरे प्रकार अर्थात् भेदनीति के द्वारा सभी वानरों को फोडने के पश्चात चौथे अर्थात् दण्डनीति के द्वारा अंगद को फोडना आरम्भ करते हैं। उसके मनोबल को क्षीण करते हुए वह कहते हैं कि सुग्रीव तुम्हारी अपेक्षा अत्यन्त सबल हैं। तुम्हारे लिए हम सभी वानरों को साम, दान आदि उपायों से तो दूर, दण्ड के द्वारा भी सुग्रीव से अलग करना असम्भव है। यह तो हो सकता है कि बलवान् पुरुष

आकारश्छाद्यमानोऽपि न शक्यो विनिगूहितुम्।
बलाद्धि विवृणोत्येव भावमन्तर्गतं नृणाम्॥
उद्योगं तव सम्प्रेक्ष्य मिथ्यावृत्तं च रावणम्।
वालिनं च हतं श्रुत्वा सुग्रीवं चाभिषेचितम्॥
राज्यं प्रार्थयमानस्तु बुद्धिपूर्वमिहागतः।
एतावत् तु पुरस्कृत्य युज्यते तस्य संग्रहः॥

—युद्धकाण्ड, १७।२७ २८ तथा ६१-६७

८ बुद्ध्या ह्यष्टाङ्गया युक्तं चतुर्बलसमन्वितम्।
चतुर्दशगुणं मेने हनूमान् वालिनं सुतम्॥

—किष्किन्धाकाण्ड, ४।२५

दुर्बलो के साथ वैर बाध कर चुपचाप बैठ जाए, किन्तु बलवान् पुरुष के साथ शत्रुता करके यदि दुर्बल पुरुष सुखपूर्वक रहना चाहे तो यह कदापि सम्भव नही है। अत आत्मरक्षार्थ दुर्बल पुरुष को बलवान् के साथ विग्रह नहीं करना चाहिये। इसके अतिरिक्त हे अगद! जो तुम्हारा गुफा मे रहने का विचार है तथा बिल की अभेद्यता के विषय मे जो कुछ भी तुमने सुना है वह सब व्यर्थ है। क्योकि इस गुफा को विदीर्ण कर देना लक्ष्मण के बायें हाथ का खेल है। शत्रुओ को सन्तप्त करने वाले वीर! जैसे ही तुम गुफा मे रहना प्रारम्भ करोगे वैसे ही ये सब वानर तुम्हें त्याग देंगे। इसका कारण यह है कि तुम्हारे साथ उस गुफा मे रहने पर ये सब वानर अपने बच्चो को याद करके हमेशा दुखी रहेंगे, वहाँ उन्हे जब भूख एव प्यास का कष्ट सहना पडेगा तथा दुखद शय्या मे सोना पडेगा, तब इन सब बातो से व्यथित होकर ये सब तुम्हें पीछे छोडकर चल देंगे।[६]

ये तो रहा अपने पक्ष मे उपाय चतुष्टय के प्रयोग की बात। अब प्रस्तुत है शत्रुपक्ष मे उनके द्वारा किए गए उपाय चतुष्टय प्रयोग का निदर्शन—

अशोक वाटिका मे वह सीता जी से मिलकर और सभी समयोचित बातें कह कर, चिन्ह सन्देश लेकर जब विदा लेते हैं, तो शेष कार्य के विषय मे विचार करते हुए उत्तर दिशा की ओर प्रस्थान करते हैं। वह विचार करते हैं कि जानकी के दर्शन के पश्चात् इस लकापुरी का भी निरीक्षण कर लिया जाए ताकि शत्रु की शक्ति एव नीतियो से परिचय प्राप्त हो सके। इस कार्य के लिए वह राजनैतिक उपाय चतुष्टय पर गम्भीरता से विचार करके चौथे उपाय दण्ड को उचित मानते हैं। वह विचार करते हैं कि राक्षसो पर साम-नीति का प्रयोग करना लाभप्रद नहीं है। धन की प्रचुरता के कारण दाननीति का प्रयोग करना भी उचित नही, बल के दर्प मे चूर रहने के कारण इन पर भेद नीति के प्रयोग से भी कोई लाभ नही। इस दृष्टि से मात्र पराक्रम दिखाने के अतिरिक्त मुझे और कुछ भी उचित प्रतीत नहीं होता है। पराक्रम के द्वारा यदि कुछ प्रमुख राक्षस वीरो का हनन कर दिया जाए तो ये कुछ नरम हो सकते हैं। जो मनुष्य प्रधान कार्य को सम्पन्न करके दूसरे बहुत से कार्यों को सिद्ध कर लेता है और पूर्व कार्यों मे बाधा उपस्थित नहीं होने देता, वही कार्य को सुचारु रूप से कर सकता है। इसके अतिरिक्त छोटे से-छोटे

---

६. वही, ५४।११-१७

कार्य की सिद्धि के लिए कोई एक साधक हेतु नहीं हुआ करता। किसी काय को अनक प्रकार स सिद्ध करन की कला मे जो मनुष्य प्रवीण होता है वही कायसाधन मे समथ हो सकता है। इसी दौरान अपने और शत्रुपक्ष की सबलता एव निबलता का निणय भी मुझे कर लेना चाहिए एव भविष्य के कार्यक्रम का निश्चय भी, तभी स्वामी द्वारा दी गई आज्ञा पूर्णतया पालित हुई समझी जाएगी। इस युद्ध के द्वारा मत्री, सेना और सहायको सहित रावण का सामना करके उसके हार्दिक अभिप्राय तथा सैन्य शक्ति का पता लगाकर ही यहा से मुझे जाना चाहिए।'[१०]

कहना असगत न होगा कि राजनीति मे दक्षता प्राप्त व्यक्ति ही शास्त्र-सम्मत रूप से इस प्रकार के तर्क-वितर्कों द्वारा इस प्रकार का निर्णय ले सकता है। निश्चय ही इस सन्दर्भ मे हनुमान् जी के बुद्धि-चातुर्य एव राजनैतिक उपाय कौशल की प्रशसा किए बिना नही रहा जा सकता। अत स्पष्ट है कि सामादि उपायो के सम्बन्ध मे उन्हे परिपक्व ज्ञान प्राप्त था। उनके इस प्रकार के नीति विषयक विचार मनु के राजनीति विषयक विचारो से भी मेल खाते हैं। क्योकि मनु का भी इस सम्बन्ध मे कहना है कि पहले तो साम, दान तथा भेद के द्वारा ही शत्रु को जीतने का यत्न करना चाहिए। यदि किसी प्रकार से यह उपायत्रय शत्रुपक्ष पर प्रभावी न हो, तो चौथे उपाय

---

१० न साम रक्षःसु गुणाय कल्पते
न दानमर्थोपचितेषु युज्यते।
न भेदसाध्या बलदर्पिता जना
पराक्रमस्त्वेव ममेह रोचते॥
कार्ये कर्मणि निर्वृत्ते यो बहून्यपि साधयेत्।
पूर्वकार्याविरोधेन स कार्यं कर्तुमर्हति॥
न ह्येक साधको हेतु स्वल्पस्यापीह कर्मण।
यो ह्यर्थं बहुधा वेद स समर्थोऽर्थसाधन॥
तत्र समासाद्य रणे दशानन
समन्त्रिवर्गं सबल सयायिनम्।
हृदि स्थित तस्य मत बल च
सुखेन मत्वाहमित पुनर्व्रजे॥

—सुन्दरकाण्ड, ४१।३, ५-६ तथा ६

(दण्ड स्वरूप युद्ध) द्वारा शत्रु पक्ष को जीतना चाहिए, यही नीति है ।[११]

वाल्मीकीय रामायण मे हनुमान् एक कुशल गुप्तचर एव श्रेष्ठ राजदूत के रूप मे भी कार्य करते है । वह मनुप्रोक्त श्रेष्ठ राजदूत के गुणो से युक्त हैं ।[१२] और इसी कारण वह गुप्तचर के कार्यों को कुशलतापूवक करते है । वाली के भय से ऋष्यमूक पर्वत पर रहते हुए सुग्रीव जब राम लक्ष्मण को उधर ही आते हुए देखते हैं तो उन्हे यह शका हो जाती है कि कही ये वीर वाली के द्वारा तो नही भेजे गए हैं । अत इस सम्बन्ध मे वह हनुमान् जी को साधारण पुरुष की भाँति जाकर उन दोनो वीरो के विषय मे पता लगाने का आदेश देते हैं । हनुमान् जी उनकी आज्ञा को शिरोधार्य करके उनका पता लगाने के लिए चल देते हैं । इस कार्य के सम्पादन के लिए हनुमान् जी 'शठबुद्धि' का प्रयोग करते हैं । तदनुसार वह कपिरूप का परित्याग करके भिक्षुरूप मे अपना वेश परिवर्तन कर लेते हैं ।[१३] यहाँ महर्षि वाल्मीकि द्वारा प्रयुक्त 'शठबुद्धि' शब्द के प्रयोग को देखकर यह सिद्ध होता है कि श्री हनुमान् जी 'शठे शाठ्य समाचरेत' जैसी चालाकी से भी शत्रु का सामना करने की क्षमता रखते हैं । ठीक ही तो है जहाँ एक ओर वेश परिवतन गुप्तचर के लिए आवश्यक समझा जाता है, वही दूसरी ओर शत्रु की दृष्टि से स्वय को बचाना अत्यावश्यक भी है ।

समुद्र को पार करके जब वे लका की सीमा मे प्रवेश करते हैं, तब भी वह शत्रुओ की दृष्टि मे स्वय को अदृश्य रखने के लिए तथा आकार को परिवर्तित कर लेने से सीता जी की खोज मे कोई विघ्न उपस्थित नही

---

११ साम्ना दानेन भेदेन समस्तैरथवा पृथक् ।
विजेतु प्रयतेतारीन्न युद्धेन कदाचन ।।
त्रयाणामप्युपायाना पूर्वोक्तानामसम्भवे ।
तथा युध्येत सम्पन्नो विजयेत रिपून्यथा ।।
—मनुस्मृति, ७।१९८ तथा २००

१२ वही, ७।६४

१३ कपिरूप परित्यज्य हनुमान मारुतात्मज ।
भिक्षुरूप ततो भेजे शठबुद्धितया कपि ।।
—वही, ३।२

होगा, ऐसा विचार करके लंका में प्रवेश करने का निर्णय लेते हैं और सन्ध्याकाल के आने पर अपने इस विचार को कार्य रूप भी दे देते हैं।[१४]

एक गुप्तचर के रूप में इतना ही नहीं, वरन् सीता जी के दर्शन करने के सम्बन्ध में अपनी बुद्धि प्रखरता, कार्य के परिणाम एवं राजनीतिक सूझ-बूझ का जो उदाहरण हनुमान् जी ने प्रस्तुत किया है, निश्चय ही, वह भी श्लाघनीय है। अशोक वाटिका में सीता जी का दर्शन करने के बाद उनका मन इस अन्तर्द्वन्द्व में फँस जाता है कि सीता जी से मिलूं या बिना मिले ही वापस चला जाऊँ। फिर वह सोचते हैं कि यदि बिना मिले ही वापस चला जाता हूँ तो, श्री राम यदि सीता द्वारा भिजवाए गए सन्देश के विषय में पूछेंगे, तब सीता जी से बिना भेंट किए उनके इस प्रश्न का क्या उत्तर दूंगा? तथा सीता जी का सन्देश लिए बिना लौटता हूँ तो रामचन्द्र जी की क्रोधभरी दृष्टि से दग्ध हुए बिना भी नहीं रह सकता, साथ ही यदि सीता जी को बिना सान्त्वना दिए वापस लौट कर श्री राम की कार्यसिद्धि के लिए वानरराज को प्रेरित करता हूँ तो उनका भी सेना सहित यहाँ तक आना व्यर्थ हो सकता है (क्योंकि हो सकता है कि अपने पति श्री राम की ओर से निराश होकर सीता जी प्राण त्याग कर दें)। दूसरी ओर वह सोचते हैं कि सूक्ष्म शरीर और उस पर वानर होकर द्विज के सदृश यदि संस्कृत भाषा का प्रयोग करूँ तो, हो सकता है कि मुझ पर विदेहनन्दिनी को रावण का सन्देह हो जाए। दूसरे, यदि वानर के रूप में ही मानवोचित भाषा का प्रयोग करता हूँ तो भी सीता जी को इच्छानुसार रूप धारण करने वाले रावण का ही भ्रम हो सकता है और वह व्याकुल होकर शोर भी कर सकती हैं। अतः क्या किया जाए जिससे कार्य बिगड़े नहीं मुझमें कोई असावधानी न हो, मेरा समुद्र लंघन का काय भी व्यर्थ न हो और किसी तरह मेरी बातों को सुनकर सीता जी किसी भी प्रकार की घबराहट को प्रश्रय न दें—इत्यादि विविध बिन्दुओं पर विचार करके अन्त में अपने बुद्धि चातुर्य से श्री राम के गुणगान द्वारा धीरे-धीरे सीता जी के ध्यान को अपनी ओर आकृष्ट करने का निश्चय

---

१४ सूर्ये चास्त गते रात्री देह सक्षिप्य मारुति ।
वृषदंशकमात्रास्न बभूवाद्भुतदर्शन ॥

—सुन्दरकाण्ड, २।४९

करते है, जो सर्वथा उपयुक्त था ।[१५]

इसी प्रकार रावण के द्वारा युद्ध के लिए प्रेपित इन्द्रजित् मेघनाद, युद्ध मे हनुमान् जी को अवध्य समझ कर उनको ब्रह्मपाश मे बाधने का विचार करता है। ब्रह्मास्त्र से बँध जाने पर हनुमान् जी को स्वय प्रजापति द्वारा मिले हुए वरदान का स्मरण हो जाता है। वह सोचते हैं कि इस अस्त्र से मुझे भय नही हैं, क्योकि ब्रह्मा, इन्द्र एव वायुदेव तीनो ही मेरी रक्षा करते हैं, साथ ही उस ब्रह्मास्त्र से बँधे होने पर वह अपना यह फायदा भी सोचते हैं कि राक्षसराज रावण के साथ वार्तालाप का सुअवसर प्राप्त होगा। अत

---

१५ रामस्तु यदि पृच्छेन्मा किं मा सीताब्रवीद् वच ।
किमह त प्रतिब्रूयामसम्भाष्य सुमध्यमाम् ॥
सीतासदेशरहित मामितस्त्वरया गतम् ।
निर्दहेदपि काकुत्स्थ क्रोधतीव्रेण चक्षुषा ॥
यदि वोद्योजयिष्यामि भर्तार रामकारणात् ।
व्यर्थमागमन तस्य ससैन्यस्य भविष्यति ।
अह ह्यतितनुश्चैव वानरश्च विशेषत ।
वाच चोदाहरिष्यामि मानुषीमिह सस्कृताम् ॥
यदि वाच प्रदास्यामि द्विजातिरिव सस्कृताम् ।
रावण मन्यमाना मा सीता भीता भविष्यति ॥
सेयमालोक्य मे रूप जानकी भाषित तथा ।
रक्षोभिस्त्रासिता पूर्वं भूयस्त्रासमुपैष्यति ॥
ततो जातपरित्रासा शब्द कुर्या मनस्विनी ।
जानाना मा विशालाक्षी रावण कामरूपिणम् ॥
न विनश्येत् कथ कार्यं वैक्लव्य न कथ मम ।
लघन च समुद्रस्य कथ नु न वृथा भवेत ॥
कथ नु खलु वाक्य मे शृणुयान्नोद्विजेत च ।
इति सचिन्त्य हनुमाश्चकार मतिमान् मतिम् ॥
राममक्लिष्टकर्माण सुबन्धुमनुकीर्तयन् ।
नैनामुद्वेजयिष्यामि तद्बन्धुगतचेतनाम् ॥
—सुन्दर काण्ड, ३०।१३-२१ तथा ३९-४३

राक्षसो द्वारा पकडे जान पर महान लाभ ही है। इतना ही नही, राक्षसो द्वारा सुतरी तथा वृक्षो के वल्कल को बट कर बनाए गए रस्से से भी बाँध दिए जाने के कारण हनुमान् जी ब्रह्मास्त्र के बन्धन से मुक्त हो गए थे। क्योकि ब्रह्मास्त्र का बन्धन किसी अन्य बन्धन के साथ नही रहता। फिर भी, वह उनके द्वारा किए गए अरुचिकर क्रियाकलापो को इसीलिए चुपचाप सह रहे थे, क्यो कि उनके मन मे यह भावना घर कर गई थी कि इस अवस्था मे सम्भवत राक्षसराज रावण को कौतूहलवश मुझे देखने की इच्छा होगी।[१६]

इतने से ही हनुमान् जी की राजनीति समाप्त नहीं हो जाती। उनके साथ तो पग पग पर राजनीति विषयक द्वन्द्व चल रहा है। रावण दरबार मे वह स्वय को दूत के रूप मे प्रस्तुत करके अवध्य घोषित कर देते हैं, क्यो कि शास्त्रो मे दूत का वध निषिद्ध बताया गया है। विभीषण भी राक्षसराज को दूतनीति विषयक उपदेश देते हुए कहते हैं कि हे राजन्! सत्पुरुषो का कथन है कि दूत कही किसी समय भी वध के योग्य नही होते हैं। उनके लिए तो ये दण्ड उचित बताये गये हैं—किसी अग को विकृत कर देना, कोड़े से पिटवाना, सिर मुडवा देना तथा शरीर मे कोई चिन्ह दाग देना, कि तु दूत के लिए वध रूपी दण्ड मेरे द्वारा नही सुना गया है।[१७] उनके द्वारा बताये गये इस प्रकार

---

१६ अस्त्रेणापि हि बद्धस्य भय मम न जायते।
पितामहमहेन्द्राभ्या रक्षितस्यानिलेन च॥
ग्रहणे चापि रक्षाभिर्महन्मे गुणदर्शनम्।
राक्षसेन्द्रेण सवादस्तस्माद् गृह णन्तु मा परे॥
कौतूहलान्मा यदि राक्षसेन्द्रो द्रष्टु व्यवस्येदिति निश्चितार्थ॥
वही, ४८/४३-४४ तथा ४७ का उत्तरार्ध

१७ दूता न वध्या समयेषु राजन्
सर्वेषु सर्वत्र वदन्ति सन्त॥
वैरूप्यमगेषु कशाभिघातो
मौण्ड्य तथा लक्षणसन्निपात।
एतान् हि दूते प्रवदन्ति दण्डान्
वधस्तु दूतस्य न न श्रुतोऽस्ति॥
—वही, ५२/१३ का उत्तरार्ध तथा १५

के उपायो को सुनकर रावण हनुमान् जी की पूंछ मे आग लगाने का आदेश दे देता है। उनकी पूंछ मे आग लगाकर नगर मे घुमाने के लिए जब राक्षस उद्यत होते हैं तब सामर्थ्यवान हनुमान् जी उन राक्षसो के बन्धन से यद्यपि मुक्त हो सकते थे लेकिन नही हुए, क्योकि उनका राजनैतिक उद्देश्य कुछ दूसरा ही था और वह यह कि लका मे प्रवेश करते समय रात्रि का समय होने के कारण वह केवल दुर्ग रचना की विधि पर दृष्टि रखे रहे थे। अत वह लका का भली भाति अवलोकन नही कर पाये थे, किन्तु अब इस समय सम्पूर्ण लका मे विचरने एव उसको देखने का उनको सुअवसर प्राप्त हुआ दिखाई दे रहा था।[१८] श्रेष्ठ दूत तो वही है जो देश-काल का ज्ञान रखते हुए कार्य करे। वर्तमान मे कार्य करते हुए भविष्य मे होने वाले तत्सम्बन्धित कार्यों को पूर्ण करता चले। इसी प्रकार से अपने स्वामी के कार्य को करते हुए हनुमान् जी राजनीति के क्षेत्र मे अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन करते हैं। यह सब कार्य वह इसी दृष्टि से करते हैं कि युद्ध का अवसर उपस्थित होने पर दुर्ग प्रवेश मे सुविधा हो एव शत्रुपक्ष की ओर से स्वपक्ष को बचाने मे सुगमता हो।

दुर्ग रचना एव भीतरी सैन्य व्यूह रचना की स्थिति से अवगत होने के अनन्तर शेष कार्य सम्पादन के विषय मे हनुमान् जी विचार करते हैं कि इस लकापुरी मे मेरे करने योग्य कौन सा कार्य शेष है जिससे शत्रुपक्ष अत्यधिक सन्तप्त एव शक्तिहीन हो जाय। समस्त शत्रुओ को सन्ताप देने के लिए मेरे द्वारा प्रमदावन के विध्वस के साथ रावण की सेना के एक अश का सहार तो पहले ही हो चुका है। अब इसकी शक्ति एव मनोबल को क्षीण करने के लिए दुर्ग का विध्वस करना आवश्यक प्रतीत होता है, क्योकि इस दुर्ग विनाश के द्वारा ही समुद्र लाँघने के लिए तथा सीता जी की खोज के लिए किया गया मेरा परिश्रम पूर्णतया सफल माना जायगा।[१९] स्पष्ट है कि

---

१८ लका चारयितव्या मे पुनरेव भवेदिति।
रात्रौ नहि सुदृष्टा मे दुर्गकर्मविधानत ॥
अवश्यमेव द्रष्टव्या मया लका निशाक्षये।
—वही, ५३।१४ तथा १५ का पूर्वार्ध।

१९ वन तावत्प्रमथित प्रकृष्टा राक्षसा हता।
बलैकदेश क्षपित शेष दुर्गविनाशनम् ॥

हनुमान् जी ने एक कुशल गुप्तचर एवं दूत के रूप में कार्यों का निर्वाह करके अपनी राजनीतिक परिपक्वता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मंत्री परिषद् में रहते हुए जहाँ हनुमान् जी अपने राजनैतिक उपदेशों द्वारा स्वपक्ष को लाभान्वित करते हैं तथा गुप्तचर एवं दूत के रूप में कार्य करते हुए स्वयं को राजनीति का ज्ञाता घोषित करते हैं, वहीं दूसरी ओर अपने युद्धनीति विषयक उपदेशों एवं क्रियाकलापों द्वारा वह यह सिद्ध कर देते हैं कि राजनीति का कोई पहलू ऐसा नहीं जिसमें वह सिद्धहस्त न हों। हनुमान् जी ने लंका से वापस लौटने के वक्त अपने साथ लंकापुरी की दुर्ग रचना, विस्तार, रावण की सेना का परिमाण, लंका की सुरक्षा का प्रबंध एवं राक्षसों के भवनों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की सूचनाएं लाकर शत्रु की शक्ति को प्रत्येक दृष्टिकोण से समझ लिया है। वहाँ की प्रत्येक स्थिति से अवगत होकर उन्होंने श्री राम एवं वानर सेना के लिए युद्ध की योजना को सरल बना दिया तथा वहाँ पहुँचने के मार्ग को भी सुगम बना दिया। यही कारण है कि श्री राम के द्वारा पूछे जाने पर हर तरह की जानकारी देते हुए वह लंका दुर्ग की स्थिति को बताते हुए कहते हैं कि उस लंकापुरी में बहुत ही लम्बे तथा चौड़े चार दरवाजे हैं तथा मजबूत किवाड़ों में मोटी-मोटी अगलाएँ हैं। उन दरवाजों पर ऐसे विशाल एवं प्रबल यन्त्र 'फिट' किये गए हैं जिनके द्वारा तीर और पत्थरों के गोले बरसाकर शत्रुसेना को बढ़ने से रोका जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन चारों दरवाजों के सामने बड़े-बड़े यन्त्रों से युक्त अत्यन्त विस्तृत खाइयाँ एवं मचानों के रूप में चार लकड़ी के पुल स्थित हैं।[२०]

दुर्गे विनाशिते कर्म भवेत् सुखपरिश्रमम्।
अल्पयत्नेन कार्येऽस्मिन् मम स्यात् सफलः श्रमः॥

—वही, ५४१२-४

२० दृढबद्धकपाटानि महापरिघवन्ति च।
चत्वारि विपुलान्यस्या द्वाराणि सुमहान्ति च॥
तत्रेषूपलयन्त्राणि बलवन्ति महान्ति च।
आगतं प्रतिसैन्यं तैस्तत्र प्रतिनिवार्यते॥
द्वारेषु तासां चत्वारः संक्रमाः परमायताः।
यन्त्रैरुपेता बहुभिर्महद्भिर्गृहपङ्क्तिभिः॥

इस तरह शत्रुपक्ष की गतिविधियों की जानकारी देकर स्वकृत कार्यों का उल्लेख करते हुए हनुमान् जी श्री राम जी को बताते हैं कि मैंने उस लकापुरी के 'सक्रमो' अर्थात् पुलो को तोड डाला है, खाइयो को पाट दिया है तथा परकोटो को धराशायी करके लकानगरी को दग्ध कर दिया है। इसके अतिरिक्त सेना के भी एक चौथाई भाग को नष्ट कर दिया है।[21] यहाँ अपने द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख करने का उद्देश्य हनुमान् जी का केवल इतना ही है कि लकापुरी जो सब प्रकार से अभेद्य है तथा जिसके चारो ओर राक्षसो का पहरा है, अत जिसमे प्रवेश करना कठिन ही नही असम्भव भी है, किन्तु उसको सम्भव बनाने के लिए और अपने पक्ष का मार्ग सुगम बनाने के लिए वह उपर्युक्त प्रकार की युद्धनीति का आश्रय ले चुके हैं।

